राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 341
लखनऊ, बुधवार 12 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नोडल अफ़सर बनकर ठग ने आंगनबाड़ी को लगाया चूना 10

राहुल गांधी को सुनाई नहीं पड़ रही झारखंड के छात्रों की चीखः ब्रजेश 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,53,970/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,150/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,520/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल क्रिकेटर अभिषेक पोरेल दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटर और बंगाल के विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को मेडिकल छात्रा की शिकायत पर दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। महिला ने आरोप लगाया है कि शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए और बाद में शादी से इनकार कर दिया गया। मामला 23 जून को दर्ज हुआ था और कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पोरेल आरोपों को झूठा बता चुके हैं।

### लापता व्यक्ति की तुरंत दर्ज हो एफआईआरः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि किसी भी व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिलते ही बिना 24 घंटे इंतजार किए एफआईआर दर्ज की जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि आदेश सभी उम्र और लिंग के लोगों पर लागू होगा। मानव तस्करी की आशंका होने पर भी पुलिस को तत्काल कार्रवाई करनी होगी। आदेश की अनदेखी पर संबंधित मुख्य सचिव और डीजीपी को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होना पड़ सकता है।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में फिर रामपुर अव्वल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जुलाई की रैंकिंग में रामपुर ने 9.58 अंक के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। शाहजहांपुर 9.43 अंक के साथ दूसरे और बरेली 9.40 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, फीडबैक और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का रामपुर को लाभ मिला। अंबेडकरनगर चौथे और मैनपुरी पांचवें स्थान पर रहे।

### घरेलू कलह में मां ने दो बच्चों संग कुएं में लगाई छलांग

**महोबा।** मध्य प्रदेश के प्रकाश बम्होरी गांव में 22 वर्षीय महिला भगवती ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। हादसे में महिला और उसके दो वर्षीय बेटी लक्ष्मी व एक वर्षीय बेटे ऋतिक की मौत हो गई। दोनों बच्चों को जीवित समझकर महोबा जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे घरेलू कलह की आशंका जताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संसद परिसर में पहली बार दिखा असामान्य राजनीतिक दृश्य

# विपक्ष का सदन में हंगामा सत्ता पक्ष भी सड़क पर

- एनडीए-कांग्रेस सांसद आमने-सामने
- राहुल के झारखंड न जाने पर भिड़े
- प्रियंका बोलीं- वे छात्रों से मिल चुके हैं

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

मंगलवार को संसद परिसर में पहली बार दिखा असामान्य राजनीतिक दृश्य। विपक्ष सरकार के खिलाफ और सत्ता पक्ष विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन करता नजर आया। एनडीए सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन और मार्च किया।सांसद हाथों में पोस्टर लेकर मकर द्वार की ओर पहुंचे और राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाए।

एनडीए के प्रदर्शन का केंद्र झारखंड में छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई और राहुल गांधी की भूमिका रही। उधर, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने पहली बार सत्ता पक्ष के सांसदों को विपक्ष की तरह प्रदर्शन करते देखा। संसद के भीतर दोनों पक्षों के हंगामे के कारण कार्यवाही लगातार बाधित हुई। मानसून सत्र के आखिरी दौर में संसद के भीतर और बाहर राजनीतिक टकराव और तेज हो गया है। एनडीए और विपक्षी सांसद आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया। एनडीए सांसदों ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग की।

संसद परिसर में यह टकराव उस समय और दिलचस्प हो गया, जब भाजपा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा संसद पहुंचीं।

भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने राहुल गांधी के झारखंड नहीं जाने को लेकर सवाल उठाया और पूछा कि वे प्रदर्शनकारी छात्रों से मिलने क्यों नहीं गए। प्रियंका गांधी उनके पास पहुंचीं और मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि राहुल झारखंड गए थे और छात्रों से मिल चुके हैं। इसके बाद संसद परिसर में दोनों पक्षों के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप जारी रहे




मंगलवार को संसद परिसर के बाहर प्रदर्शन करते एनडीए के सांसद।

**विपक्ष का मुद्दा**

- जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई पर गृह मंत्री से सदन के भीतर जवाब चाहिए।
- राहुल गांधी ने कहा, छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का आदेश किसने दिया था?
- सपा राम मंदिर चढ़ावा मामले पर भी सरकार का पक्ष जानना चाहती है।
- आरोप है कि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाब देने से बच रही है।

**सरकार का जवाब**

- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा था कि गृह मंत्री चर्चा के लिए तैयार हैं।
- उन्होंने गृह मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की।
- आठवले ने भी कहा, अमित शाह चर्चा के लिए तैयार हैं। विपक्ष सदन चलने दे।
- धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, विपक्ष संसद में आना नहीं चाहता और जवाब सुनना नहीं चाहता।

## गांजा पीकर विमान उड़ा रहा था एयर इंडिया का पायलट

**फुकेट विमान हादसा**

- दूसरे टेस्ट में हुई पुष्टि सीट से गायब होने का भी अंदेशा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

एयर इंडिया के एक पायलट पर विमान उड़ाने से पहले गांजा (कैनबिस) का सेवन करने का गंभीर आरोप सामने आया है। जांच के दौरान पायलट के शरीर में गांजे के सेवन की पुष्टि हुई है। मामला सामने आने के बाद विमानन सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

4 अगस्त को एयर इंडिया की फुकेट से दिल्ली आ रही उड़ान एआई2379 के साथ उड़ान के दौरान अचानक करीब 300 फीट की ऊंचाई कम हो गई। विमान उस समय ओडिशा के ऊपर उड़ रहा था और घटना में कई यात्री व चालक दल के सदस्य घायल हुए।

विमान कुछ ही समय बाद स्थिर हो गया और सुरक्षित दिल्ली में उतरा। इस घटना की जांच के दौरान विमान के पायलट का नशीले पदार्थों का परीक्षण कराया गया, जिसके बाद गांजे की पुष्टि होने की खबर सामने आई।

रिपोर्ट के अनुसार, पायलट का पहले परीक्षण किया गया था, जिसके बाद दोबारा जांच कराई गई। दूसरे टेस्ट में भी गांजे के सेवन की पुष्टि हुई। इससे पायलट के ड्यूटी के दौरान नशे में होने की आशंका गहरा गई है।

मामले में सबसे गंभीर चिंता यह है कि यदि कोई पायलट नशीले पदार्थ के प्रभाव में विमान उड़ाता है तो इससे विमान में सवार यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। पायलट के ड्यूटी से जुड़े व्यवहार और उसकी गतिविधियों को लेकर भी जांच की जा रही है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि पायलट के विमान में अपनी सीट से गायब होने की आशंका जताई गई थी। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक जांच और एयर इंडिया की ओर से सामने आने वाली जानकारी से ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी। मामले ने विमानन क्षेत्र में नशामुक्ति और पायलटों की नियमित जांच की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### इंडिगो की लैंडिंग के समय रनवे के पास पलटा डंपर

- 154 यात्रियों की जान पर बनी

**समृद्धि न्यूज़, वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, बाबतपुर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब रनवे के पास निर्माण कार्य में लगा डंपर पलट गया। इसी दौरान दिल्ली से वाराणसी आ रही इंडिगो की उड़ान लैंडिंग के करीब थी। विमान में 154 यात्री सवार थे। रनवे की स्थिति को देखते हुए पायलट ने लैंडिंग टालते हुए विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। बाद में विमान को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। रिपोर्टों के अनुसार, इंडिगो की उड़ान 6ई5025 वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरने वाली थी। इसी दौरान रनवे के पास डंपर पलटने और मलबा आने की स्थिति बनी। खतरे को देखते हुए पायलट ने विमान को रनवे पर पूरी तरह उतारने के बजाय टच एंड गो किया और सुरक्षित रूप से दोबारा उड़ान भर ली। विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

घटना के बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने एहतियातन रनवे को विमानों के संचालन के लिए बंद कर दिया। रनवे की जांच कर मलबा हटाया गया और आवश्यक सफाई व रखरखाव का काम कराया गया। इस वजह से करीब दो घंटे तक विमान परिचालन प्रभावित रहा।

## अमेरिका में वॉटर वॉर, 7 राज्यों के जल सिस्टम पर साइबर हमला

- ईरानी हैकरों पर शक ट्रंप ने जताया संदेह

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**

अमेरिका में पानी की सप्लाई से जुड़े सिस्टम पर हुए साइबर हमलों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। कम से कम सात राज्यों में जल और अपशिष्ट जल प्रणालियों को निशाना बनाए जाने की जानकारी सामने आई है। हमलावरों ने इंटरनेट से जुड़े उन उपकरणों तक पहुंच बनाने की कोशिश की, जो पानी के पंप, दबाव और अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते हैं। कई जगहों पर संचालन प्रभावित हुआ, हालांकि अब तक व्यापक स्तर पर पेयजल के असुरक्षित होने की पुष्टि नहीं हुई है। मिनेसोटा में जुलाई के आखिर में 30 से अधिक नगरपालिकाओं के जल सिस्टम पर एक समन्वित साइबर



हमले का पता चला। इसके बाद अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने जल और अपशिष्ट जल प्रणालियों को निशाना बनाने वाले साइबर हमलों को लेकर चेतावनी जारी की। संघीय अधिकारियों के मुताबिक, इसी तरह की गतिविधियां कई अन्य राज्यों में भी सामने आई हैं।

अमेरिकी जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या इन हमलों के पीछे ईरान से जुड़े साइबर समूह हैं। अमेरिकी अधिकारियों का शुरुआती आकलन ईरान से जुड़े हैकरों की ओर इशारा करता है।

## अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा इसे कोई बदल नहीं सकताः भारत

- चीन को दिया अल्टीमेटम कहा-नाम बदलने से सच्चाई नहीं बदलेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने एक बार फिर चीन को स्पष्ट संदेश दिया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के नाम बदलने की कोशिशों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि नाम बदलने से जमीनी सच्चाई नहीं बदली जा सकती।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा तथ्य है जो पहले से ही स्पष्ट है और इस निर्विवाद सच्चाई को कोई नहीं बदल सकता। भारत-चीन संबंधों और सीमा विवाद पर बात करते हुए जायसवाल ने कहा कि भारत ने चीन के साथ बातचीत में हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि सीमा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों के हित में है।

उन्होंने कहा कि सीमा पर स्थिति का असर भारत और चीन के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ता है। हाल ही में सीमा मामलों पर हुई कार्यकारी तंत्र की 36वीं बैठक में भी भारत ने यही रुख दोहराया था। बैठक में दोनों पक्षों ने खुले तौर पर बातचीत की और वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के आसपास की स्थिति की समीक्षा की।

चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए चीनी नाम जारी करता रहा है।

## हेमंत सरकार ने रद्द की जेपीएससी परीक्षा

- आंदोलनरत छात्रों की मांगों के बीच एलान

**एजेंसी, रांची।**

झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा में बड़ा एलान किया। मुख्यमंत्री ने 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) समेत वर्ष 2023 और 2025 में जेपीएससी की ओर से आयोजित कई परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की है। साथ ही कुछ अन्य परीक्षाओं की जांच कराने की बात कही है।

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) के अलावा वर्ष 2023 और 2025 में जेपीएससी की ओर से आयोजित परीक्षाओं को रद्द किया जाएगा। इसके साथ ही 11वीं और 13वीं जेपीएससी परीक्षा, एफआरओ, एपीपी और टीडीपीएल से संबंधित परीक्षाओं की भी जांच कराई जाएगी।

टीडीपीएल द्वारा जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का आयोजन किए जाने के कारण जेएसएससी सीजीएल भी जांच के दायरे में आ गई है। सरकार के इस फैसले को प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की व्यापक जांच की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है। सरकार परीक्षा संचालन और व्यवस्था में सुधार के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक और प्रबंधन संस्थानों के विशेषज्ञों से भी सलाह ली जाएगी। आईआईटी, आईआईएम और एक्सएलआरआई समेत प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श कर परीक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी को लेकर झारखंड में छात्र लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं।



## पीएम आवास योजना का लाभ अब शहरी गरीबों को भी

- 1.25 करोड़ से ज्यादा घर मंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब शहरी गरीब परिवारों को भी पक्के घर का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) और इसके दूसरे चरण पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत देशभर में 1.25 करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी दी जा चुकी है। इनमें से एक करोड़ से ज्यादा मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है और उन्हें लाभार्थियों को सौंपा जा चुका है।

पीएमएवाई-यू 2.0 का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्रों के पात्र आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के



परिवारों की आवास जरूरतों को पूरा करना है। योजना के तहत अतिरिक्त एक करोड़ पात्र शहरी परिवारों को आवास सुविधा देने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के लाभार्थी-नेतृत्व निर्माण (बीएलसी) के तहत पात्र परिवारों को अपनी जमीन पर पक्का मकान बनाने के लिए 2.5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अलावा साझेदारी में किफायती आवास, ब्याज सब्सिडी और किफायती किराये के आवास जैसी सुविधाएं भी योजना में शामिल हैं।

**यूपी की उपलब्धि**

### जेम पर अपने उत्तर प्रदेश की बड़ी सफलता, एक लाख करोड़ से ज्यादा की खरीद

# देश में अव्वल राज्य को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

**विशेष संवाददाता, लखनऊ।**

सरकारी खरीद के डिजिटल मंच गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर उत्तर प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2017 में जेम की शुरुआत के बाद से उत्तर प्रदेश ने इस मंच के जरिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की खरीद कर ली है। देश के सभी राज्यों द्वारा जेम के माध्यम से की गई कुल खरीद में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रदेश को जेम के 10वें स्थापना दिवस पर एक साथ तीन राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

नई दिल्ली के भारत मंडपम में 10 अगस्त को आयोजित जेम के 10वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश को 'जेम ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड', 'हाईएस्ट जीएमवी सिंस इनसेप्शन' और 'बेस्ट आउटरीच इनिशिएटिव्स



फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग' पुरस्कार प्रदान किए। उत्तर प्रदेश की ओर से प्रमुख सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, शशिभूषण लाल सुशील ने ये पुरस्कार ग्रहण किए।

तीनों पुरस्कार जेम पर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में किए गए बेहतर प्रदर्शन को दर्शाते हैं। 'जेम ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड' उत्तर प्रदेश के समग्र प्रदर्शन के लिए दिया गया है। 'हाईएस्ट जीएमवी सिंस इनसेप्शन' पुरस्कार जेम की शुरुआत से अब तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की खरीद के लिए मिला है। वहीं 'बेस्ट आउटरीच इनिशिएटिव्स फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग' पुरस्कार जेम के बारे में जागरूकता बढ़ाने, प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने और सरकारी विभागों, अधिकारियों तथा कारोबारियों को इस डिजिटल मंच से जोड़ने के प्रयासों के लिए दिया गया। प्रमुख सचिव शशिभूषण लाल सुशील ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जेम पर उत्तर प्रदेश की खरीद लगातार बढ़ी है।

इसका लाभ केवल सरकारी विभागों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रदेश के कारोबारियों, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों को भी मिला है। जेम के माध्यम से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों, महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उद्यमों और स्टार्टअप्स को सरकारी खरीद में भाग लेने के अवसर मिले हैं।

उन्होंने कहा कि पहले छोटे कारोबारियों के लिए सरकारी बाजार तक पहुंच बनाना चुनौतीपूर्ण होता था, लेकिन जेम ने इस प्रक्रिया को काफी आसान बनाया है। कारोबारी अपने उत्पाद और सेवाएं सीधे सरकारी संस्थाओं के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे छोटे उद्यमियों को बड़े सरकारी बाजार में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिला है।

जेम के माध्यम से खरीद प्रक्रिया में भी पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। सरकारी विभागों को एक ही डिजिटल मंच पर विभिन्न विक्रेताओं और उत्पादों के विकल्प मिलते हैं। इससे खरीद के दौरान अधिक विकल्प उपलब्ध होते हैं और विक्रेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। दूसरी ओर कारोबारियों के लिए भी सरकारी संस्थाओं तक पहुंच का एक समान मंच तैयार हुआ है।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जेम के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों, विभागों और कारोबारियों के बीच प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सरकारी खरीद की डिजिटल प्रक्रिया को समझाना और अधिक से अधिक संभावित विक्रेताओं को जेम से जोड़ना रहा है। इसी प्रयास के लिए प्रदेश को 'बेस्ट आउटरीच इनिशिएटिव्स फॉर कैपेसिटी बिल्डिंग' पुरस्कार मिला।

# बाढ़ राहत के लिए लगायी जा रही चौपालें

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के निर्देशन में राहत एवं बचाव दलों द्वारा बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील ग्रामों में लगातार बाढ़ राहत चौपालों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों को बाढ़ आपदा समेत अन्य आपदाओं से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों, बचाव के उपायों आदि के बारे में जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को तहसील बलरामपुर अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम गैंजहवा, डकही, मदारा व दुल्हा बल्लीपुर में फ्लड पीएसी 30वीं वाहिनीं गोण्डा द्वारा तथा तहसील तुलसीपुर के ग्राम थारूअवा व मिश्रवलिया में एसडीआरफ द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को बाढ़ आपदा से निपटने के लिए क्या करें-क्या न करें एवं अन्य सावधानियों तथा तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया गया है। राहत चौपाल में ग्रामीणों को बताया



गया कि जिला प्रशासन एंव मौसम विभाग द्वारा एलर्ट प्राप्त होने पर बाढ़ आने से पहले अपने जरूरी सामान तैयार रखें जिसमें सूखा राशन, पीने का पानी, दवाएं, टॉर्च, बैटरी, जरूरी कागज प्लास्टिक में बंद करके ऊंची जगह पर रखें। घर की सुरक्षा के लिए बिजली का मेन स्विच, गैस सिलेंडर बंद कर देना चाहिए। अपने कीमती सामान व मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करना चाहिए। रेडियो, टीवी व प्रशासनिक सूचना पर नजर रखें और अफवाहों पर ध्यान न हीं देना चाहिए। परिवार के सभी सदस्यों के पास जिला कंट्रोल रूम, स्टेट हेल्प लाइन के नंबर जरूर रहें।

बाढ़ के दौरान सुरक्षित स्थान पर जाएं एवं प्रशासन द्वारा चिन्हित राहत शिविर या ऊंचे स्थान पर शरण लेना चाहिए। बिजली के उपकरण बंद कर दें ताकि शॉर्ट सर्किट का खतरा न रहे। बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें और बाढ़ की स्थिति में पहले उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं। प्रशिक्षण में एसडीआरएफ उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, फ्लड पीएसी कम्पनी मेजर कमला प्रसाद व सम्बन्धित ग्रामों के ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्रामीण व अन्य उपस्थित रहे।

## डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा का किया औचक निरीक्षण

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, लेबर रूम, दवा स्टोर सहित स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को दिए। जिलाधिकारी ने ओपीडी एवं वार्ड का निरीक्षण करते हुए मरीजों के उपचार की व्यवस्था की जानकारी ली।

# उतरौला में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।**

उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र उतरौला के मंडल उतरौला देहात द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने सहभागिता की। हाथों में शान से लहराते तिरंगे और 'भारत माता की जय' एवं 'वंदे मातरम्' के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्र की एकता, अखंडता,संप्रभुता और गौरव के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा देश के स्वाभिमान, शौर्य, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। देश की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए



अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले असंख्य वीर सपूतों के त्याग और बलिदान की स्मृति तिरंगे से जुड़ी है। यात्रा में क्षेत्रवासियों का उत्साह और सहभागिता 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को और मजबूत करने वाली रही। तिरंगा यात्रा में जिला महामंत्री महेंद्र पाण्डेय,जिला उपाध्यक्ष वंदना पासवान,मंडल अध्यक्ष मेलाराम वर्मा, विधानसभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख महिपाल चौधरी, प्रधान अमरनाथ वर्मा, प्राचार्य डॉ.पवन नंदा, निवर्तमान अध्यक्ष राम संजीवन तिवारी, मंडल अध्यक्ष ब्रह्मानंद मौर्य, प्राचार्य एच.डी. वर्मा, भाजपा नेता राम आशीष वर्मा, विकास गुप्ता, कृष्ण कुमार,प्रधान अमित मिश्रा, दुर्गा वर्मा एवं मंशाराम यादव सहित बड़ी संख्या में सम्मानित क्षेत्रवासी, भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चार देसी जायकों को मिलेगी नई पहचान, कारोबार को भी लगेगा पंख

**अम्बेडकरनगर।** जिले के पारंपरिक स्वाद अब सिर्फ स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं रहेंगे। बालूशाही, चाट, खजला और लाल गन्ने की गोटी को 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना में शामिल किए जाने के बाद इन देसी व्यंजनों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार विस्तार की राह खुल गई है। मंगलवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यशाला में उद्यमियों को योजना की बारीकियों, वित्तीय सहायता और खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना के तहत उत्पादन, सेवा और व्यापार श्रेणी के पात्र उद्यमियों एवं इकाइयों को नियमानुसार वित्तीय सहायता दी जाएगी। 25 लाख रुपये तक की परियोजना लागत पर अधिकतम 25 प्रतिशत, 25 से 50 लाख रुपये तक 20 प्रतिशत तथा 50 लाख से पांच करोड़ रुपये तक की परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 लाख रुपये, जो भी कम हो, अनुदान का प्राविधान है।

### वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

**बहराइच।** पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बना तेंदुआ मंगलवार की सुबह में पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई में जुटी है। तेंदुआ कई दिनों से इलाके में घूम रहा था और कई बार मवेशियों पर हमला कर चुका था। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। शाम होते ही लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे थे। बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी परिवार चिंतित थे। यह पूरा मामला मोतीपुर थाना क्षेत्र का है। दौलतपुर ग्राम सभा की नई बस्ती निवासी ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग ने इलाके में निगरानी बढ़ाई और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। वन्यजीव रक्षक बलसिंहपुर दीपक कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम की ओर से लगाए गए पिंजरे में मंगलवार सुबह करीब 4 बजे तेंदुआ फंस गया।

### सड़क पर 2 मिनट तक बैठा रहा मगरमच्छ

**बहराइच।** सुजौली थाना क्षेत्र में चौधरी चरण सिंह कैलाशपुरी बैराज के पास मुख्य मार्ग पर अचानक मगरमच्छ आ जाने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ करीब दो मिनट तक सड़क पर ही मौजूद रहा। सुजौली पीएचसी से 108 एंबुलेंस मरीज को सीएचसी छोड़कर लौट रही थी। बैराज से आगे निकलते ही एंबुलेंस के सामने अचानक सड़क पर मगरमच्छ दिखाई दिया। ड्राइवर ने एंबुलेंस रोक दिया। मगरमच्छ कुछ देर तक सड़क पर ही रहा, जिसके बाद वह वहां से चला गया। एंबुलेंस में तैनात ईएमटी मनमोहन, गया प्रसाद और सौरभ ने बताया कि मगरमच्छ काफी देर तक सड़क पर रुका रहा। इस दौरान एंबुलेंस को भी रुकना पड़ा।

### खजुरी से बिरौली तक निकली तिरंगा यात्रा

**रामसनेहीघाट/बाराबंकी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को विधानसभा दरियाबाद के दरियाबाद पश्चिमी मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। खजुरी चौराहे से शुरू हुई यात्रा बिरौली तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, युवा और कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से माहौल राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने तक सीमित नहीं है। यह अभियान देश की एकता, अखंडता और नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश के गौरव, त्याग और एकजुटता का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को इसके सम्मान के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### रामसनेहीघाट बार एसोसिएशन चुनाव का बिगुल: 21 अगस्त को मतदान

**रामसनेहीघाट/बाराबंकी।** लंबे इंतजार के बाद रामसनेहीघाट तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद एल्डर कमेटी ने मंगलवार को निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया। अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए 17 और 18 अगस्त को नामांकन होंगे। 21 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू कर परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम सामने आते ही तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के बीच चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशियों ने साथी अधिवक्ताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। समर्थकों के साथ बैठकें और चुनावी रणनीति को लेकर चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 17 व 18 अगस्त को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 19 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच के साथ आपत्तियां ली जाएंगी और इसी दिन नाम वापसी की प्रक्रिया भी पूरी होगी। 20 अगस्त को चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके अगले दिन यानी 21 अगस्त को मतदान होगा। बार एसोसिएशन की मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल 24 मार्च 2026 को समाप्त हो गया था। इसके बाद निर्धारित समय पर चुनाव नहीं होने को लेकर अधिवक्ता राजेश पांडे ने उच्च न्यायालय में चुनाव कराने की मांग की थी। मामले में न्यायालय ने एल्डर कमेटी गठित कर निर्वाचन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने और चुनाव कार्यक्रम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। कमेटी की ओर से प्रस्तावित कार्यक्रम न्यायालय के समक्ष रखा गया, जिसके बाद अब चुनाव की तिथियों की औपचारिक घोषणा कर दी गई है।

# रिसिया कस्बे में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

▸ भाजपा जिलाध्यक्ष और छात्रों ने लगाए भारत माता के जयकारे

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**



रिसिया कस्बे में मंगलवार को 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करन वीर सिंह ने किया। इसमें सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और छात्र शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में दोपहर को ब्लाक परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल, राजेश निगम, डॉ. राजू निगम और श्रवण मित्तल ने जिलाध्यक्ष पाण्डेय और करन वीर सिंह का माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। यह तिरंगा यात्रा ब्लाक परिसर से शुरू होकर आजाद नगर, इंदिरा नगर, स्टेशन चौराहा, सरस्वती नगर, नानकपुरा, मोहम्मद नगर, गायत्री नगर और राजेंद्र नगर से होते हुए डिग्री कॉलेज पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान छात्र देशभक्ति के गीतों पर थिरकते हुए 'भारत माता की जय' के नारे लगा रहे थे। पार्टी कार्यकर्ता और छात्र सम्मान के साथ हाथों में तिरंगा झंडा लेकर चल रहे थे, जिससे पूरे कस्बे में देशभक्ति का माहौल बन गया।इस अवसर पर कृष्ण कुमार अग्रहरि, कमलेश आर्य, अरविंद गुप्ता, कुश शुक्ला, बृजेश निषाद, जिलाजीत तिवारी, जीतेंद्र गुप्ता, संदीप वैश्य शनि, गोविंद गोयल, रमा शंकर सिंह, संजय त्रिपाठी, राम राज वर्मा, हलीम अहमद, धर्मवीर वर्मा और रूपेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट से शिवबाबा धाम तक गूंजेगा तिरंगे का जयघोष

▸ 'हर घर तिरंगा-हर दिल तिरंगा' का दिया जाएगा संदेश

**समृद्धि न्यूज़, अम्बेडकरनगर।**

आजादी के पर्व से पहले अम्बेडकरनगर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगने जा रहा है। 13 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी ईशा प्रिया के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कलेक्ट्रेट से शुरू होकर यात्रा शिवबाबा धाम तक पहुंचेगी। यात्रा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, युवाओं और बड़ी संख्या में आम नागरिकों के शामिल होने की उम्मीद है। हाथों में तिरंगा और दिल में देशभक्ति के जज्बे के साथ निकलने वाली इस यात्रा के जरिए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। प्रशासन का भी उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और राष्ट्रनिर्माताओं के योगदान को याद करते हुए नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को और मजबूत करना है। तिरंगा यात्रा के दौरान नागरिकों से 'हर घर तिरंगा-हर दिल तिरंगा' की भावना को आत्मसात करने और राष्ट्रध्वज का सम्मान करने का आह्वान किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। जिला प्रशासन के अनुसार यात्रा का उद्देश्य केवल तिरंगा लेकर चलना नहीं, बल्कि देश की एकता और अखंडता के प्रति नागरिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। यात्रा में युवाओं की सहभागिता को विशेष महत्व दिया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी स्वतंत्रता के संघर्ष और राष्ट्रीय मूल्यों से जुड़ सके।

## गन्ने के खेत में मिले गौवंश के अवशेष, ग्रामीणों में आक्रोश

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** नानपारा क्षेत्र में गौवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। जुमईपुरवा गांव में मंगलवार सुबह गन्ने के खेत में ये अवशेष पाए गए, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और घटना पर नाराजगी व्यक्त की। पुलिस ने सूचना मिलते ही जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे की है। तीरथ राम वर्मा अपने पुत्र राम सुहावन वर्मा के गन्ने के खेत पर पहुंचे थे, तभी उन्हें खेत में गौवंश के अवशेष दिखाई दिए। उन्होंने तत्काल ग्रामीणों और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही हल्का दरोगा सौरभ पाण्डेय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई और जांच प्रक्रिया शुरू की। ग्रामीणों ने घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि कुछ माह पूर्व भी इसी क्षेत्र में ऐसी ही घटना सामने आई थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि पिछली घटना में प्रभावी कार्रवाई और सतर्क निगरानी की गई होती, तो ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं होती। वे दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि गौवंश के अवशेष खेत तक कैसे पहुंचे और इस घटना के पीछे कौन लोग शामिल हैं। नानपारा कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने निकाली तिरंगा यात्रा



▸ स्कूली बच्चों के साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान को दिया बढ़ावा

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

जिले के सुजौली थाना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा से सटे बर्दिया गांव में मंगलवार दोपहर एसएसबी 70वीं वाहिनी के जवानों ने स्कूली बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान का हिस्सा थी। एसएसबी 70वीं वाहिनी के कमांडेंट राजन कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर बीओपी रमपुरवा-79 ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। यात्रा का नेतृत्व इंस्पेक्टर उपेंद्र मिश्रा ने किया। संविलियन विद्यालय बर्दिया से शुरू हुई इस यात्रा में स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।तिरंगा यात्रा बर्दिया गांव की प्रमुख गलियों से गुजरी। इस दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'हर घर तिरंगा' जैसे देशभक्ति के नारे लगाए गए।

# जिले में 535 वाहनों का चालान, एक सीज

▸ यातायात नियमों के उल्लंघन पर 6.87 लाख का जुर्माना

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने 535 वाहनों का चालान किया और नियमों का उल्लंघन करने पर 6.87 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह और क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक यातायात रामप्रकाश और उनकी टीम ने सुबह से देर रात तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की गहन जांच की।अभियान के तहत बस, चार पहिया, तीन पहिया और दो पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की



गई। यातायात पुलिस और नागरिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुल 535 वाहनों का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त, एक वाहन को सीज भी किया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन पर विशेष कार्रवाई करते हुए दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले 54 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले 10 चालकों और शराब पीकर वाहन चलाने वाले एक चालक पर भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों को हटवाकर भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र अलीजान व उसकी पत्नी रूमा को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

कलीमुल पत्नी जान मोहम्मद व जान मोहम्मद पुत्र बरसाती
ग्राम गुरसेल पोस्ट साढ़ेमऊ,
तहसील फतेहपुर, जिला-बाराबंकी।
हाल पता-काजीपुर वार्ड नं0 3 कस्बा व थाना फतेहपुर, जिला-बाराबंकी

# आईजीआरएस संदर्भों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम सख्त

▸ 12 अधिकारियों का वेतन बाधित

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस/जनसुनवाई पोर्टल) के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों एवं संदर्भों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। 07 अगस्त 2026 की स्थिति में डिफाल्टर एवं 11 अगस्त को डिफाल्टर होने वाले कुल 59 संदर्भ विभिन्न विभागों के अधिकारियों के स्तर पर लंबित पाए गए। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित 12 अधिकारियों का एक दिवस का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए हैं।शासन



की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल आईजीआरएस के अंतर्गत प्राप्त जनशिकायतों एवं संदर्भों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाना है। इसके लिए अधिकारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाते रहे हैं। इसके बावजूद समीक्षा में निर्धारित अवधि में संदर्भों का निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है।

**कृषि विभाग के सर्वाधिक 23 संदर्भ लंबित**

जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार उप निदेशक, कृषि विभाग, बाराबंकी के स्तर पर सर्वाधिक 23 संदर्भ लंबित पाए गए। वहीं जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला कल्याण विभाग के स्तर पर 8 संदर्भ लंबित मिले।राजस्व एवं आपदा विभाग के अंतर्गत कुल 17 संदर्भ निर्धारित समय-सीमा में निस्तारित नहीं किए गए। इनमें उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट के 4, तहसीलदार रामसनेहीघाट के 3 तथा तहसीलदार फतेहपुर के 10 संदर्भ शामिल हैं।इसी प्रकार विद्युत विभाग के स्तर पर कुल 6 संदर्भ लंबित पाए गए। इनमें अधिशासी अभियंता विद्युत फतेहपुर के 1, अधिशासी अभियंता विद्युत रामसनेहीघाट के 3 तथा अधिशासी अभियंता विद्युत रामनगर के 2 संदर्भ शामिल हैं।इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियंता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, बाराबंकी के स्तर पर 2 संदर्भ, चकबंदी अधिकारी, सिरौली गौसपुर के स्तर पर 1 संदर्भ, अधिशासी अभियंता, बाराबंकी जल निगम (नगरीय) के स्तर पर 1 संदर्भ तथा जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, बाराबंकी के स्तर पर 1 संदर्भ लंबित पाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लंबित संदर्भों के निस्तारण में हुई देरी के संबंध में कारण स्पष्ट करते हुए सुस्पष्ट एवं तथ्यात्मक स्पष्टीकरण तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## नगर पंचायत के सफाई कर्मियों का कार्य बहिष्कार जारी, सफाई व्यवस्था चरमराई

**समृद्धि न्यूज़, जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर में सफाई कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी रहा। करीब 20 माह के पीएफ का भुगतान न होने का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों ने नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की।सफाई कर्मचारी हरी मजार के पास एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पीएफ से जुड़ी समस्याओं को चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम और ठेकेदार पंकज मिश्रा के सामने रखा। दोनों ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## अदालती नोटिस

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी महोदय, बाराबंकी**
**वाद सं0-डी 20190412000681**

**ता0पे0-12.8.2026** बाराबंकी ऑटो सेल्स बनाम चौधरी मो0 फहद चौधरी मो0 फहद पुत्र चौधरी आफाक अली निवासी मोहल्ला चौधरियान कस्बा व परगना दरियाबाद तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 73 रजि0 अधि0 अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 08 के 12 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 21.07.2026 के दिवस को निकली गई।

न्यायाधीश

# बिजली तार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

नानपारा कोतवाली पुलिस ने बिजली के तार चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र के खरछुआ निवासी रंजीत चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 6/7 अगस्त 2026 की रात नानपारा थाना क्षेत्र में बिजली के तार चोरी किए गए थे। मामले में अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज





कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। इस मामले में पुलिस ने पहले 5 आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से करीब 10 बंडल बिजली का तार, तांबा, कारतूस, एक वैन, तार काटने के उपकरण और अन्य सामान बरामद किया गया था। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी मौके से फरार हो गया था। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद नानपारा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रंजीत चौहान पुत्र सुरेश को गिरफ्तार कर लिया। वह खरछुआ, थाना रेउसा, जिला सीतापुर का निवासी है।पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और उसे न्यायालय में पेश किया।

# सुबेहा में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

▸ 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी जयकारे लगाए गए

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर पंचायत सुबेहा में मंगलवार शाम को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा की शुरुआत जवाहर नगर वार्ड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से हुई। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत और प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा



कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए यूको बैंक तक पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान पूरा कस्बा देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी जयकारे लगाए। देशभक्ति गीतों पर लोग उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सभासद महेंद्र मौर्य, प्रवीण सिंह, रमजीत कुमार, रूपचंद चौरसिया, डॉक्टर अरविंद, धर्मेंद्र सिंह, अमित शुक्ला, दीपक तिवारी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए।

## लापता की तलाश

मेरा पुत्र जयकरन यादव पुत्र छोटे लाल यादव उम्र लगभग 30 वर्ष अविवाहित जो प्रदेश कमाने गया था आज तक घर वापस नहीं आया काफी खोजबीन की अन्य कई शहरों में लेकिन आज तक कोई इसका सुराग नहीं लगा मैं यह घोषणा करता हूं कि उपरोक्त सभी तथ्य बिल्कुल सत्य है।



सुमिरता देवी, पत्नी-छोटेलाल ग्राम पंचायत बगहिया, बभननपुरवा, थाना कैसरगंज बहराइच

# सरकार का संकल्प हर नागरिक के जीवन में हो सुगमताः योगी

**ग्रीन सिटी-माधोपुर बंधा सड़क का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण**



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास कार्यों की श्रृंखला से अब बदलता गोरखपुर दिखाई दे रहा है। यहां का हर मार्ग फोरलेन से जुड़ रहा है, बड़े पैमाने परफ्लाईओवर और ओवरब्रिज बन रहे हैं। सतत हो रहे विकास कार्यों और इससे आई जीवन सुगमता से गोरखपुर की नई पहचान बनी है। सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक के जीवन में सुगमता हो। सीएम योगी मंगलवार पूर्वाह्न गोरखपुर-सोनौली मार्ग से ग्रीन सिटी होते हुए माधोपुर बंधा तक सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नेताजी सुभाषचंद्र नगर में एसटीपी के समीप स्थित मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में बहुत पहले से लोग रह रहे थे। कई स्कूल भी यहां बने हुए हैं। सड़क संकरी होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। भारी वाहन इधर नहीं आ पाते थे। करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से लगभग दो किलोमीटर तक इस सड़क के बन जाने से अनेक समस्याओं का समाधान हो गया है। इससे लोगों का आवागमन सुगम हुआ है, साथ ही जलभराव की समस्या भी समाप्त हुई है। उन्होंने कहा कि सड़क, आवागमन को सुगम बनाने का एक बेहतरीन मार्ग है। मुख्यमंत्री ने ग्रीन सिटी-माधोपुर बंधा तक नवनिर्मित सड़क का महत्व बताते हुए कहा कि इस मार्ग की कनेक्टिविटी से वाराणसी, लखनऊ, नेपाल, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, बलरामपुर आदि स्थानों पर जाने वालों को शहर के अंदर जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि राजघाट से होते हुए हाबर्ट बंधा-माधोपुर तटबंध फोरलेन हो रहा है। डोमिनगढ़ में फ्लाईओवर भी बनेगा। लोग यहां से होते हुए डोमिनगढ़ फोरलेन बाईपास पकड़कर कालेसर जाकर लखनऊ मार्ग पर पहुंच जाएंगे। ऐसे ही नेपाल, सोनौली की तरफ जाना हो तो महेसरा होकर जाने की सुविधा मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा गोरखपुर के लोगों के लिए सरकार की तरफसे बहुत सारी सुविधाएं दी जा रही हैं। सड़क लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों को सावन शिवरात्रि की बधाई, शुभकामनाएं दीं।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर लोकार्पण किया

देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ से नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। जनसभा को संबोधित करने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग के ग्रीन सिटी मोड़ स्थित नवनिर्मित सड़क के प्रारंभिक स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोकार्पण शिलापट्ट का भी अनावरण किया। लोकार्पण के बाद वह इसी मार्ग से सड़क निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए जनसभा स्थल तक पहुंचे। ग्रीन सिटी-माधोपुर बंधा तक चौड़ी और सुदृढ़ सड़क की सौगात मिलने से आह्लादित स्थानीय नागरिकों ने लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया। सड़क लोकार्पण करने के बाद जनसभा स्थल जाने के दौरान करीब दर्जनभर स्थानों पर लोगों ने जयकारा लगाकर और फूल बरसाकर सीएम योगी का अभिनंदन किया एवं विकास के इस उपहार के लिए आभार जताया।

# राहुल गांधी को सुनाई नहीं पड़ रही झारखंड के छात्रों की चीखः ब्रजेश

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



**जेन जी व छात्रों के साथ खड़ी है बीजेपी सरकार**

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी को झारखंड के छात्रों की चीख सुनाई नहीं पड़ रही है। उन्हें छात्रों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बीजेपी के सूबाई दफ्तर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि देश का युवा राहुल गांधी के दोहरे चरित्र को भली प्रकार से समझ रहा है।राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि राहुल गांधी गृह मंत्री आपके हर सवाल का जवाब देने सदन में आ रहे हैं, अब मैदान छोड़कर भागना मत और चर्चा से डरना मत। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसदीय इतिहास की सारी गरिमा और मर्यादा को तार-तार कर दिया है। राहुल गांधी देश में अराजकता और झूठ के पोस्टर बॉय का प्रतीक बन गए हैं। सरकार पहले दिन से कह रही थी कि कांग्रेस और विपक्ष पहले सदन चलने तो दे, हम हर विषय पर चर्चा करने और जवाब देने के लिए तैयार हैं। लेकिन कांग्रेस ने संसद चलने नहीं दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जब स्पष्ट कर दिया कि गृह मंत्री सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं, तो राहुल गांधी ने फिर अपना गोलपोस्ट चेंज कर लिया। कल प्रेस कांफ्रेंस कर राहुल गांधी ने फिर से झूठ बोला कि जंतर-मंतर पर गोली चली। कोई गोली नहीं चली है। राहुल गांधी झूठ बोलना बंद करो। एक भी गोली कहीं नहीं चली है। राहुल गांधी, कब तक झूठ बोलते रहोगे। रांची में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के रास्ते में कंटीले तार बिछाए गए, जैसे वे कोई आतंकवादी हों। उन पर आंसू गैस के गोले दागे गए और दौड़ा-दौड़ा कर बर्बर लाठीचार्ज किया गया।

## खबरें एक नजर में

### बीके शुक्ला ने थामा राष्ट्रीय लोकदल का दामन

**लखनऊ।** पूर्वांचल के वरिष्ठ एवं चर्चित नेता तथा रायबरेली निवासी बीके शुक्ला, पूर्व प्रत्याशी स्नातक लखनऊ खंड ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के आवास पर उनके समक्ष राष्ट्रीय लोकदल की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर रालोद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बीके शुक्ला को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए उनका स्वागत किया और कहा कि अपने समाज के अधिक से अधिक लोगों को एकजुट करिए तथा पूर्वांचल में राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दीजिए।

### हज यात्रियों को अग्रिम धनराशि जमा करने की तिथि 17 अगस्त तक

**लखनऊ।** हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई द्वारा सकुर्लर-6 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि हज-2027 के प्रत्येक प्रोवीजनली चयनित हज यात्री को अग्रिम धनराशि 1,52,300 रूपये जमा करने की तिथि 10 अगस्त से बढ़ाकर 17 अगस्त कर दी गयी है। प्रत्येक प्रोवीजनली चयनित हज यात्रियों को अग्रिम धनराशि हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई के खाते में निर्धारित समयन्तर्गत जमा करना होगा। हज यात्री निर्धारित धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्ीरबवउउपजजमम.हवअ. पर व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग के माध्यम से भी जमा कर सकते हैं। धनराशि स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया में भी पे-इन-स्लिप द्वारा हज कमेटी आफ इण्डिया के खाते में जमा की जा सकती है।

**चौबीसों घण्टे 1912 हेल्पलाइन सक्रिय**

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान

**बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण**

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। परिणाम है कि जुलाई में प्रदेश के विभिन्न विद्युत वितरण निगमों में 20.17 लाख शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें करीब 99.01 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। शिकायतों के प्रभावी और समयबद्ध समाधान के लिए विभागीय स्तर पर लगातार निगरानी और त्वरित कार्रवाई की गई। बिजली आपूर्ति, बिल, मीटर, कनेक्शन समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गई। शिकायत निस्तारण की यह स्थिति प्रदेश में बेहतर उपभोक्ता सेवा, सक्रियता और विभागीय जवाबदेही को दर्शाती है।जुलाई महीने में पांचों विद्युत वितरण निगमों में उपभोक्ताओं की ओर से बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज हुईं। डीवीवीएनएल में 3.64 लाख से अधिक, एमवीवीएनएल में 6.42 लाख से अधिक, पीयूवीवीएनएल में 3.12 लाख से अधिक, पीवीवीएनएल में 5.34 लाख से अधिक और केस्को में 1.64 लाख से अधिक शिकायतें आई थीं। इन शिकायतों के निस्तारण के लिए लगातार निगरानी और त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके चलते अधिकांश शिकायतों का समाधान समय रहते कर दिया गया। सभी डिस्कॉम में सबसे अधिक शिकायतें बिजली सप्लाई से संबंधित प्राप्त हुईं। शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए उनका शत-प्रतिशत निस्तारण किया। बिल संशोधन, मीटर संबंधी समस्या, स्मार्ट मीटर, नए बिजली कनेक्शन समेत उपभोक्ताओं से जुड़ी अन्य शिकायतें भी सामने आईं। इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से त्वरित कार्रवाई की गई। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली विभाग की 1912 हेल्पलाइन लगातार 24 घंटे उपलब्ध है। बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या या सहायता के लिए उपभोक्ता 1912 पर संपर्क कर सकते हैं। विभागीय टीम शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेकर जल्द से जल्द समाधान के लिए चौबीसों घंटे सक्रिय रहती है। मानसून के दौरान बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों, मीटर बॉक्स और जलभराव वाले स्थानों के आसपास करंट का खतरा बढ़ जाता है।

## उत्तर मंडल पांच में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर विधानसभा के उत्तर मंडल 5 में मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवन सिंह चैहान थे।



मंडल प्रभारी यू0एन0 पाण्डेय, महानगर आईटी संयोजक संतोष सिंह ने भी इस यात्रा में भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा सेक्टर-जे जानकीपुरम, गुरुनानक पार्क होते हुए गुडम्बा थाने पर समाप्त हुए। मीडिया प्रभारी ओपी तिवारी ने बताया कि इस यात्रा भारी संख्या में मंडल पदाधिकारी, मंडल कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सभी हाथों में झंडा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए निकले जिससे लोगों में भारी जोश व उत्साह का संचार हुआ।



































# बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए बैठक संपन्न

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर साहब को विजयी बनाने को लेकर एक विशेष बैठक सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के बरेली मंडल प्रभारी शिव प्रताप सिंह यादव शामिल हुए। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा सहित पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने 11 किलो की फूलो की माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक में शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों एवं प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर साहब को भारी मतों से विजयी बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के बरेली मंडल प्रभारी शिव प्रताप सिंह यादव ने कहा कि बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए पार्टी पूरी मजबूती के साथ जुट गई है। उन्होंने कहा शिक्षकों का हित केवल समाजवादी पार्टी में ही है और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री बनेंगे तब पुरानी पेंशन से वंचित शिक्षकों को राहत मिलेगी और पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। उन्होंने कहा पार्टी की रणनीति के तहत बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय कर मतदाताओं के वोट तैयार करने, शिक्षकों से लगातार संपर्क करने और प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम गठित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ चुनाव में जुटें, ताकि हाजी दानिश अख्तर साहब को ऐतिहासिक जीत दिलाई जा सके। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए पार्टी पूरी ताकत के साथ मैदान में है। उन्होंने कहा शिक्षक समाज के सम्मान, अधिकार और उनकी आवाज़ को मजबूती से उठाने के लिए सपा का हर नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करेगा। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर शिक्षक मतदाताओं से सीधा संपर्क किया जाएगा और हर वोट को सपा के पक्ष में जोड़ने का काम होगा। मीटिंग संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल ने किया।

## गोपेश्वर धाम में कांवड़ियों को बांटे फल, श्रद्धालुओं ने कहा- ऐसी पुलिस को सलाम

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** सावन के पावन महीने में गोपेश्वर धाम शिव मंदिर गोगेपुर में श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा में जुटी थाना गढ़िया रंगीन पुलिस ने सराहनीय पहल की। प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मंदिर परिसर पहुंची और कांवड़ियों व दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को फल वितरित किए। सावन में गोपेश्वर धाम पर आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। बड़ी संख्या में कांवड़िये भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। इसी दौरान पुलिस ने ड्यूटी से आगे बढ़कर श्रद्धालुओं की सेवा का जिम्मा भी उठाया। प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ श्रद्धालुओं की कुशलक्षेम जानी और उन्हें फल बांटे। पुलिस के इस व्यवहार से श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे। लोगों ने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ सेवा और संवेदना का भाव पुलिस को जनता के और करीब लाता है। पुलिस टीम ने मंदिर परिसर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने में श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील भी की। सावन के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निगरानी बनाए रखने की बात कही। इस दौरान उपनिरीक्षक डालचंद, कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल सोनू गिरी, कांस्टेबल अनुज कुमार द्वितीय, कांस्टेबल लाखन सिंह, महिला आरक्षी प्रेरणा और महिला आरक्षी वर्षा गौतम सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

# संभव में आईं 8 शिकायतें, निस्तारण शून्य

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



संयुक्त नगर आयुक्त महोदया संगीता कुमारी की अध्यक्षता में सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 8 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा. बिन्नो अव्वास रिजवी, कर निर्धारण अधिकारी विपिन कुलदीप सिंह, कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांश पांडेय, कर अधीक्षक विजय कुमार व अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# भावलखेड़ा में मेगा शिविर में उमड़ी श्रमिकों की भीड़, योजनाओं का प्रचार-प्रसार

- श्रमिकों को लाभान्वित करने को मेगा कैंप का रोस्टर जारी
- 11 अगस्त से 9 अक्टूबर तक लगेंगे मेगा कैंप, मुख्यालय से निगरानी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



असंगठित क्षेत्र के पात्र श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिले के सभी विकास खंडों और नगर क्षेत्र में मेगा कैंप का शुभारंभ हो गया है।

डीएम व सीडीओ की ओर से जारी आदेश के क्रम में ब्लॉक भावलखेड़ा में पीएम श्रम योगी योजना, फैमिली आई डी, आयुष्मान कार्ड पंजीकरण, यूपी डिजिटल लेबर अड्डा चौक एवं अन्य योजनाओ का प्रचार प्रसार किया गया। कैंप में मौजूद भावलखेड़ा, लेबर आफिसर राजेश कुमार सिंह, इमरान खान, दीक्षा शर्मा, मिश्रीलाल आदि मौजूद रहे। जिनके द्वारा श्रमिकों व उनके परिवारों को योजनाओं की जानकारी देकर उनका पंजीकरण किया गया। बता दें कि कैंप में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना और प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना के तहत पात्र कर्मकारों का पंजीकरण कराया गया। इसके साथ ही भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के राशन कार्ड, फैमिली आईडी और आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।कैंप में यूपी लेबर चौक एप्लीकेशन और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी रोजगार योजना का भी प्रचार-प्रसार किया गया। कैंप का आयोजन सुबह 10:30 बजे से शाम पांच बजे तक किया जा रहा है। असंगठित क्षेत्र के पात्र कर्मकारो को सरकार द्वारा चलाई जा रही, जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। इसके लिए डीएम के निर्देशन पर ब्लाकवार मेगा कैंप लगाने का रोस्टर जारी कर दिया गया है। जिसमें नोडल अधिकारी बीडीओ को बनाया गया है। इस कैंप में श्रम विभाग के कार्मिकों की मौजूदगी रहेगी। इसकी मानीटरिंग जिला स्तर से की जा रही है।÷सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने स्प्लेंडर बाइक समेत लाखों का सामान चुराया

**खुटार,शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कुइयां में सोमवार रात चोरों ने हाईवे किनारे स्थित एक घर को निशाना बना लिया। छत पर परिजनों के सोने के दौरान चोर घर में घुस गए और काले रंग की स्प्लेंडर बाइक, नकदी, जेवरात, जरूरी दस्तावेज समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। गांव निवासी मुरारीलाल वर्मा के मुताबिक, सोमवार रात परिवार के सदस्य घर की छत पर सो रहे थे। इसी दौरान चोर घर में दाखिल हो गए। चोर घर में खड़ी काले रंग की स्प्लेंडर बाइक के साथ नकदी, जेवरात और महत्वपूर्ण दस्तावेज समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह परिजन जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। सामान की जांच करने पर चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर खुटार पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। हाईवे किनारे घर में हुई चोरी की वारदात से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्ध लोगों की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। परिजनों ने पुलिस से चोरी गई बाइक समेत अन्य सामान बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन युवक आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को देर रात साढ़े तीन बजे शाहजहांपुर के हथौड़ा में रहने वाले जावेद पुत्र तसबबर 30 ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया । हालत बिगड़ते ही परिजन उसे तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

**शाहजहांपुर।** जिला पंचायत एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह यादव के उपचार के दौरान दिल्ली में असामयिक निधन पर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने दुख प्रकट किया है।उन्होंने कहा कि वीरेंद्र पाल का समाज एवं संगठन के प्रति समर्पण सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनका निधन भाजपा परिवार एवं शाहजहांपुर जनपद के लिए एक अपूरणीय क्षति है। श्री प्रसाद ने इस दुख की घड़ी में उनके परिवार जनों एवं शुभचिंतकों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उधर श्री प्रसाद के मीडिया प्रभारी एवं भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य विनीत मिश्रा ने भी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र पाल सिंह यादव के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है उन्होंने कहा कि स्व॰ यादव अत्यंत विनम्र, सरल एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे उनके निधन से पार्टी एवं समाज में एक अपूर्णीय क्षति हुई है।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला कारागार में होगा कवि सम्मेलन

**शाहजहांपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला कारागार शाहजहांपुर में 14 अगस्त 2026, शुक्रवार को प्रातः 12 बजे भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जेल अधीक्षक श्री जे.पी. तिवारी के निर्देशन में तथा हास्य-व्यंग्य कवि विजय कुमार 'तन्हा' के संयोजन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में हाथरस से हास्य कवि देवेंद्र दीक्षित 'शूल', शाहजहांपुर के गीतकार डॉ. इन्दु अजनबी, आजमगढ़ से ओजस्वी कवयित्री डॉ. रेनू सिंह, लखीमपुर-खीरी से हास्य कवि विशेष शर्मा, बाराबंकी से गीतकार संजय सांवरा, लखनऊ से गजलकार अमित श्रीवास्तव तथा गोरखपुर से गजलकार डॉ. हिना कौसर अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को आनंदित करेंगे।कवि सम्मेलन का मंच संचालन ख्यातिलब्ध मंच संचालक व ओजस्वी कवि उर्मिलेश सौमित्र द्वारा किया जाएगा।

# छुट्टा गोवंश ने उजाड़ दिया परिवार

- सांड से टकराई बाइक, कपड़ा व्यापारी की मौत
- पत्नी और दो मासूम बेटों के सिर से उठा पिता का साया

समृद्धि न्यूज़, मदनापुर, शाहजहांपुर।



क्षेत्र में सोमवार रात कटरा-मदनापुर-जलालाबाद हाईवे पर बरुआ पट्टी बाजार से आगे आटा चक्की के पास सड़क पर आए छुट्टा सांड से बाइक टकराने पर 35 वर्षीय कपड़ा व्यापारी संजीव पुत्र अशोक की मौत हो गई। टक्कर में सांड की भी मौत हो गई। बरुआ पट्टी सनायक निवासी संजीव सोमवार रात करीब 9:30 बजे बाइक से पिता को खाना देने मदनापुर जा रहे थे। आटा चक्की के पास अचानक सांड सामने आने से बाइक टकरा गई और संजीव गंभीर घायल हो गए। सीएचसी मदनापुर से मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के मेमो पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बही टक्कर के बाद साड मरने की भी सूचना है। संजीव की मौत से पत्नी चांदनी का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके दो बेटे मितान्श (5) और शिवांश (3) हैं। दोनों के सिर से पिता का साया उठ गया। संजीव दो भाइयों में छोटे थे। बड़े भाई सोनू भी मदनापुर में कपड़े की दुकान करते हैं। करीब 25 वर्षीय बहन शिल्पी अभी अविवाहित है और परिवार उसकी शादी की तैयारी में जुटा था। संजीव की मौत से घर की खुशियां मातम में बदल गईं।

**सड़क पर गोवंश बना खतरा**

सावन में फिरोजपुर शिवधाम जाने वाले कांवड़ियों की भीड़ के बीच मदनापुर-जलालाबाद मार्ग पर छुट्टा गोवंश लगातार खतरा बना हुआ है। बरुआ पट्टी, कुदैया, गुरुद्वारा, चंदोखा, बरखेड़ा जयपाल और बुधवाना रोड समेत कई जगह गोवंश सड़क पर बैठे नजर आते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई और दावों के बावजूद समस्या कायम है। संजीव की मौत ने सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर कब तक सड़क पर घूमते छुट्टा गोवंश परिवारों की खुशियां उजाड़ते रहेंगे।

# विश्व स्तनपान सप्ताह: सत्यानंद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- सीएमओ ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।




विश्व स्तनपान सप्ताह 2026 के अवसर पर अजीजगंज स्थित सत्यानंद हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा का प्रबंधन ने स्वागत किया। इस दौरान अस्पताल निदेशक डा. सत्यप्रकाश मिश्रा, डा. सौरभ मिश्रा, डा. गौरव मिश्रा, डा. प्रदीप कुमार यादव, डा. इंदु यादव सहित अन्य चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने सीएमओ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, स्तनपान के महत्व और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि नवजात शिशु के लिए जन्म के तुरंत बाद स्तनपान शुरू कराना और छह माह तक केवल मां का दूध देना उसके स्वस्थ विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से जन-जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर अस्पताल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी जोगेंद्र एवं कविता को प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन) देकर सम्मानित किया गया। अंत में अस्पताल प्रबंधन ने सीएमओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सत्यानंद हॉस्पिटल गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# जीएफ कॉलेज प्रमाण पोर्टल की रैंकिंग में बरेली मंडल में प्रथम

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जीएफ़ कॉलेज ने प्रमाण पोर्टल की रैंकिंग में बरेली मंडल में प्रथम स्थान एवं उत्तर प्रदेश में 59वीं रैंक प्राप्त किया है।महाविद्यालय की इस उपलब्धि से शिक्षकों,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता महाविद्यालय के शिक्षकों,कर्मचारियों एवं प्रमाण पोर्टल टीम की निरंतर मेहनत, टीम भावना और गुणवत्तापूर्ण कार्य का परिणाम है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। प्राचार्य ने इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही किसी संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी से भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. फैयाज अहमद,प्रमाण पोर्टल के संयोजक प्रो मुशर्रफ अली और प्रमाण पोर्टल की उनकी टीम,आईक्यूएसी इंचार्ज प्रो मोहम्मद साजिद खान एवं समस्त कॉलेज परिवार भविष्य में निरन्तर बेहतर प्रदर्शन का संकल्प व्यक्त किया।

# एडीएम ने कराटे के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



शाहजहांपुर। यूपी एवं उत्तराखंड कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले तिलहर आईजी साहब अकादमी के चार खिलाड़ियों को एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने सम्मानित किया। खिलाड़ियों के सम्मान से उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। आईजी साहब अकादमी के खिलाड़ियों ने पूर्व में आयोजित यूपी एवं उत्तराखंड कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए वैष्णवी सक्सेना ने स्वर्ण पदक, अंजलि कश्यप ने रजत पदक, आर्यन शर्मा ने स्वर्ण पदक तथा शिवांशु ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। खिलाड़ियों की इसी उपलब्धि को देखते हुए आज उन्हें सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में एडीएम ने चारों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेलों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की ऐसी उपलब्धियां न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात हैं। इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देने के लिए योद्धा स्पोर्ट्स अकादमी के डायरेक्टर अमित सिन्हा को भी सम्मानित किया गया। अमित सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासन और अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अकादमी का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को उचित प्रशिक्षण देकर उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाया जाए। अभिभावकों ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी द्वारा बच्चों की मेहनत को सम्मान मिलना उनके लिए गर्व का क्षण है और इससे बच्चों का आत्मविश्वास और बढ़ेगा।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव का निधन, शोक की लहर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव का मंगलवार को दिल्ली एम्स में निधन हो गया। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से परिवार और समर्थकों में शोक की लहर फैल गई। वीरेंद्र पाल सिंह यादव ने जिला पंचायत अध्यक्ष और भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण दायित्व निभाए। वे भाजपा पंचायत राज प्रकोष्ठ में प्रांतीय पदाधिकारी भी रहे।

बतादें की वीरेंद्र पाल सिंह यादव नियामतपुर ग्राम पंचायत के निवासी है। उनके प्रयासों से गांव में इंटर कॉलेज, एआरटीओ ऑफिस, सीबीएसई स्कूल, बैंक प्रशिक्षण केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र सहित कई संस्थान स्थापित हुए, जिससे गांव को मॉडल पहचान मिली। वे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भी सक्रिय रहे। उन्होंने गांव में राधा-कृष्ण मंदिर बनवाया, जहां नियमित धार्मिक आयोजन होते थे।

**परिवार की राजनीतिक विरासत:** उनका परिवार लंबे समय से पंचायत राजनीति में सक्रिय है। पत्नी लज्जावती यादव जिला पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान रह चुकी हैं। पुत्रवधू ममता यादव वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष है। पुत्र अजय प्रताप सिंह यादव भी जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। पुत्र अभय यादव वर्तमान में ग्राम प्रधान के रूप में सेवारत है।

**सहज व्यक्तित्व की पहचान:** वीरेंद्र पाल सिंह यादव अपने मिलनसार और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनके निधन को क्षेत्र में अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वीरेंद्र पाल सिंह यादव के निधन पर गहरा दुख जताया है। राज्य सभा सांसद मिथिलेश कुमार, एमएलसी सुधीर गुप्ता, सांसद अरुण सागर, विधायक चेतराम एडवोकेट, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, विधायक अरविंद कुमार सिंह, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता समेत समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने गहरा दुख जताया है।

**आज होगा अंतिम संस्कार:** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव का अंतिम संस्कार 12 अगस्त यानी आज ग्राम पंचायत नियामतपुर में 12 बजे संपन्न होगा। जिसकी जानकारी उनके पुत्र अजय प्रताप सिंह यादव ने दी है।

# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया दमखम

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।



सरस्वती शिशु मंदिर मल्हपुर में मंगलवार को संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संकुल के अंतर्गत आने वाले सरस्वती शिशु मंदिर मदनापुर, कांट, मोहनपुर, बंथरा, कटरा खेड़ा, बझेड़ा सहित आठ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ कांट ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला ने फीता काटकर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर व 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, रिले दौड़, बाधा दौड़, चक्का फेंक और भाला फेंक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मैदान पर खिलाड़ियों ने उत्साह और जोश के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।समापन सत्र में जन शिक्षा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने प्रतियोगी छात्रों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व और अनुशासन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिताओं के समापन के बाद विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विजेता छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे।कार्यक्रम में पूर्व संभाग निरीक्षक सतीश चंद्र शुक्ला भाजपा नेता अखिलेश पाठक, जेपी मिश्रा, अनुराग मिश्रा प्रधान , रामबाबू मिश्रा ,ललित मिश्रा, मनमोहन मिश्रा, बबलू तिवारी, रामसागर अग्निहोत्री तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहित दीक्षित ने किया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 500 मरीजों का उपचार

**ओपीडी, आईपीडी, अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे समेत विभिन्न जांचें हुईं, मरीजों को बांटी गईं दवाएं**

**शाहजहांपुर।** रतन दी मेडिसिटी, भूड़ा मैनारी पुवायां में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान मरीजों के लिए ओपीडी, आईपीडी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे सहित विभिन्न प्रकार की जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही आवश्यक परामर्श दिया गया। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, शिविर में क्षेत्र के लगभग 500 मरीजों का उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से मरीज स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे और निःशुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। अस्पताल के प्रबंधक राकेश यादव एवं आदित्य यादव ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह भी दी गई।

## खबरें एक नजर में

### पेट्रोलपंप सेल्समैन पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

तिलहर - शाहजहांपुर। पेट्रोल पम्प के सेल्समैन पर जानलेवा हमला करने वाले पूर्व सेल्समैन को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धर दबोचा। जिसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया। बता दें कि कटरा थाना क्षेत्र के गांव भुसौरी निवासी अनुज कुमार पुत्र महिपाल ने परवेज पुर खानपुर स्थित साईं नाथ फिलिंग स्टेशन पर उसके सेल्स मैन भाई सौरभ पर बीती छह अगस्त को ड्यूटी के दौरान उसके साथ पहले काम कर चुके बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मोहल्ला सिटी निवासी रजत पुत्र प्रमोद द्वारा खर्च के लिए रुपए न देने से क्षुब्ध होकर लोहेकी रॉड से ताबड़तोड़ प्रहार कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसका बरेली के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। उक्त मामले में वांछित आरोपी रजत को मंगलवार सुबह करीब दस बजे मुखबिर की सूचना पर नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने टीम के साथ खानपुर चौराहे से धर दबोचा। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से रजत को जेल भेज दिया गया।

### छत पर घूमने से मना करने पर विवाद, चले लाठी-डंडे

मिर्जापुर, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम मस्जिद नगला में छत पर घूमने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि छत पर घूमने से मना करने पर चार लोगों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। मारपीट में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मस्जिद नगला निवासी चमन पुत्र नबीहसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्रवधू घर के आंगन में बैठी थी। इसी दौरान गांव का चोवा पुत्र शमशुद्दीन अपनी छत पर घूम रहा था। चमन ने उसे छत पर घूमने से मना किया। आरोप है कि इसी बात को लेकर चोवा ने अपने भाइयों राजमोहम्मद, पतरिया, भवोला के साथ मिलकर लाठी-डंडों तथा ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। मारपीट में चमन की पत्नी गुड्डी और पुत्र अमन को चोटें आईं। दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर थाना मिर्जापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मुनजीर हुसैन को सौंपी गई है।

### प्रधान पुत्र पर ग्रामीण के साथ मारपीट का आरोप, एफआईआर दर्ज

रोजा, शाहजहांपुर। थाना रोजा के डीगरपुर असीलानी गांव में प्रधान के बेटे ने ग्रामीण के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। ग्रामीण ने प्रधान पुत्र पर जान से मारने की धमकी का भी आरोप लगाया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गांव निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र विनोद सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे गाँव में नाली का निर्माण का काम चल रहा था। जिसमें लगने वाली सामग्री का मानक के अनुसार प्रयोग नहीं किया जा रहा था। उसने इस बात का विरोध किया। जिसे पर प्रधान पुत्र और साथियों ने उस पर हमला बोल दिया। सभी लोग गाली गलौज करते हुए उसे लोग लात घूसों और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। मानवेंद्र ने बताया बीच बचाव करने उसके पिता विनोद सिंह के साथ भी दबंगो ने उनके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर आबिर, नौशाद, शहरोज और कयूम के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बाल्टी में पैर लगने को लेकर विवाद

पुवायां, शाहजहांपुर। कस्बा पुवायां के मोहल्ला कसभरा तकिया निवासी एक महिला ने घर में बाल्टी में पैर लगने को लेकर हुए विवाद के बाद चार लोगों पर लात-घूंसों और डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला के मुताबिक मारपीट में उसके सिर में चोट आई है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला कसभरा तकिया, निगोही रोड निवासी सोनम पत्नी जितेंद्र कुमार ने थाना पुवायां में दी तहरीर में बताया कि 11 अगस्त 2026 को सुबह करीब 10 बजे वह जीने से नीचे उतर रही थी। जीने के रास्ते में बाल्टी रखी थी, जिसमें उसका पैर लग गया। आरोप है कि इसी बात को लेकर राममिलन पुत्र उमरावलाल, अतुल पुत्र उमरावलाल, सलोनी पत्नी अतुल और राधा पत्नी राममिलन ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि चारों लोगों ने उसे लात-घूंसों और डंडों से पीटा। मारपीट के दौरान उसके सिर में चोट लग गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद महिला थाना पुवायां पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लापता सिंचाई विभाग के कर्मचारी का शव नहर से बरामद



शारदानगर-खीरी। थाना शारदानगर क्षेत्र के कॉलोनी निवासी अख्तर अली, जो सिंचाई विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे और 7 अगस्त से लापता चल रहे थे, उनका शव सोमवार को क्षेत्र के झमुपरवा के निकट शारदा सहायक नहर से बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि 8 अगस्त को शारदानगर हेलीपैड बैराज के पश्चिमी हिस्से में अख्तर अली की बाइक खड़ी मिली थी। इसके बाद से पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। सोमवार को नहर से शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया पुलिस आत्महत्या की आशंका जता रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि आधा दर्जन से अधिक गांव घिरे

▸ प्रा.वि. पैलानी उत्तर प्रथम (कटैला नगला) में बाढ़ का पानी भरा, स्कूल बंद

समृद्धि न्यूज, मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।



क्षेत्र में गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से गंगा के खादर में एकबार फिर बाढ़ की स्थिति भयावह होती जा रही है। मंगलवार को गंगातट से लगभग तीन किलोमीटर दूर आधा दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। खरीफ की फसलें भी डूबकर नष्ट हो गई हैं। पैलानी उत्तर ग्राम पंचायत का प्राथमिक स्कूल पैलानी उत्तर प्रथम (कटैला नगला) बाढ़ से जलमग्न हो गया है। जिससे शिक्षकों को स्कूल बंद करना पड़ गया है। पैलानी उत्तर,लोहार नगला,आजाद नगर,मस्जिद नगला,इस्लाम नगर,अभिचारपुर आदि गांव बाढ़ के पानी से चौतरफा घिर चुके हैं। जलालाबाद - ढाईघाट हाइवे से ग्राम भरतपुर - पैलानी उत्तर,मस्जिद नगला,इस्लाम नगर,बांसखेड़ा जाने वाले संपर्क मार्गों पर दो से ढाई फिट गहराई में बाढ़ का पानी बहने से दुपहिया और हल्के चार पहिया वाहनों का आवागमन लगभग बंद हो गया है। जलालाबाद-ढाईघाट,शमशाबाद स्टेट हाइवे पर भी ग्राम चौरा के निकट ढाई से तीन फिट तक गहराई में बाढ़ का पानी तेजी से बहने से हल्के वाहनों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। सावन के पवित्र महीने में ढाईघाट में कांवड़ भरने जाने वाले शिवभक्तों के लिए गंगा की बाढ़ परेशानी का सबब बन गई है। तहसीलदार कलान सृजित कुमार ने बताया कि बांसखेड़ा,मस्जिद नगला,आजाद नगर,पैलानी उत्तर आदि गांवों में आपात स्थिति से निबटने के लिए नाव उपलब्ध करवा दी गई है,जो प्रभावित गांवों में चल रहीं हैं। उन्होंने बताया कि अभी बाढ़ की स्थिति बहुत गम्भीर नहीं है। फिर भी प्रशासन की कड़ी नजर है। क्षेत्रीय राजस्वकर्मी बाढ़ क्षेत्र में लगातार भ्रमण करके हर घंटे की रिपोर्ट दे रहे हैं। बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारियों को भी सक्रिय कर दिया गया है। खंड शिक्षाधिकारी मिर्जापुर अरविन्द कुमार का कहना है कि रविवार और सोमवार को स्कूलों में अवकाश रहा था। मंगलवार को स्कूल खुले थे। मंगलवार शाम को ही स्कूलों में ही बाढ़ का पानी पहुंचा है। बुधवार को स्थिति देखकर आगे की व्यवस्था की जाएगी।

## तिरंगे के साथ निकली महिला बाइक रैली, दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश



सीतापुर। 'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष के स्मरणोत्सव एवं 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' के तहत जिला प्रशासन की ओर से पुलिस लाइन से महिला बाइक रैली निकाली गई। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में महिला पुलिसकर्मियों के साथ विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य महिला प्रतिभागी शामिल हुईं। हाथों में तिरंगा लेकर महिलाओं ने राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। रैली के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान' राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने जनपदवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने और राष्ट्रध्वज की गरिमा बनाए रखने की अपील की।

## महिला ने युवक पर अभद्रता, मारपीट और चाकू से गर्दन पर चोट पहुंचाने का लगाया आरोप

पुवायां, शाहजहांपुर। थाना पुवायां क्षेत्र के गांव भिलावा निवासी एक महिला ने गांव के ही युवक पर अभद्रता करने, मारपीट करने, चाकू से गर्दन पर चोट पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। गांव भिलावा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे वह घर के सामने कूड़ा डालने जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र राजेंद्र ने उसे रोक लिया और उसके साथ अभद्रता करते हुए अपने साथ रहने की बात कही। महिला के मुताबिक, उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने कथित तौर पर धारदार चाकू उसकी गर्दन पर लगा दिया, जिससे उसे चोट लग गई। महिला ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर युवक ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद महिला थाना पुवायां पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बृजेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटना में घायल महिला का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने कसमंडा में उर्वरक केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

▸ निर्धारित दर पर खाद देने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को सिधौली क्षेत्र के विकासखंड कसमंडा में उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। साधन सहकारी समिति कसमंडा में उर्वरकों का रखरखाव उचित न मिलने पर समिति सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने मैसर्स श्रेष्ठ इंडिया कंपनी, भंडिया का निरीक्षण किया। यहां पॉस मशीन में दर्ज स्टॉक का भौतिक स्टॉक से मिलान किया गया, जो सही पाया गया। प्रतिष्ठान पर 663 बोरी यूरिया उपलब्ध मिली। बिक्री रजिस्टर में दर्ज किसान से फोन पर जानकारी लेने पर उन्होंने 270 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया मिलने की पुष्टि की। डीएम ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को किसानों को निर्धारित मात्रा में ही उर्वरक उपलब्ध कराने, किसान का विवरण बिक्री पंजिका में दर्ज करने, खाद की दर व अनुदान प्रदर्शित करने तथा कैश रसीद अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए। 1.45 लाख बोरी यूरिया उपलब्धः प्रशासन के अनुसार जिले के 1,097 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर 1,45,423 बोरी यूरिया, 575 प्रतिष्ठानों पर 66,460 बोरी डीएपी और 849 प्रतिष्ठानों पर 1,13,760 बोरी एनपीके उपलब्ध है। 15 जून से लागू नई वितरण व्यवस्था के तहत 10 अगस्त तक 3,88,319 किसानों ने उर्वरक खरीदा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 29,875 अधिक है।

## कांवड़ यात्रा और बाढ़ की तैयारियों की प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने की समीक्षा

▸ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः प्रभारी मंत्री

समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।




छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था के साथ संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों की सोमवार देर शाम प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने समीक्षा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर दोनों विषयों पर जानकारी ली और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पूर्वी पवन गौतम सहित जिला स्तरीय अधिकारी एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से जुड़े। विधायक योगेश वर्मा, रोमी साहनी, मंजू त्यागी, विनोद शंकर अवस्थी और अमन गिरि ने लिंक के माध्यम से सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा और आस्था का पर्व है, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन सभी व्यवस्थाएं पूरी संवेदनशीलता और समन्वय के साथ सुनिश्चित करे। संभावित बाढ़ को लेकर भी सभी विभाग पूरी तैयारी रखें और जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करें। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**छोटी काशी में आस्था के सैलाब पर डीएम ने रखा पूरा प्लानः** बैठक के पहले सत्र में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने सावन के सामान्य दिनों के साथ पहले और दूसरे सोमवार को छोटी काशी में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और उनके लिए की गई सुरक्षा, यातायात, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य सुविधाओं के बारे में बताया। डीएम ने कहा कि छोटी काशी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िये पहुंच रहे हैं। मेले की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को भी शामिल किया गया है। प्रशासन की प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। गोला विधायक अमन गिरि ने सोमवार को गोला शहर के विद्यालय बंद रखने के निर्णय को उचित बताते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले अन्य विद्यालयों को भी आवश्यकतानुसार बंद रखने का सुझाव दिया। प्रभारी मंत्री ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कांवड़ यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए सावन माह को सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**बाढ़ से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षाः** बैठक के दूसरे सत्र में प्रभारी मंत्री ने बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा की। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाढ़ से पूर्व की तैयारियों और मानसून के दौरान किए जा रहे फ्लड फाइटिंग कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जालिमनगर पुल के गाइड बांध के पास स्थित मंदिर की सुरक्षा के लिए तत्परता से फ्लड फाइटिंग कार्य कर उसे सुरक्षित किया गया।


### सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि एक बैनामा जो सुशील कुमार गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता ने प्रेमचंद पुत्र मिश्रीलाल के हक में पंजीकृत था, जिसका पंजीकरण बही सं. 1, जिल्द सं. 588 पृष्ठ सं. 126/128 क्रमांक 1407 पर दिनांक 26.06.1980 को कार्यालय उपनिबंधक जलालाबाद जिला शाहजहांपुर है, खो गये थे। अब उक्त भवन पर इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, शाहजहांपुर शाखा से ऋण स्वीकृत किया गया है। यदि उक्त वयनामों से सम्बन्धित सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई ऋण किसी संस्था, सरकारी व गैर सरकारी अथवा व्यक्ति विशेष से प्राप्त किया गया हो तो उसकी सूचना प्रकाशन की अवधि से 7 दिन के अंदर निम्नलिखित मोबाइल नम्बर पर देने का कष्ट करें। सूचना अवधि के निकल जाने के उपरान्त किसी के द्वारा किसी प्रकार का क्लेम उक्त सम्पत्ति किया जाता है तो उसकी किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी मेरे पक्षकार इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड की नहीं होगी।

विवेक कुमार सिंह, विधिक परामर्शदाता, इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, शाहजहांपुर, मो. 7052041831


## बीसलपुर के स्कूल में बड़ा हादसा, टीन शेड गिरने से छह बच्चे और दो शिक्षिकाएं घायल

▸ मलबे में दबे बच्चों को ग्रामीणों और स्टाफ ने निकाला

समृद्धि न्यूज़, बीसलपुर, पीलीभीत।



बीसलपुर क्षेत्र के श्री बालक राम सरस्वती शिशु मंदिर में मंगलवार सुबह उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब कक्षाओं के ऊपर लगा टीन शेड अचानक गिर गया। शेड के नीचे उस समय बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। अचानक हुए हादसे में छह बच्चे मलबे में दब गए, जबकि दो महिला शिक्षिकाएं भी घायल हो गईं। हादसे के वक्त विद्यालय परिसर में 300 से अधिक बच्चों की मौजूदगी बताई जा रही है। टीन शेड गिरते ही स्कूल परिसर में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में स्कूल स्टाफ और आसपास के ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। टीन और मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला गया। घायल बच्चों और शिक्षिकाओं को बीसलपुर सीएचसी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम नागेंद्र पांडे, कोतवाल संजीव शुक्ला और एसएसआई रमेश चंद्र मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ राहत कार्य का जायजा लिया। प्रशासनिक टीम ने स्कूल परिसर में भवन और अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी जुटाई।

### 15 अगस्त को व्यापार मंडल करेगा भव्य ध्वजारोहण

पीलीभीत। स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ मनाने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। संगठन की कोर कमेटी की बैठक में 15 अगस्त को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह 9 बजे प्रदेश मंत्री अश्विनी अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर भव्य ध्वजारोहण किया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जोड़ने पर जोर दिया। संगठन की ओर से तय किया गया कि व्यापारी स्वयं अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाएंगे और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## तिरंगे की शान में उमड़ा पीलीभीत, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

▸ 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकली भव्य यात्रा, युवाओं से लेकर जवानों तक ने दिखाया राष्ट्रप्रेम

समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।



स्वतंत्रता दिवस से पहले मंगलवार को पीलीभीत शहर देशभक्ति के रंग में नजर आया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकाली गई विशाल तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के नेतृत्व में निकली यात्रा के दौरान शहर की सड़कों पर जगह-जगह तिरंगे लहराते दिखाई दिए। रैली का आगाज विकास भवन चौराहे से हुआ। यहां सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया गया, जिसके बाद तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी। टनकपुर मार्ग से गुजरती हुई रैली नेहरू पार्क पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे प्रतिभागियों ने पूरे रास्ते 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे लगाए। रैली के चलते शहर का माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा। खास बात यह रही कि तिरंगा यात्रा किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं रही। इसमें एसएसबी के जवानों के साथ एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चे, एचआरपी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य, युवा कल्याण विभाग से जुड़े लोग और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। आम नागरिकों और 'नेकी की दीवार' संस्था के सदस्यों की भागीदारी ने भी रैली को व्यापक स्वरूप दिया। इस अवसर पर एसपी सुकीर्ति माधव ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और सम्मान का प्रतीक है।


### कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज जनपद शाहजहांपुर।

पत्रांकः 119/न.पं. खुदा0/2026-27 दिनांकः 11-08-2026

सार्वजनिक संशोधित नीलामी सूचना

कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज के पत्र संख्या 111/न.प. खुदा./2026-27 दिनांकः 06.08.2026 के द्वारा नगर पंचायत खुदागंज द्वारा नगर पंचायत की निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी दिनांक 12.08.2026 को प्रातः 11:00 बजे निर्धारित की गयी थी।

उक्त नीलामी तिथि को अपरिहार्य कारणो से दिनांक 12.08.2026 को प्रातः 11:00 बजे के स्थान पर 18.08.2026 समय 01:00 बजे की जाती है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खुदागंज शाहजहांपुर। | अध्यक्ष, नगर पंचायत खुदागंज शाहजहांपुर।

### श्री रतन सिंह मेमोरियल महाविद्यालय भूड़ा मैनारी पुवायाँ शाहजहांपुर

(आवश्यकता है स्नातक स्तर)

**कला संकाय के अंतर्गत-** हिंदी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, इतिहास, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र

**कृषि विज्ञान संकाय के अंतर्गत-** एग्रोनॉमी, मृदा विज्ञान, उद्यान विज्ञान, आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विज्ञान, कृषि प्रसार विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि अभियंत्रण, कृषि पशु पालन विज्ञान, कृषि कीट विज्ञान, कृषि पादप रोग विज्ञान, कृषि सांख्यिकी

**विज्ञान संकाय के अंतर्गत-** जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान गणित।

**परास्नातक स्तर के अंतर्गत-**अंग्रेजी, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, शिक्षा शास्त्र

**सभी विषय में एक एक पद**

**योग्यता व वेतन-यूजीसी/ विश्वविद्यालय के नियमानुसार**

**आवेदक की प्रक्रिया-** इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी डॉक्यूमेंट्स लेकर कॉलेज में 15 दिन के अंदर संपर्क करे।

संपर्क सूत्र- 9990745119, 8317089702, 7800400015


## तालाब पट्टे को लेकर बवाल, एसडीएम कार्यालय के बाहर शिवसैनिकों का धरना

▸ एसडीएम पर अमर्यादित टिप्पणी का आरोप

समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।



सदर तहसील क्षेत्र में तालाब पट्टे के कथित अनियमित आवंटन और लगान भुगतान को लेकर मंगलवार को विवाद गहरा गया। ग्राम पंचायत कुरैया नवदिया के ग्रामीणों की शिकायत पर शिवसेना कार्यकर्ता सदर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां एसडीएम पर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर शिवसेना जिलाध्यक्ष शैली शर्मा भी मौके पर पहुंचीं। दोपहर करीब दो बजे तक कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन जारी रहा। मामला ग्राम पंचायत कुरैया नवदिया में गाटा संख्या 245 स्थित तालाब के पट्टे से जुड़ा बताया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब का पट्टा निर्धारित नियमों को दरकिनार कर आवंटित किया गया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक जिस व्यक्ति के नाम पट्टा किया गया है, उसके पिता और भाई पूर्व में करीब आठ वर्षों तक तालाबों के लगान भुगतान में डिफाल्टर रहे हैं। इसके बावजूद परिवार के दूसरे बेटे के नाम तालाब का पट्टा दर्ज किए जाने पर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि इस प्रक्रिया में राजस्व विभाग की मिलीभगत से सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने गाटा संख्या 321 और 183 पर भी कथित अवैध कब्जे की शिकायत किए जाने की बात कही है। उन्होंने गाटा संख्या 245 के पट्टे को निरस्त करने तथा लगान चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। इसी शिकायत को लेकर ग्रामीणों के साथ शिवसेना कार्यकर्ता एसडीएम श्रद्धा सिंह के कार्यालय पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शिकायत के दौरान एसडीएम ने उनकी ओर इशारा करते हुए कथित तौर पर कहा, तुम इन गुंडों के साथ शिकायत करने आए हो। इस कथित टिप्पणी के बाद शिवसेना कार्यकर्ता नाराज हो गए और कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। विवाद की सूचना पर जिलाध्यक्ष शैली शर्मा भी कार्यकर्ताओं के समर्थन में पहुंचीं। इस दौरान एसडीएम श्रद्धा सिंह धरना दे रहे कार्यकर्ताओं से बातचीत कर मामला शांत कराने का प्रयास करती नजर आईं। शिवसेना जिलाध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा कि एसडीएम कार्यालय में हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग सामने लाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि बातचीत के दौरान एसडीएम की ओर से गुंडा शब्द का इस्तेमाल किया गया है तो उन्हें अपना बयान वापस लेना चाहिए। वहीं, एसडीएम श्रद्धा सिंह ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ग्राम प्रधान के साथ शिकायत लेकर उनके कार्यालय आए थे। शिकायत के दौरान कुछ लोग तेज आवाज में बात कर रहे थे, जिस पर उन्होंने केवल शांतिपूर्वक बातचीत करने के लिए कहा था।


### कार्यालय नगर पंचायत काँट, जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांकः-679/न.पं. काँट/नि.का./2026-27 दिनांक- 11.08.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कॉट, जनपद-शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु दिनांक 18.08.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 17.08.2026 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा करके क्रय किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 20.08.2026 को अपरान्ह 04 बजे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), शाहजहाँपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश होने की दशा में अलगे कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेगीं। आगणन व अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी कार्य दिवस में देखे जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित/आगणन राशि | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य जिसमें जी.एस.टी. मूल्य 18 प्रतिशत सम्मिलित है | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं0-12 में संचालित स्थाई गौशाला में गोबर के लिये टैंक एवं नाली निर्माण कार्य। | 5,64,402.45 | 11,300.00 | 564+102-666 | दो माह |
| 2. | वार्ड नं0-03 में माँ ज्वाला देवी मन्दिर में संचालित अस्थाई गौशाला में गोबर के लिये टैंक व इण्टरलॉक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 5,68,728.82 | 11,400.00 | 569+102-671 | दो माह |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर | अध्यक्ष, नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर

## खाड़ी पर निर्भरता का खतरा

अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर पैदा हुआ संकट एक बार फिर दुनिया के सामने ऊर्जा सुरक्षा की गंभीर चुनौती लेकर आया है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे महंगाई, आर्थिक अस्थिरता और मंदी का खतरा बढ़ गया है। ऐसे समय में भारत समेत दुनिया के देशों के लिए यह समझना जरूरी है कि दूसरे देशों और वैकल्पिक समुद्री मार्गों पर निर्भरता ऊर्जा संकट का स्थायी समाधान नहीं हो सकती। वास्तविक समाधान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना है और यह लक्ष्य स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार से ही पूरा किया जा सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा आपूर्ति मार्गों में शामिल है। इसके जरिए बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस का परिवहन होता है। यहां किसी भी तरह का सैन्य तनाव या अवरोध पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। पश्चिम एशिया के पिछले संघर्षों का इतिहास भी इसकी गवाही देता है। 1973 के अरब-इजरायल युद्ध के दौरान तेल की कीमतें कई गुना बढ़ गई थीं। इसका असर महंगाई, आर्थिक विकास और शेयर बाजारों पर पड़ा। 1979 में ईरान की इस्लामी क्रांति के बाद भी तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। 1990 में इराक के कुवैत पर कब्जे ने एक बार फिर वैश्विक तेल बाजार को झकझोर दिया। आज परिस्थितियां कुछ अलग जरूर हैं। अमेरिका और रूस जैसे देश स्वयं बड़े ऊर्जा उत्पादक बन चुके हैं, इसलिए पश्चिम एशिया में पैदा होने वाले संकट का प्रभाव पहले की तुलना में कुछ कम किया जा सकता है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि जोखिम समाप्त हो गया है। कोविड महामारी से उबर रही वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं पर ऊर्जा कीमतों का दबाव अब भी गंभीर असर डाल सकता है। भारत जैसी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौती और महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर है। ऐसे संकट के बीच भारत वैकल्पिक स्रोतों और मार्गों की तलाश कर रहा है। रूस, अमेरिका, वेनेजुएला और संयुक्त अरब अमीरात से ऊर्जा खरीद के साथ फुजेरा और ओमान जैसे वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल बढ़ाने की कोशिश हो रही है। ओमान के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और वहां से गुजरात तक पाइपलाइन की संभावनाओं पर विचार भी इसी रणनीति का हिस्सा है। घरेलू स्तर पर तेल और गैस के नए भंडार तलाशने के प्रयास भी जारी हैं। ये कदम तत्काल संकट से निपटने में मदद कर सकते हैं, लेकिन इन्हें स्थायी समाधान मानना उचित नहीं होगा। भारत की दीर्घकालीन ऊर्जा सुरक्षा का रास्ता जीवाश्म ईंधन के नए स्रोत खोजने से ज्यादा स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार से होकर गुजरता है। सौर, पवन, जलविद्युत और अन्य नवीकरणीय स्रोत न केवल आयात पर निर्भरता कम करते हैं, बल्कि ऊर्जा उत्पादन को अधिक विकेंद्रीकृत भी बनाते हैं। चीन इसका बड़ा उदाहरण है। उसकी कुल ऊर्जा खपत भारत से कई गुना अधिक होने के बावजूद स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में उसने उल्लेखनीय प्रगति की है। बिजली उत्पादन में सौर, पवन और जलविद्युत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि वैश्विक ऊर्जा संकटों के प्रति उसकी संवेदनशीलता कम हुई है। स्वच्छ ऊर्जा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका संबंध केवल पर्यावरण से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से भी है। जब कोई देश अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर अत्यधिक निर्भर रहता है तो युद्ध, प्रतिबंध, समुद्री मार्गों की नाकेबंदी या राजनीतिक अस्थिरता सीधे उसकी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। तेल आयात पर खर्च होने वाली बड़ी राशि भी देश के विकास संसाधनों को सीमित करती है। यदि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़े तो यही संसाधन शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर खर्च किए जा सकते हैं। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी ऊर्जा नीति को नए सिरे से देखने की मांग करती है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना केवल आयात बिल घटाने का उपाय नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संकट से निपटने की अनिवार्य शर्त भी है। इसलिए भारत को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण और विद्युत परिवहन जैसे क्षेत्रों में तेजी से निवेश बढ़ाना होगा। होर्मुज का संकट हमें यह सबक देता है कि किसी एक क्षेत्र, देश या समुद्री मार्ग पर अत्यधिक निर्भरता आर्थिक सुरक्षा के लिए जोखिम है।

## दो टूक




# विधानसभा चुनाव और जातीय नारों की मंडी


अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में चुनाव अभी आया नहीं है, लेकिन राजनीति ने मतदाताओं की जातियां गिननी शुरू कर दी हैं। नेताओं के पास बेरोजगारी का आंकड़ा हो या न हो, महंगाई का हिसाब हो या न हो, स्कूलों और अस्पतालों की हालत पर जवाब हो या न हो, लेकिन किस जाति की कितनी आबादी है, किस सीट पर कौन-सा समीकरण बैठेगा और किस समाज को कौन-सा नारा सुनाना है इसका हिसाब खूब तैयार है। यही उत्तर प्रदेश की चुनावी राजनीति की सबसे बड़ी विडंबना है। पांच साल सरकार चलाने के बाद भी चुनाव आते-आते जनता नागरिक नहीं रहती, जातियों का जोड़ बन जाती है।2027 के विधानसभा चुनाव में 403 सीटों का मैदान है। 2022 में भाजपा ने 255 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत लिया था और समाजवादी पार्टी 111 सीटों के साथ मुख्य विपक्ष बनी थी। बसपा सिर्फ एक सीट पर सिमट गई, लेकिन उसके खाते में 12.88 प्रतिशत वोट फिर भी रहे। यानी हाथी हार गया था, लेकिन उसकी परछाई पूरी तरह गायब नहीं हुई थी। यही परछाई अब हर राजनीतिक दल को डराती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में कई सीटों पर कुछ हजार वोट किसी की सरकार बना सकते हैं और किसी की राजनीतिक दुकान बंद कर सकते हैं।2024 ने सत्ता के आत्मविश्वास में पहली बड़ी दरार दिखाई। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में भाजपा 33 पर रह गई, जबकि सपा 37 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन गई और कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। यह परिणाम सत्ता के लिए सिर्फ सीटों की कमी नहीं था। यह चेतावनी थी कि जिसे स्थायी वोट बैंक समझ लिया गया है, वह उतना स्थायी नहीं है। मतदाता को हमेशा एक ही खाने में रखकर राजनीति करने का भरोसा 2024 में टूट चुका है। अब सत्ता की रणनीति को समझिए। चुनावी राजनीति में जब विकास की भाषा कमजोर पड़ती है तो जातीय प्रतिनिधित्व की भाषा तेज हो जाती है। मंत्री कौन बना, संगठन में किस जाति को कितनी जगह मिली, किस समाज का सम्मेलन हुआ, किस नेता ने किस महापुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ये सब अचानक राजनीतिक उपलब्धियां बन जाते हैं। जनता से पूछा जाना चाहिए कि पांच साल में उसके जीवन में क्या बदला, लेकिन चुनावी मौसम




में उससे पूछा जा रहा है कि वह किस जाति के साथ खड़ा है।यही वह जगह है जहां विपक्ष सत्ता को घेर सकता है, लेकिन विपक्ष खुद भी उसी जाल में फंसा हुआ है। समाजवादी पार्टी अब 'पीडीए' में पंडितों के लिए जगह तलाश रही है। यानी जो राजनीति कभी पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की एकजुटता का दावा कर रही थी, अब उसे ब्राह्मणों तक विस्तार देना पड़ रहा है। यह विस्तार अगर सामाजिक न्याय की वास्तविक राजनीति है तो स्वागत योग्य है, लेकिन अगर यह केवल चुनावी गणित है तो जनता को यह फर्क समझने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।क्योंकि ब्राह्मण को सम्मान का पोस्टर दिखाना आसान है, लेकिन उसे सत्ता में वास्तविक हिस्सेदारी देना कठिन। पासी को सम्मेलन में बुलाना आसान है, लेकिन उसके गांव में रोजगार, शिक्षा और सुरक्षा पहुंचाना कठिन। दलित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर फूल चढ़ाना आसान है, लेकिन दलित परिवार को यह भरोसा देना कठिन है कि सरकारी व्यवस्था उसके खिलाफ खड़ी नहीं होगी। राजनीति में नारे सस्ते होते हैं, शासन महंगा।बसपा इस खेल की सबसे पुरानी खिलाड़ी है। कांशीराम ने जिस भाषा में राजनीतिक बहुजन को संगठित किया, मायावती ने समय के साथ उसी भाषा को सोशल इंजीनियरिंग में बदला। कभी 'तिलक, तराजू और तलवार' सत्ता-विरोधी आक्रोश की पहचान बना, तो बाद में 'ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा' उसी पार्टी के सामाजिक विस्तार का प्रतीक बन गया। 2007 में बसपा ने पूर्ण बहुमत हासिल किया। लेकिन 2022 में वही पार्टी सिर्फ एक सीट पर पहुंची। इतिहास का यह व्यंग्य बहुत साफ है जातीय नारा सरकार बनाने में मदद कर सकता है, लेकिन सरकार बचाने के लिए सिर्फ नारा काफी नहीं होता। और अब इस पुराने खेल में चिराग पासवान की लोजपा-रामविलास भी उतर रही है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों को ध्यान में रखकर संगठन विस्तार की तैयारी शुरू की है। अरुण भारती का 'पंडित-पासी-पासवान' नारा इस रणनीति को और स्पष्ट करता है। बिहार की राजनीतिक पहचान रखने वाली पार्टी उत्तर प्रदेश में अपने लिए जमीन खोज रही है और उसकी शुरुआत जातीय सामाजिक गठजोड़ की भाषा से हो रही है।इसमें भाजपा के लिए भी एक असहज सवाल छिपा है। लोजपा-रामविलास एनडीए का सहयोगी है। ऐसे में अगर वह उत्तर प्रदेश की हर सीट पर अपना संगठन खड़ा करने और चुनाव लड़ने की बात करती है तो इसे केवल विस्तार की सामान्य कवायद मानना भोलेपन जैसा होगा। सहयोगी दल चुनाव में जितने बड़े होते हैं, सीट बंटवारे की मेज पर उनकी आवाज उतनी तेज होती है। और अगर वे अलग-अलग सामाजिक समूहों में अपना प्रभाव बढ़ाते हैं तो मुख्य दल के सामने सवाल सिर्फ सीटों का नहीं, वोटों के हस्तांतरण का भी होता है।भाजपा की समस्या यह है कि 2024 के बाद उसे यह साबित करना होगा कि उसका सामाजिक गठबंधन अभी भी उतना ही मजबूत है। सपा की समस्या यह है कि उसे साबित करना होगा कि उसका पीडीए केवल चुनावी संक्षिप्त नाम नहीं है। बसपा की समस्या यह है कि उसे अपने पुराने वोट आधार को फिर से राजनीतिक शक्ति में बदलना होगा। कांग्रेस की समस्या यह है कि उसे गठबंधन की सीटों से आगे अपना स्वतंत्र संगठन खड़ा करना होगा। और छोटे दलों की समस्या यह है कि पोस्टर लगाने और वोट दिलाने के बीच जमीन-आसमान का फर्क होता है।उत्तर प्रदेश का मतदाता अब सिर्फ जाति नहीं देखता। वह जाति के साथ उम्मीदवार भी देखता है, उम्मीदवार के साथ स्थानीय काम भी देखता है और स्थानीय काम के साथ सरकार की विश्वसनीयता भी। आज का युवा जाति की पहचान के साथ नौकरी का सवाल भी लेकर चलता है। किसान जातीय पहचान के साथ फसल और लागत का हिसाब भी पूछता है। शहर का मतदाता धार्मिक पहचान के साथ महंगाई और रोजगार पर भी सोचता है। यानी राजनीति जितनी पुरानी है, मतदाता उतना पुराना नहीं रहा। यही सत्ता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अगर सरकार चुनाव को सिर्फ जातीय सम्मेलन, नारों और प्रतिनिधित्व के आंकड़ों में बदल देती है तो वह असली सवालों से बच तो सकती है, उन्हें खत्म नहीं कर सकती। पांच साल बाद जनता को फिर से यह बताना पड़ेगा कि किस जाति का मंत्री कितना है, तब सवाल उठेगा कि उस जाति के बेरोजगार युवक को मिला क्या?विपक्ष के लिए भी रास्ता आसान नहीं है। सत्ता की आलोचना करना सबसे आसान राजनीतिक काम है। कठिन यह बताना है कि सत्ता में आने के बाद वह क्या अलग करेगा। अगर विपक्ष भी वही जातीय कैलकुलेटर लेकर बैठ गया, केवल जातियों के नाम बदल दिए और नारों की भाषा बदल दी, तो जनता के सामने दो विकल्प नहीं होंगे दो संस्करण होंगे उसी राजनीति के। 2027 का उत्तर प्रदेश इसलिए असली परीक्षा नारों की नहीं, नीयत की करेगा। 'पंडित-पासी-पासवान' हो या पीडीए, हिंदुत्व हो या सामाजिक न्याय हर नारा अंततः वोट की मशीन में जाकर आंकड़ा बनेगा। और आंकड़ा ही बताएगा कि किसने जाति को सम्मान दिया और किसने जाति को सिर्फ चुनावी टिकट समझा।सत्ता को यह भ्रम छोड़ना होगा कि हर चुनाव पिछले चुनाव की कॉपी है। विपक्ष को यह भ्रम छोड़ना होगा कि सत्ता-विरोध अपने आप सत्ता में बदल जाता है। 2024 ने भाजपा को चेताया है, लेकिन विपक्ष को भी कोई खाली चेक नहीं दिया है।

# वैश्विक विमर्श के लिए है आज का दिन


योगेश कुमार गोयल

**अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष**

युवा किसी भी राष्ट्र की जनसंख्या का केवल एक बड़ा हिस्सा नहीं बल्कि उसकी ऊर्जा, रचनात्मकता, नवाचार, परिवर्तन की आकांक्षा और भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी होते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों, समाज और आर्थिक परिस्थितियों में रहने वाले युवाओं की समस्याएं भले ही अलग-अलग दिखाई दें लेकिन उनके सपनों और आकांक्षाओं में आश्चर्यजनक समानता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सम्मानजनक रोजगार, सुरक्षित और स्वस्थ जीवन, सामाजिक न्याय, स्वतंत्र अभिव्यक्ति तथा अपने भविष्य से जुड़े निर्णयों में सार्थक भागीदारी, ये ऐसी साझा आकांक्षाएं हैं, जो सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे पूरी दुनिया के युवाओं को एक सूत्र में जोड़ती हैं। इसी सार्वभौमिक सत्य को रेखांकित करता है अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 का विषय 'विभिन्न परिस्थितियां, साझा आकांक्षाएं'। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस वर्ष की थीम वैश्विक एकजुटता, साझा चुनौतियों और युवा नवाचार को केंद्र में रखती है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है। इस दिवस की अवधारणा 1991 में वियना, ऑस्ट्रिया में आयोजित संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के विश्व युवा मंच के प्रथम सत्र में युवाओं द्वारा रखे गए प्रस्ताव से विकसित हुई थी और 12 अगस्त 2000 को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। तब से यह दिवस युवाओं से जुड़े मुद्दों को वैश्विक विमर्श के केंद्र में लाने तथा उन्हें विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाने का माध्यम बना हुआ है। वर्ष 2026 की थीम अपने आप में आज की युवा पीढ़ी की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करती है। दुनिया का कोई युवा युद्ध और विस्थापन के बीच भविष्य तलाश रहा है, कोई जलवायु परिवर्तन से प्रभावित छोटे द्वीपीय देश में अपने अस्तित्व की चिंता कर रहा है तो कोई कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तेजी से बदलती रोजगार व्यवस्था के बीच अपने कौशल को प्रासंगिक बनाए रखने की चुनौती से जूझ रहा है। कहीं युवा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच नहीं मिलती, कहीं शिक्षा तो है लेकिन रोजगार के अवसर सीमित हैं। कहीं डिजिटल तकनीक अवसरों के नए द्वार खोल रही है तो कहीं डिजिटल विभाजन युवाओं को विकास की मुख्यधारा से बाहर कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र का आकलन बताता है कि शिक्षा, रोजगार, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल समावेशन और मानसिक स्वास्थ्य जैसी चुनौतियां अलग-अलग परिस्थितियों में रहने वाले युवाओं को साझा रूप से प्रभावित कर रही हैं। इसके बावजूद युवा दुनिया की सबसे बड़ी परिवर्तनकारी शक्ति हैं। वे जलवायु कार्रवाई में नेतृत्व कर रहे हैं, सामाजिक उद्यम खड़े कर रहे हैं, डिजिटल समाधान विकसित कर रहे हैं, नई तकनीकों को अपना रहे हैं और अपने समुदायों की समस्याओं के स्थानीय समाधान खोज रहे हैं। भारत के लिए वर्ष 2026 का विषय बेहद प्रासंगिक है। राष्ट्रीय युवा नीति के मसौदे के अनुसार, भारत में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की संख्या 2021 के अनुमान में लगभग 37.14 करोड़ यानी कुल आबादी का लगभग 27.3 प्रतिशत थी। यह विशाल युवा आबादी भारत के लिए अभूतपूर्व जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर है लेकिन तभी, जब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों। उसी नीति दस्तावेज में यह भी रेखांकित किया गया है कि बड़ी संख्या में युवा शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण से बाहर हैं। भारत में विभिन्न कार्यक्रम युवाओं की क्षमता को अलग-अलग क्षेत्रों में विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इन योजनाओं की सफलता का वास्तविक पैमाना यह है कि उनका लाभ अंतिम पंक्ति के युवा तक कितनी प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है। आज युवा केवल नौकरी नहीं चाहता बल्कि वह ऐसी व्यवस्था चाहता है, जिसमें उसकी मेहनत, योग्यता और समय का सम्मान हो। यही कारण है कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, पेपर लीक, परिणामों में देरी और नियुक्तियों की अनिश्चितता जैसे मुद्दे युवाओं के लिए उनके जीवन के वर्षों और सपनों से जुड़े प्रश्न बन जाते हैं। दिल्ली का जंतर-मंतर इस युवा बेचैनी और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बनकर उभरा। परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के मुद्दे पर वहां हुए युवा विरोध प्रदर्शनों ने दिखाया कि अलग-अलग राज्यों और सामाजिक पृष्ठभूमियों से आए विद्यार्थी तथा अभ्यर्थी एक साझा मांग (परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही) के साथ खड़े हो सकते हैं। जून-जुलाई 2026 में परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जंतर-मंतर पर चले प्रदर्शन में देश के विभिन्न हिस्सों से विद्यार्थी, अभिभावक और अभ्यर्थी पहुंचे। कुछ प्रदर्शनकारी लंबे समय तक वहां डटे रहे और परीक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग उठाते रहे। इसी पृष्ठभूमि में झारखंड में युवाओं का हालिया आक्रोश इस वर्ष की थीम को और अधिक जीवंत बना देता है। राज्य में जेपीएससी और जेएसएससी से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में जुलाई से अगस्त 2026 तक आंदोलन तेज हुआ। 22 जुलाई को जेपीएससी ने राज्य सिविल सेवा मुख्य परीक्षा स्थगित की और इसी दौरान सीआईडी ने परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े कुछ लोगों की गिरफ्तारी की, जिसके बाद अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शनों ने व्यापक रूप लिया। 30 जुलाई को रांची में युवाओं और छात्र संगठनों ने जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में मार्च निकाला और 14वीं जेपीएससी परीक्षा की जांच तथा भर्ती व्यवस्था में सुधार की मांग की। अगस्त में आंदोलन और तीव्र हुआ तथा 10 अगस्त को हजारों युवा विधानसभा की ओर मार्च करते हुए पुलिस से भिड़ गए। पुलिस द्वारा आंसू गैस, पानी की बौछार और बल प्रयोग किए जाने की खबरें सामने आई। यह घटनाक्रम बताता है कि जब युवाओं के भीतर रोजगार, परीक्षा की निष्पक्षता और भविष्य की सुरक्षा को लेकर लंबे समय तक असुरक्षा जमा होती रहती है तो असंतोष व्यापक सामाजिक आंदोलन का रूप ले सकता है। इन आंदोलनों का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि युवा अब केवल नीति के लाभार्थी बने रहना नहीं चाहते; वे नीति और व्यवस्था की गुणवत्ता पर सवाल पूछने वाले सक्रिय नागरिक भी हैं। परीक्षा में वर्षों की मेहनत लगाने वाले विद्यार्थी के लिए एक कथित पेपर लीक या भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता केवल एक परीक्षा का संकट नहीं होती।

## कोरस


संजय एम. तराणेकर

### जाति की दीवारों से आगे...

**जाति के नाम बँटी हुई, 'राहों' को अब मोड़ दो, इंसान को इंसान समझ, दिल से रिश्ते जोड़ दो।**

**ना कोई ऊँचा-कोई नीचा, ना जन्म बने पहचान, प्रेम जहाँ पर सच्चा हो जाए, वहीं मिले सम्मान।**

**दो दिल मिलकर कहते हैं- 'हम साथ निभाएँगे, तो समाज की दीवारें कब तक राह रोक पाएँगे?**

**बेटी हो या बेटा कोई भी फैसला हो सम्मान से, रिश्ते बनें विश्वास के, न जाति के अभिमान से।**

**सरकारी सहायता अच्छी, सोच बदलना जरूरी, कागजी योजनाएँ काफी नहीं, दिल से मिटे दूरी।**

**अंतर्जातीय लग्न सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं, भारत की तस्वीर, भेदभाव का कोई चिन्ह नहीं।**

**चलो वो सुबह जगाएँ, जहाँ जाति न रिश्ते तौले, प्रेम, समानता, मानवता के दीप आँगन में डोले।**



# नई पीढ़ी में निरंतर संवाद और जीवंत संगठनात्मक ऊर्जा

जे. नंदकुमार

सौ वर्ष पूरे कर चुका कोई संगठन सामान्यतः अपनी आयु के भार से पहचाना जाता है। उसके इतिहास की चर्चा उसके वर्तमान से अधिक होती है और उसकी स्मृतियाँ उसके भविष्य पर हावी होने लगती हैं। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संदर्भ में स्थिति कुछ अलग दिखाई देती है। संघ की शताब्दी का सबसे उल्लेखनीय पक्ष उसका अतीत नहीं बल्कि उसकी युवा होती वर्तमान चेतना है। आज यदि संघ की किसी शाखा में जाएँ तो वहाँ उसकी शताब्दी का भार नहीं, बल्कि सोलह वर्ष की ऊर्जा दिखाई देती है। यही वह बिंदु है जहाँ संघ और नई पीढ़ी के संबंध को समझना आवश्यक हो जाता है। हाल ही में मुंबई में 6 अगस्त को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का युवाओं के साथ संवाद इसी वास्तविकता का सहज उदाहरण बनकर सामने आया। 'Gen-Z' की भाषा और अभिव्यक्ति के एक लोकप्रिय संकेत को उन्होंने स्वयं अपनाया और मुस्कराकर कहा– 'आज मैंने आपसे एक नई अभिव्यक्ति सीखी। यह छोटा-सा प्रसंग केवल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ कोई मनोरंजक दृश्य नहीं था। इसके पीछे एक गहरा सामाजिक और संगठनात्मक संदेश छिपा था- पीढ़ियों के बीच संवाद तभी संभव है, जब दोनों पक्ष एक-दूसरे से सीखने को तैयार हों। आज 'Gen-Z' 'Gen-Alpha' को लेकर दुनिया भर में चर्चा है। यह ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल तकनीक के साथ बड़ी हुई है, जिसकी भाषा पिछली पीढ़ियों से अलग है, जिसके प्रश्न अलग हैं और जिसकी सामाजिक संवेदनाएँ भी बदल रही हैं। इसलिए स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि एक शताब्दी पुराने संगठन का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति इस पीढ़ी से इतनी सहजता से कैसे संवाद स्थापित कर पाता है? इसका उत्तर किसी संचार-तकनीक में नहीं बल्कि संघ की मूल संगठनात्मक संस्कृति में छिपा है।

**संघ का आरंभ ही युवा ऊर्जा से हुआ**

संघ को समझने के लिए उसके इतिहास के प्रारंभिक क्षणों को याद करना होगा। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने जब कुछ बालकों को साथ लेकर संगठनात्मक कार्य का प्रारंभ किया, तब उनके पास न कोई विशाल संस्थागत ढाँचा था, न संसाधनों की प्रचुरता और न ही किसी स्थापित शक्ति का संरक्षण। उनके पास था-युवा मन, संगठन का संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण। शुरुआत में संघ को 'बच्चों का खेल' कहा गया। उसे 'बॉयज़ क्लब' कहकर उसकी उपेक्षा की गई। लेकिन इतिहास की विडंबना देखिए कि जिस संगठन को कभी बच्चों का खेल समझा गया, उसी ने आगे चलकर देश के सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतिबंध आए। आपातकाल आया। युद्ध और प्राकृतिक आपदाएँ आईं। अनेक स्वयंसेवकों को कठिनाइयों और यातनाओं का सामना करना पड़ा। हर संकट में एक पीढ़ी ने दूसरी पीढ़ी को पीछे छोड़ते हुए दायित्व संभाला। संघ का इतिहास वास्तव में पीढ़ियों के हस्तांतरण का इतिहास है। यही उसकी सबसे बड़ी संगठनात्मक शक्ति है।

**संगठन की आयु और उसकी ऊर्जा**

2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार संघ की शाखाओं की संख्या 88,949 तक पहुँची है। लेकिन किसी संगठन की शक्ति केवल उसकी संख्या से नहीं मापी जाती। अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि उन शाखाओं में सक्रिय कौन है? उत्तर है–युवा। 2025 के विजयादशमी कार्यक्रम में 27,08,186 तरुण और 5,36,955 बाल स्वयंसेवकों की सहभागिता तथा देशभर के पथसंचलनों में लाखों युवाओं और बाल स्वयंसेवकों की भागीदारी केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है। यह उस सामाजिक ऊर्जा का संकेत है जो संघ के संगठनात्मक जीवन को निरंतर गतिशील बनाए हुए है। दैनिक शाखाओं में 60 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी इस तथ्य को और स्पष्ट करती है। कोविड जैसी असाधारण परिस्थिति में भी लगभग 61 प्रतिशत दैनिक शाखा सहभागियों का विद्यार्थी होना यह बताता है कि संघ की संगठनात्मक धारा का बड़ा हिस्सा नई पीढ़ी से जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि संघ को केवल सौ वर्ष पुरानी संस्था कहना अधूरा होगा। संघ सौ वर्ष पुराना है; लेकिन उसकी संगठनात्मक ऊर्जा लगातार नई होती रही है। शायद इसी अर्थ में कहा जा सकता है-संघ की आयु सदा सोलह वर्ष है।

**नई पीढ़ी केवल सहभागी नहीं, उत्तराधिकारी भी है**

युवा शक्ति की वास्तविक परीक्षा केवल किसी कार्यक्रम में उपस्थिति से नहीं होती। वह तब सामने आती है जब युवा अपने समय, प्रतिभा और सुविधा का त्याग कर किसी व्यापक उद्देश्य के लिए स्वयं को समर्पित करता है। शताब्दी वर्ष में पूर्णकालिक विस्तारक के रूप में दो वर्ष देने के आह्वान पर 2,453 स्वयंसेवकों का आगे आना इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह उस पीढ़ी की तस्वीर प्रस्तुत करता है जिसके बारे में अक्सर कहा जाता है कि वह सुविधा, तात्कालिकता और व्यक्तिगत सफलता को सर्वोच्च मानती है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष भी है। आज भी हजारों युवा ऐसे हैं जो अपने व्यक्तिगत जीवन की गति को कुछ समय के लिए रोककर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का निर्णय लेते हैं। यही किसी भी विचार-आधारित संगठन के भविष्य की वास्तविक पूँजी होती है। 2025 की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के संदर्भ में प्रस्तुत आँकड़ा भी उल्लेखनीय है। प्रारंभिक वर्ग में सहभागी 2,22,962 स्वयंसेवकों में से 1,63,000 की आयु 14 से 25 वर्ष के बीच थी। यह संख्या एक प्रश्न भी पूछती है- क्या हम युवा पीढ़ी को केवल उपभोक्ता मानते हैं या उसे समाज-निर्माण का सक्रिय कर्ता भी मानते हैं? संघ की संगठनात्मक दृष्टि का उत्तर स्पष्ट है। युवा भविष्य नहीं है; युवा वर्तमान का कर्ता है।

**डिजिटल पीढ़ी और शाखा का प्रत्यक्ष संवाद**

आज के युवा की दुनिया बदल गई है। उसका सामाजिक संपर्क मोबाइल स्क्रीन पर है, सूचना का प्रवाह सेकंडों में होता है और उसकी भाषा लगातार बदलती रहती है। ऐसे समय में किसी शताब्दी पुराने संगठन का उसके साथ संवाद स्थापित कर पाना अपने आप में अध्ययन का विषय है। लेकिन यहाँ संघ की एक विशेषता सामने आती है। संघ ने नई पीढ़ी से संवाद करने के लिए केवल नई भाषा सीखने की कोशिश नहीं की; उसने उसके बीच जाकर संवाद की परंपरा को ही निरंतर बनाए रखा। 'छ्रश्वद्बठ्ठ ऋस्' जैसे ऑनलाइन माध्यम से कोविड काल में 1,25,000 युवाओं द्वारा संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त करना इसी बदलते परिवेश का संकेत है। 2012 में इस मंच की शुरुआत के बाद से लाखों युवाओं ने इसके माध्यम से संघ की गतिविधियों में रुचि दिखाई है। यहाँ डिजिटल माध्यम साधन है; संबंध का मूल आधार नहीं। मूल आधार है- प्रत्यक्ष संपर्क। शाखा का पूरा ढाँचा इसी प्रत्यक्ष संपर्क पर आधारित है। व्यक्ति से व्यक्ति संवाद, साथ बैठना, साथ खेलना, साथ सीखना और साथ काम करना- यह संगठनात्मक पद्धति किसी सोशल मीडिया एल्गोरिद्म पर निर्भर नहीं है। शायद यही कारण है कि संघ डिजिटल युग की पीढ़ी से संवाद करते हुए भी अपनी मूल संगठनात्मक प्रकृति को बनाए रख सकता है। मुंबई का वह प्रसंग इसलिए महत्वपूर्ण है कि उसमें एक प्रतीक छिपा हुआ है। जब एक वरिष्ठ व्यक्ति युवा की भाषा में प्रयुक्त अभिव्यक्ति को सहजता से स्वीकार करता है, तो वह केवल युवा होने का अभिनय नहीं कर रहा होता। वह यह संदेश दे रहा होता है कि सीखना किसी एक आयु-वर्ग का विशेषाधिकार नहीं है। युवा वरिष्ठों से अनुभव लेता है। वरिष्ठ युवाओं से नवीनता सीखते हैं। यही संवाद किसी संगठन को जीवित रखता है। यदि कोई संगठन केवल अपनी पुरानी पीढ़ी की भाषा में बोलता रहे, तो वह धीरे-धीरे संग्रहालय में बदल जाता है। और यदि वह अपनी मूल दृष्टि छोड़कर केवल नई पीढ़ी की भाषा की नकल करने लगे तो उसकी पहचान समाप्त हो जाती है। संघ के सामने चुनौती इन दोनों अतियों से बचने की है। मूल्य स्थिर रहें, अभिव्यक्ति समयानुकूल हो। ध्येय स्थिर रहे, कार्यपद्धति गतिशील हो। विचार की निरंतरता रहे, लेकिन पीढ़ियों के बीच संवाद खुला रहे। संघ की शताब्दी के संदर्भ में यही सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है।

**सोलह वर्षः आयु नहीं, एक मानसिकता**

'सोलह वर्ष' को यदि केवल युवावस्था की जैविक आयु के रूप में देखा जाए तो संघ की वास्तविकता समझ में नहीं आएगी। सोलह वर्ष यहाँ एक मानसिक अवस्था का प्रतीक है। सवाल पूछने का साहस। नई चीज सीखने की उत्सुकता। असफलता से न घबराने की क्षमता। भविष्य के प्रति विश्वास। और किसी बड़े उद्देश्य के लिए स्वयं को समर्पित करने की आकांक्षा। यही गुण किसी संगठन को वृद्ध होने से बचाते हैं। संघ के पास वरिष्ठता का विशाल अनुभव है लेकिन उसकी शाखाओं में नई पीढ़ी की ऊर्जा है। उसके पास सौ वर्ष का इतिहास है लेकिन उसके सामने भविष्य की अनेक संभावनाएँ हैं। इसलिए संघ की शताब्दी का वास्तविक उत्सव केवल अतीत का स्मरण नहीं हो सकता। उसका वास्तविक अर्थ यह देखना होगा कि अगली शताब्दी के लिए कौन-सी पीढ़ी तैयार हो रही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### हर घर तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के गीत



सरीला (हमीरपुर)। भाजपा विधायक मनीषा अनुरागी की अगुवाई में मंगलवार को नगर में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर खटीकन चौराहा, शहीद दल सिंह पार्क होते हुए विकासखंड परिसर पहुंची। यहां देश के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डीजे पर बज रहे राष्ट्रभक्ति गीत 'मेरा रंग दे बसंती चोला' से युवाओं में उत्साह दिखाई दिया। भाजपा कार्यकर्ता और युवा हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। विधायक के प्रतिनिधि भरत अनुरागी, चेयरमैन पवन कुमार अनुरागी सहित भाजपा पदाधिकारी व स्कूली छात्र मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडे, चौकी इंचार्ज ईश्वर नारायण पांडे सहित पुलिस बल तैनात रहा।


### पांच अवैध मौरंग धुलाई सेंटरों के बिजली कनेक्शन काटे

सरीला (हमीरपुर)। थाना जलालपुर क्षेत्र में संचालित अवैध मौरंग धुलाई सेंटरों के खिलाफ मंगलवार को प्रशासन ने कार्रवाई की। एसडीएम विकास कुमार यादव के नेतृत्व में विद्युत और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम ने पांच धुलाई सेंटरों पर छापेमारी की। कार्रवाई की भनक लगते ही सेंटर संचालक मौके से भाग निकले। टीम ने पांचों सेंटरों के विद्युत कनेक्शन काटते हुए संचालकों को किसी भी हालत में धुलाई कार्य नहीं करने की चेतावनी दी। एसडीएम ने बताया कि सेंटरों की गहन जांच कराई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक अवैध धुलाई सेंटर संचालित होने की जानकारी है, जिससे भूगर्भीय जल पर असर पड़ने की बात सामने आई है।

### सड़क हादसे में मृत युवक का हुआ अंतिम संस्कार

सुमेरपुर। नेशनल हाईवे 44 पर मथुरा के छाता कस्बे के पास गोवंश को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से बाइक टकराने से मृत सुमेरपुर निवासी मनोज कुमार विश्वकर्मा (24) का शव सोमवार देर रात घर पहुंचा। शव पहुंचते ही स्वजनों में चीख-पुकार मच गई। मंगलवार सुबह कस्बे के मोक्षधाम में गमगीन माहौल के बीच उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि बड़े भाई विनोद कुमार ने दी। वार्ड संख्या दो भगत सिंह नगर निवासी मुन्ना विश्वकर्मा का छोटा पुत्र मनोज गुड़गांव में एक निजी कंपनी की बाइक सेवा में कार्यरत था और परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। रविवार को वह अपने साथी अनिल कुटार के साथ बाइक से गुड़गांव लौट रहा था। देर रात छाता के समीप मवेशी को बचाने के प्रयास में हादसा हो गया, जिसमें मनोज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल घायल हो गया। सोमवार को पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद देर रात शव गांव लाया गया था। मृतक अपने पीछे माता-पिता, भाई व भाभी को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

### हाइवे किनारे खड़ी कार खड्ड में पलटी, बाल-बाल बचे भाई बहन



सुमेरपुर। कस्बे से लौटकर चौडरा फतेहपुर जा रहे युवक की हाइवे किनारे खड़ी कार अचानक लुढ़ककर खड्ड में पलट गयी। इस घटना में कार सवार भाई बहन बाल बाल बच गये हैं। राहगीरों की मदद से कार को सीधा करके बाहर निकाला गया। चौडरा फतेहपुर निवासी राजीव सिंह अपनी बहन पूजा सिंह के साथ किसी कार्य से कस्बे में कार से आये थे दोपहर को दोनों कार से वापस चौडरा लौट रहे थे। हाईवे में नवीन गल्ला मंडी के आगे दोनों कार खड़ी करके लघुशंका करने चले गए। इसी बीच कार लुढककर हाइवे किनारे खड्ड में जाकर पलट गई। राहगीरों की मदद से कार को सीधा करके बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों चौडरा के लिये रवाना हो गए।

### हत्यारोपी को आजीवन कारावास व 30 हजार रुपए जुर्माना

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत 31 मार्च 2023 को बबेरू कोतवाली क्षेत्र के ब्योंजा गांव में एक व्यक्ति को उसके रिश्तेदार ने पत्थर कुचल कर हत्या कर दी थी। मृतक के पुत्र कैलाश की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बबेरु पंकज कुमार सिंह ने की। विवेचक ने प्रभावी विवेचना करते हुए 25 अगस्त 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। लोक अभियोजक श्रवण कुमार तिवारी, कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल गौरव दिवाकर तथा पैरोकार कांस्टेबल चक्रधारी के प्रयासों से हत्यारोपी सतना जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र के खोही निवासी रज्जू उर्फशिवपूजन पुत्र रामऔतार को न्यायालय ने आजीवन कारावास व 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

### युवक पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

बांदा। शहर कोतवाली के तिंदवारा गांव निवासी मनीष कुमार तिवारी पुत्र सुशील कुमार ने कर्मचारी के खिलाफधोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि पेट्रोल पंप के बगल उसने रोडीफैक्स टेक्नालाजी लिमिटेड कंपनी खोली है। इसमें करोसेंटर पुत्र नियामी निवासी महेश यादव पुत्र बलबीर कर्मचारी है। लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य देखता है। उसने पार्सलों के अंदर के सामान में फेरबदल किया है। रिटर्न पार्सलों में फेरबदल व धोखाधड़ी करता है।

### खेत में दवा छिड़क रहे किसान की खेत में हुई मौत

महोबा। खेत में दवा का छिड़काव कर रहे एक किसान की अचानक गिरकर मौत हो गई है किसान के परिजनों ने किसी जहरीली कीड़े के काट लेने की आशंका जताई है घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है चरखारी कोतवाली के ग्राम अटकोहां निवासी किसान रामेश्वर प्रसाद यादव पुत्र बारेलाल यादव उम्र 55 वर्ष अपने खेतों में बोई गई उड़द और तिल की फसलों में खरपतवार नष्ट करने के लिए दवा का छिड़काव कर रहे थे। तभी अचानक अचेत होकर गिर गए। परिजनों ने आशंका जाता है कि किसी जहरीली कीड़े ने काट लिया है आसपास मौजूद किसानों ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तुरन्त उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी ले जाया गया। जहां पर डाक्टर ने परीक्षण उपरान्त किसान को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर चरखारी पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम उपरान्त परिवार जनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### 'सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण कराएं'



गुरसराय। खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए छात्राओं को एच पी वी का टीकाकरण किया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओ पी राठौर के निर्देशन एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी की देखरेख में तथा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र पटेल की उपस्थिति में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 से 15 वर्ष की छात्राओं को टीकाकरण कराना अनिवार्य बताया।स्वास्थ्य विभाग की टीम में सहायक शोध अधिकारी डॉ अनुराग गुप्ता, सुपरवाइजर विष्णु आर ,ए एन एम नेहा देवी एवं आशा मीना देवी ने टीकाकरण में सहयोग किया।इस मौके पर बालिका विभाग के प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता , वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ विवेक मुदगल ,प्रवक्ता सुनील व्यास,राम प्रकाश पचौरी,राजेश चंद्र,राजेन्द्र प्रसाद,प्रदीप कुमार सोनी, ऋतु सिंह, संजय दोन्दे रिया,अर्चना मोदी,सरजू शरण पाठक,राज बहादुर सिंह,अमित प्रताप भदौरिया, कौशलेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने आईटीआई का किया निरीक्षण, गंदगी देख लगाई फटकार

**समृद्धि न्यूज, सुमेरपुर, हमीरपुर।**



जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर के साथ मंगलवार की शाम करीब 4 बजे हाईवे किनारे संचालित आईटीआई का औचक निरीक्षण किया। गंदगी मिलने पर तथा छात्र संख्या सही जानकारी नहीं देने पर प्रभारी प्रधानाचार्य को कड़ी फटकार लगाते हुए साफ सफाई करने के सख्त निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के इस कदम से आईटीआई में हड़कंप मच गया है। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल शाम करीब 4 बजे एसडीएम सदर अभिषेक कुमार के साथ आईटीआई में अचानक जा पहुंचे और गहन निरीक्षण किया। आईटीआई कैंपस में गंदगी का अंबार देखकर उन्होंने प्रभारी प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार को कड़ी फटकार लगाई। प्रधानाचार्य जिलाधिकारी को छात्रों की सही संख्या भी नहीं बता सके इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य पद्धति में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से आईटीआई कॉलेज कर्मियों में हड़कंप मच गया है। इसके बाद चंदपुरवा बुजुर्ग पहुंच कर राजस्व विभाग की 11 हेक्टेयर जमीन के साथ डायट का भी निरीक्षण किया।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को खेलों में अवसर देने पर जोर



हमीरपुर। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्तर से नई खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालय स्तर पर प्रतिभा चयन कर न्याय पंचायत से ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तर तक प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिए। सभी खेल मैदानों में खिलाड़ियों की जरूरत के अनुसार बुनियादी सुविधाएं विकसित करने तथा राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल मैदानों की मार्किंग, कोर्ट और रनिंग ट्रैक व्यवस्थित कराने को कहा। तहसील खेल समितियों के गठन, समिति कोष मजबूत करने और जरूरतमंद खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता व खेल किट उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और खेल संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बुजुर्गों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड



बांदा। भारतीय रेडक्रास सोसाइटी जिला इकाई के सौजन्य से आयोजित पंजीकरण शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग महिला-पुरुषों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस दौरान सोसाइटी पदाधिकारियों ने आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की जानकारी दी। शहर के छूटा कुआं स्थित मोदी मंदिर परिसर में मंगलवार को रेडक्रास सोसाइटी जिला इकाई के तत्वाधान में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण शिविर आयोजित हुआ। पंजीकरण शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग महिला-पुरुषों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। साथ ही तमाम बुजुर्गों को आयुष्मान योजना से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनने के बाद लाभार्थी बुजुर्गों में काफी खुशी नजर आई। कहा कि इस तरह के शिविर से पात्र लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने में सुविधा मिलती है। लाभार्थियों ने क्षेत्र में लगातार इस तरह के शिविर आयोजित किए जाने की सराहना की। इसके पूर्व नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू ने फीता काटकर आयुष्मान पंजीकरण शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव अमित सेठ भोलू, एसीएमओ डा.आरएन प्रसाद, डा.ऋषिका सिंह, डा.दिनेश दीक्षित, सभासद अमित साहू, भैरव अवस्थी, विष्णु ओमर, पंकज रावत, कमलेश गुप्ता, गिरजाशंकर, नईम नेता, राधेश्याम गुप्ता, अशोक खरे, पन्नालाल धुरिया, डीडीओ जीशान, हर्षित, कौशलेंद्र सहित तमाम समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## विकास रंजन मलिक बने आजाद अधिकार सेना हमीरपुर के नए जिलाध्यक्ष

सुमेरपुर। आजाद अधिकार सेना की केंद्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के बाद संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की गई हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कस्बा सुमेरपुर निवासी बिकास रंजन मलिक को जनपद हमीरपुर, उत्तर प्रदेश का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

मनोनयन की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उम्मीद जताई कि नए जिलाध्यक्ष पार्टी की रीति-नीतियों पर चलते हुए पूरी निष्ठा, लगन और परिश्रम से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बिकास रंजन मलिक समाज में व्याप्त अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएंगे और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा व संघर्ष के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस मनोनयन से स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

## ठढ़ेश्वरी आश्रम से तपोभूमि स्थल तक निकली तिरंगा यात्रा



सुमेरपुर। आजादी के अमृत भाव और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर में ठढ़ेश्वरी आश्रम से तपोभूमि स्थल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लाला रणबीर सिंह ने की। संयोजक किशन ब्यास रहे। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद और विशिष्ट अतिथि शिवनारायण सोनकर रहे। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने देशभक्ति के नारों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए तपोभूमि स्थल तक यात्रा निकाली।

इस दौरान नगर में राष्ट्रभक्ति का माहौल बना रहा। आयोजकों ने लोगों से देश की एकता, अखंडता और सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, जिला मंत्री उमेश दुबे, भार्गव मिश्रा, आदित्य अवस्थी, केके त्रिवेदी, विनय मिश्रा, ओमेश सिंह, रोहित शिवहरे, मीना यादव, गीता ओमर, महेंद्र सिंह गौतम, संतराम गुप्ता, श्याम धुरिया, शरद चंदेल, अमन धुरिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपू गुप्ता, अनुज गुप्ता, रामजी, अजय दुबे, अमित सिंह, अनिल दीक्षित समेत जिला व मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाल कर दिया एकता व अखंड़ता का संदेश

▸ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के पांच मंडलों में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**समृद्धि न्यूज, बांदा।**



भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के पांच मंडलों में उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रभक्ति, एकता व अखंडता और राष्ट्र ध्वज के सम्मान का संदेश दिया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत करते हुए उत्साह बढ़ाया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयघोष से पांच मंडलों की सड़कें और गलियां गूंज उठीं।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को जिले के पांच मंडलों बांदा शहर के उत्तरी मंडल, दक्षिणी मंडल, बबेरू मंडल, जसपुरा मंडल व पैलानी मंडल में जोशोखरोश के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की अगुवाई में शहर के महाराणा प्रताप चौक से अंबेडकर पार्क, जजी चौराहे तक तथा दक्षिणी मंडल की शहर के रामलीला मैदान से महेश्वरी देवी चौराहा, बलखंडी नाका, पद्माकर चौराहे से निकाली गई। यात्रा में भारत माता की जयश् व श्वंदेमातरम् के जयघोष गूंजते रहे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कर रहे सदर विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। यह अभियान देश के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को मजबूत करने वाला है। उन्होंने सभी से अपने घरों में तिरंगा फहरा कर राष्ट्रीय पर्व में सहभागी बनने का आह्वान किया। कहा की तिरंगा हरेक भारतीय के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय एकता अखंडता और राष्ट्र ध्वज के सम्मान का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत कर पुष्प वर्षा करते हुए शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाया। हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। इसमें सभी लोगो को पूरे उत्साह के साथ सहभागी बनना चाहिए। उधर, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में बबेरू में निकाली गई तिरंगा यात्रा रामलीला मैदान से बबेरू चौराहा, सुंदर कुआं से चलकर अंबेडकर चौराहे पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान सभी के हाथों में लहराता तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय और वंदेमातरम का जय घोष करते हे। इस अवसर पर देश भक्ति गीतों से पूरा वातावरण गूंजता रहा। यात्रा ने पूरे मंडल को राष्ट्र भक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश प्रेम की भावना का संदेश दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा की तिरंगा सभी भारतीय के गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। इसी प्रकार जसपुरा मंडल की तिरंगा यात्रा ब्लॉक सभागार से तहसील कार्यालय तक निकाली गई। पैलानी मंडल की तिरंगा यात्रा चिल्ला में उत्साह के साथ निकल कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

## मेडिकल कैंप में 61 दिव्यांग बच्चों के बने प्रमाण पत्र


▸ अगला मेडिकल असेसमेंट कैंप 14 अगस्त को नगर उरई में लगेगा

**समृद्धि न्यूज, उरई।**



महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशानुसार मंगलवार को बीएसए विकास चौधरी के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र मडोरा विकासखंड डकोर में मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शिव दीन चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें कुल 95 दिव्यांग बच्चों का पंजीकरण कराया गया। जिसके सापेक्ष मेडिकल टीम द्वारा 61 दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र जारी करने हेतु संस्तुति की गई। खंड शिक्षा अधिकारी डकोर प्रीति सिंह के नेतृत्व में जिले के स्पेशल एजुकेटर जगत सिंह पाल, ईश्वर चंद्रपाल दीपक पांडे, अंकित सिंह, ब्रह्मानंद राजपूत, मनीष कुमार, वर्षा बिश्नोई व कपूरी देवी के अथक प्रयास से बच्चे ब्लॉक संसाधन केंद्र में पहुंचे और उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु मेडिकल टीम के डॉक्टर द्वारा जांच की गई। मेडिकल टीम में डॉ. शक्ति मिश्रा, डॉ. राम द्विवेदी, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. अर्चना विश्वास व डॉ. सूची वर्मा उपस्थित रहे। मेडिकल असेसमेंट कैंप में विशेष सहयोग दीपेंद्र सिंह व अन्य बीआरसी स्टॉफ का रहा। अगला मेडिकल असेसमेंट कैंप 14अगस्त को नगर उरई में लगेगा।

## चोरों ने धावा बोल नकदी व जेवरात किये चोरी




पनवाड़ी (महोबा)। पुलिस की सुस्ती के चलते चोरों के हौसले बुलन्द है यही कारण है कि जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के मारगपुरा गांव में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और आठ हजार रुपये की नकदी चुरा ली। यह घटना पुलिस चौकी बैंदो क्षेत्र में हुई। मारगपुरा गाँव निवासी पीड़ित प्रमोद यादव पुत्र राजन के अनुसार, सोमवार रात करीब 12 बजे से 2 बजे के बीच अज्ञात चोर उनके घर में दाखिल हुए। चोरों ने एक बक्सा उठाया और उसे गांव के बाहर सड़क तक ले गए। वहां चोरों ने बक्से को खोलकर उसमें रखे लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और लगभग आठ हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर बैंदो चौकी इंचार्ज शिवम पांडे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। सुबह थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह ने भी मौके का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि मामले में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

इस चोरी की घटना से पीड़ित परिवार परेशान है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है और पुलिस के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश है और पुलिस अधीक्षक से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# अवैध कट, सड़क किनारे निर्माण सामग्री व अतिक्रमण पर संयुक्त कार्रवाई करें: डीएम


▸ सड़क सुरक्षा की बैठक में लापरवाही, तेज रफ्तार पर कार्रवाई पर बनी रणनीति

**समृद्धि न्यूज, उरई (जालौन)।**



जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ सुरक्षित, सुगम व व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की। जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि रॉन्ग साइड वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चलाने के साथ ही निर्धारित सीमा से अधिक गति से वाहन संचालित करने वालों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। नगर मजिस्ट्रेट, अधिशासी अधिकारियों, लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे बालू, ईंट, गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री रखकर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर खराब अथवा निष्क्रिय अवस्था में खड़े वाहनों को भी तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राजीव राज, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, सीएमओ एनपी प्रसाद, सीओ राजीव शर्मा, अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, अमित सक्सेना, महेन्द्र सिंह, एआरटीओ सौम्या पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूली वाहन चालकों का होगा चरित्र सत्यापन, अनफिट वाहनों पर एफआईआर के निर्देश



झांसी। कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम ने स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं जीवन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित स्कूली वाहन मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। एडीएम ने स्पष्ट किया कि कोई भी अनफिट स्कूली वाहन सड़क पर संचालित नहीं होगा। 15 स्कूली वाहनों की फिटनेस वैध न पाए जाने पर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने तत्काल फिटनेस कराने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर एफआईआर दर्ज कर वाहन का परमिट/पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि फिटनेस समाप्त पाए गए 09 स्कूली वाहनों को संबंधित थानों में बंद कराया गया है। वहीं, पंजीयन निरस्त किए गए 14 वाहनों का संचालन किसी भी स्थिति में सड़क पर न होने दिया जाए और ऐसे वाहन मिलने पर सीज करने की कार्रवाई की जाए बैठक में एडीएम ने पुलिस वेरिफिकेशन एवं चिकित्सीय परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों को तीन दिन के भीतर स्कूली वाहनों एवं चालकों से संबंधित समस्त जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा।

# पुरानी रंजिश में पिकअप से रौंदे गये घायल शिक्षक की इलाज के दौरान मौत

▸ परिजन शव लेकर एसपी कार्यालय पहुँचे, आश्वासन पर शव पीएम को भेजा

**समृद्धि न्यूज, ललितपुर।**



तीन साल पूर्व हुई मौत की रंजिश में बहनोई के परिजनों व अन्य दबंगों की मारपीट कर घायल हुए शिक्षक की झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजन मृतक का शव लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मामले को लेकर पीड़ित के परिवार द्वारा दिए गए शिकायती पत्र पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया था। बताते चलें कि मृतक पर वर्ष 2023 में ससुराल आये मृतक के जीजा की संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिरकर मौत हो गई थी, जिसमें ससुरालियों पर अपने जीजा की हत्या का आरोप लगा था और उसके खिलाफ मामला दर्ज होकर ससुर व साला जेल भी गया था। इसी मामले को लेकर दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसमें विपक्षियों ने दो बार मृतक की हत्या करने का प्रयास किया था, लेकिन वह दो बार ही चूक गये और तीसरी बार में उन्होंने घेर कर घटना को अनजाम दिया। इस मामले में घटना की प्रत्यक्षदर्शी मृतक की मासूम बच्ची ने भी दबंगों की क्रूरता बयान की, जिसे सुनकर रोंगटे खड़े हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह करीब 12 बजे ग्राम झरकौन निवासी 30 वर्षीय अभय सिंह पुत्र मगन सिंह अपनी 5 वर्षीय पुत्री भाग्यश्री को सकूल से लेकर स्कूटी से अपने घर वापिस आ रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह बानपुर रोड पर ग्राम खोखरा के आगे पहुंचे, तभी पीछे से आ रही विपक्षियों से भरी पिकअप ने उन्हें टक्कर मारकर रोंदने का प्रयास किया। जब टक्कर लगने के बाद पिता पुत्री सड़क पर गिर गए, तब उन पर पत्थर पटक कर उन्हें जान से करने का प्रयास किया। हालांकि वहां से गुजर रहे राहगीरो ने जब ललकार, तब पिकअप सवार करीब आधा दर्जन दबंग वहां से रफू चक्कर हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में अमर सिंह को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था, जहां मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जबकि चोटिल हुई पुत्री का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

# ट्रकों की भीषण भिड़ंत में एक की मौत, चार गंभीर

▸ दो गंभीर रूप से घायल मेडिकल कॉलेज किया रेफर

**समृद्धि न्यूज, ललितपुर।**



सागर नेशनल हाईवे 44 पर स्थित सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बिरधा के पास देर रात्रि दो ट्रकों की आमने सामने हुई भीषण भिड़ंत में एक ट्रक के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दोनों ट्रकों में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए। बताया गया है कि स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को इलाज के लिए शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां एक ट्रक के ड्राइवर को परीक्षण के दौरान मृतक घोषित कर दिया, तो शेष पांच का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। बताया गया है कि इसमें से भी दो गंभीर रूप से घायलों को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया गया है कि मृतक को करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन और गैस कटर के माध्यम से ट्रक से बाहर निकाल कर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था।मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक दिल्ली से परचून का सामान भरकर चेन्नई की तरफ जा रहा था बताया गया है कि सोमवार की रात्रि करीब 9 बजे ट्रक जैसे ही सागर नेशनल हाईवे 44 पर जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बिरधा और ग्राम पटउआ के बीच पहुंच ही था, कि सामने की तरफ से रॉन्ग साइड आ रहे दूसरे ट्रक ने उक्त ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों ट्रकों की आमने सामने हुई, जिसमें दोनों ट्रक की हालत चकनाचूर हो गये और रॉन्ग साइड आ रहा ट्रक का ड्राइवर 32 वर्षीय मानसिंह उर्फ मुंशी पुत्र प्रकाश पटेल निवासी ग्राम डोंगरा कला उसमें ही फंस गया। इस दौरान उसके साथ गांव का ही 22 वर्षीय बृजेश पुत्र गणेश और मौनू पुत्र ज्ञानी भी मौजूद था, जिसमें उक्त दोनों गंभीर रूप से घायल हुए।

# डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**विकास कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं की प्रगति में सुधार करने के दिए गए निर्देश**

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड (विकास कार्यों से संबंधित) पर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार योजनाओं की प्रगति, निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धियों तथा सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की रैंकिंग एवं प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित आंकड़ों को केवल रैंकिंग के दृष्टिकोण से न देखा जाए, बल्कि योजनाओं के वास्तविक धरातलीय प्रभाव को सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उनमें कारणों की समीक्षा कर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के साथ ही योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों की प्रगति में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, उप निदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरवी सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 28वीं अंतरजनपदीय एथलेटिक क्लस्टर प्रतियोगिता शुरू

- प्रतिभागियों को खेल अनुशासन के लिए किया प्रेरित
- महिला और पुरुष पुलिसकर्मी कर रहे हैं प्रतिभाग

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।



रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को 28वीं अंतरजनपदीय लखनऊ जोन एथलेटिक क्लस्टर (महिला/पुरुष), एथलेटिक एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के विभिन्न जनपदों से आए महिला और पुरुष पुलिसकर्मी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत एथलेटिक्स और साइकिलिंग की विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें पुलिसकर्मी अपनी शारीरिक दक्षता, खेल प्रतिभा और प्रदर्शन का दमखम दिखाएंगे। उद्घाटन समारोह में प्रतिभागियों को खेल भावना, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस बल में शारीरिक दक्षता के साथ टीम भावना, आत्मविश्वास और अनुशासन के महत्व पर भी जोर दिया गया। प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतिभाग करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी टीमों और खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रजेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक, पीटीएस सुलतानपुर रहे।इस मौके पर एसपी चारु निगम, एएसपी वृजनारायण सिंह,सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर,घायल

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** कुड़वार मायंग मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। मंगलवार को धनपतगंज थाना क्षेत्र के माधवपुर तीर सरांव गांव निवासी बाइक सवार सचिन मिश्रा (25) पुत्र स्व अरुण मिश्रा को सरपतहिया प्रतापपुर गांव के पास अनियंत्रित अज्ञात चार पहिया वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवक को सीएचसी पहुंची। जहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। आपातकालीन सेवा के चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस कर्मियों को भेजा गया था। तहरीर नहीं मिली है।

# महिला की मौत से हड़कंप, क्लीनिक सीज

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।



कादीपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैयाबाजार में कथित रूप से गर्भपात कराने के बाद 27 वर्षीय महिला की मौत का मामला सामने आने से स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। महिला की हालत बिगड़ने के बाद उसे गंभीर अवस्था में लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संबंधित पॉली क्लीनिक को सीज कर दिया है। मुस्तफाबाद सरैया बाजार निवासी गुड़िया निषाद पत्नी बृजेश निषाद करीब तीन माह की गर्भवती थी। परिजनों के मुताबिक कुछ दिन पहले शांति उर्फ बुआ नामक महिला ने उसका गर्भपात कराया था। आरोप है कि शांति कथित तौर पर अबॉर्शन और डिलीवरी का काम करती थी। गर्भपात के बाद आठ अगस्त को गुड़िया की अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर ले गए, जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह करीब नौ बजे उसकी मौत हो गई।

महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शांति उर्फ बुआ और भीम चरन के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, सीएमओ द्वारा गठित चिकित्सकों की टीम ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मुस्तफाबाद सरैयाबाजार स्थित पॉली क्लीनिक को सीज कर दिया। सीओ विनय गौतम ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

# ग्राम प्रधान के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

धनपतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने और विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के प्रधान आलोक मिश्रा उर्फ खुशबू पर जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाने और फोन पर अश्लील बातें कर परेशान करने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार, 24 जुलाई की रात करीब 12 बजे प्रधान तीन अज्ञात लोगों के साथ उसके घर पहुंचा और जबरन घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया।महिला के शोर मचाने और विरोध करने पर आरोपितों द्वारा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप है। शोर सुनकर पहुंचे पति के साथ लाठी-डंडे और लात-घूंसों से मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति को जबरन वाहन में बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाया गया और उसका मोबाइल भी छीन लिया गया।

थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पोषण योजनाओं की प्रगति पर डीएम नाराज



समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

- शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

जिला पोषण समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई। बैठक में पोषण योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं और पुष्टाहार वितरण की समीक्षा की गई।

पोषण ट्रैकर पर बच्चों के वजन की शत-प्रतिशत फीडिंग के निर्देश दिए गए। समीक्षा में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का 99.68 प्रतिशत वजन दर्ज मिला। जिले में 1,528 सैम और 3,487 मैम बच्चे चिन्हित किए गए हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का गृह भ्रमण 98.61 प्रतिशत रहा। फेस कैप्चर के माध्यम से पुष्टाहार वितरण 88.81 प्रतिशत पाया गया। पीपी कमैचा परियोजना में यह आंकड़ा 72.51 प्रतिशत मिलने पर डीएम ने सुधार के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति 38.82 प्रतिशत मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अगली बैठक तक लक्ष्य पूरा करने की कार्ययोजना मांगी। जिले के 48 केंद्रों पर बर्तन उपलब्ध नहीं हैं, जबकि 37 आंगनबाड़ी भवन अधूरे हैं।

वहीं 845 केंद्रों पर जलापूर्ति और 252 केंद्रों पर बिजली कनेक्शन नहीं है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

# खबरें एक नजर में

## शिक्षक संघ ने एडी बेसिक से की मुलाकात



**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष संतोष सिंह प्रतापगढ़ी के नेतृत्व में सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, अयोध्या मंडल तथा प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने जनपद के शिक्षकों की वर्तमान समस्याओं और उनसे जुड़ी विभिन्न मांगों से अधिकारियों को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री राहुल तिवारी, जिला संरक्षक विजय प्रताप सिंह तथा करौंदीकला ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह शामिल रहे। पदाधिकारियों ने शिक्षकों के हितों से जुड़े विषयों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की और समस्याओं के समाधान की अपेक्षा जताई। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संगठन के माध्यम से शिक्षकों के हितों की रक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विभाग और शिक्षकों के बीच बेहतर प्रशासनिक समन्वय बनाए रखने की अपेक्षा जताई। प्रतिनिधिमंडल ने भी विभागीय अधिकारियों के साथ सकारात्मक समन्वय बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

## घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग

**भादर/अमेठी।** ग्राम पंचायत भादर में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम अमेठी पंकज कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपकर लाइन को आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि हाईटेंशन लाइन कई मकानों के ऊपर से गुजर रही है, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। उनका आरोप है कि पिछले एक माह में तीन लोग लाइन की चपेट में आ चुके हैं। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि एक माह के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर वे क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

## पंचायत भवन में हुई चोरी

**सुल्तानपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पंचायत भवन पैगापुर में सोमवार की रात दरवाजे की कुंडी काटकर कर चोरो ने हाथ साफ कर दिया। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर प्रशासक ने प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पैगापुर प्रधान/प्रशासक मुस्तफा पुत्र रियाजुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मंगलवार को सुबह 08 बजे घर से बाजार के लिए निकला तो देखा कि पंचायत भवन का गेट खुला है।मौके पर जाकर देखा तो दरवाजे की कुंडी का हुक टूटा था। कार्यालय के अंदर कंप्यूटर सिस्टम, सीसीटीवी का डीवीआर,इनवर्टर सहित दो बैटरी व मेज पर रखे अभिलेख चोरी हो गए थे।नगर कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला जवान का शव

**रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के रूपामऊ रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान ध्रुव पुत्र प्रवीन कुमार, निवासी जदतल पोस्ट रलिया, थाना कसौला, जनपद रेवाड़ी, हरियाणा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ध्रुव इंडियन आर्मी में तैनात था और उसकी पोस्टिंग प्रयागराज में थी। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग आठ बजे रूपामऊ रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध परिस्थितियों में ध्रुव का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर जीआरपी पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने कुछ दोस्तों के साथ कहीं घूमने के लिए गया था। इसी दौरान उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।जवान की मौत की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होने की उम्मीद है।घटना को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। आखिर सेना के जवान की मौत किन परिस्थितियों में हुई और वह रेलवे स्टेशन के पास कैसे पहुंचा, पुलिस इन बिंदुओं की भी जांच कर रही है।

## सलोन विधायक ने लगाया जनता दरबार, सुनीं समस्याएं

**रायबरेली।** क्षेत्र के जनता की समस्याओं को सुनने और उनके निस्तारण के लिए सलोन विधायक अशोक कोरी ने अपने आवास पर जनता दरबार लगाया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, पुलिस सहित अन्य विभागों से जुड़ी अपनी समस्याएं विधायक के सामने रखीं जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर की बात, जल्द कार्रवाई के निर्देश दिया है। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक अशोक कोरी ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए।विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। जनता को अपनी समस्याओं के लिए अनावश्यक रूप से अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ समय से उपलब्ध कराया जाए।

## गैरिकपुर गोशाला में अव्यवस्थाओं का आरोप, जांच की मांग

**भेंटुआ/अमेठी।** विकासखंड भेंटुआ की गैरिकपुर ग्रामसभा स्थित गोशाला में अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि मृत गोवंशों के शवों का समुचित निस्तारण नहीं किया जा रहा, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण का खतरा बना हुआ है। कप्तान विक्की विकास, रामप्रताप, रवि सिंह सहित दुबे का पुरवा व उसके गांव के अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गोशाला में गोवंशों की मौत के बाद शव खुले में पड़े रहते हैं, जिन्हें कुत्ते नोचते हैं। ग्रामीणों ने नियमित सफाई, जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं गौसेवक ने बताया कि मजदूर लगवाकर सफाई कराई जा रही है और बारिश के कारण कीचड़ हो गया था। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष ने बताया कि गोशाला की साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की है।

# हारीपुर से घटकौर तक निकली तिरंगा यात्रा, नारों से गूंजा क्षेत्र

समृद्धि न्यूज, भेटुआ/अमेठी।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल भेटुआ द्वारा सोमवार को हारीपुर से घटकौर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भाग लिया तथा देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष निमिषा त्रिपाठी ने किया। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष महात्मा प्रसाद तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अश्वनी शुक्ला, महामंत्री बृजेश पांडेय, प्रीति, अमित तिवारी, अर्पित तिवारी, हीरापुर प्रधान विजय कुमार तिवारी,



शहरी के राकेश सिंह तथा घाटकौर के संजय शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा में अमेठी राजघराने की सदस्य संभवी अनंत विक्रम सिंह भी शामिल हुईं। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन-बान और शान का प्रतीक है तथा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करे। यात्रा के दौरान क्षेत्र में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

## चोरों ने घर से सोने-चांदी के जेवरात किया पार

**महराजगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के नरायनपुर मजरे मोन गांव में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नरायनपुर निवासी रामसागर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार की रात करीब 10 बजे वे अपने परिवार के साथ घर के प्रथम तल पर सोए थे। अगली सुबह वे परिवार सहित गांव में ही स्थित अपने दूसरे मकान पर चले गए। मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे जब वे वापस लौटे, तो देखा कि घर के दूसरे तल पर रखे बक्से का ताला टूटा पड़ा था और सारा सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि बक्से में रखे लाखों के गहने गायब थे। पीड़ित राम सागर के मुताबिक चोरी हुए कुल सामान की कीमत करीब पांच लाख रुपये है। घटना की जानकारी तुरंत डायल 112 पर पुलिस को दी गई।

# केएनआई के इग्नू अध्ययन केंद्र पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित

- ऑनलाइन प्रक्रिया से लिया जा सकता है प्रवेश
- एससी-एसटी विद्यार्थियों के लिए भी किफायती शुल्क की है व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान (केएनआई) स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र पर मंगलवार को कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य परिसर और विधि परिसर में एक साथ किया गया। शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य प्रो. एसपी सिंह और उपप्राचार्य एवं इग्नू समन्वयक डॉ. शक्ति सिंह ने मां सरस्वती और संस्थान के संस्थापक बाबू केएन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य प्रो. एसपी सिंह ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को इग्नू की दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नौकरीपेशा, महिलाओं और किसी कारणवश नियमित शिक्षा पूरी नहीं कर पाने वाले विद्यार्थी भी इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश ऑनलाइन प्रक्रिया से लिया जा सकता है। एससी-एसटी विद्यार्थियों के लिए भी किफायती शुल्क की व्यवस्था है। इग्नू समन्वयक डॉ. शक्ति सिंह ने रोजगारपरक कार्यक्रमों, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-कंटेंट, ज्ञानदर्शन टीवी चैनल और परामर्श कक्षाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इग्नू विद्यार्थियों को रोजगार के लिए प्लेसमेंट सेवाओं के माध्यम से भी सहायता उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम में डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह, डॉ. अतुल सिंह, डॉ. सुधाकर शुक्ला, डॉ. सुभाष, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. आरपी मिश्रा, एसके मिश्रा समेत करीब 300 विद्यार्थी मौजूद रहे।

# प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले

समृद्धि न्यूज, अमेठी।

- खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में मुकाबलों को लेकर है उत्साह

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न मंडलों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता 10 से 17 अगस्त तक आयोजित की जा रही है।

मुख्य अतिथि क्रीड़ाधिकारी सुल्तानपुर राजेश कुमार सोनकर की मौजूदगी में खेले गए मैचों में प्रयागराज ने बरेली को 2-1, मेरठ ने अयोध्या को 4-0, आजमगढ़ ने देवीपाटन को 8-0 तथा मिर्जापुर ने गोरखपुर को 2-0 से हराया। बस्ती और कानपुर के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। उपक्रीड़ाधिकारी अरविंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 17 अगस्त को खेला जाएगा। इस दौरान एम.एस. बेग, विनोद कनौजिया, सुरेंद्र सिंह चौहान सहित खेल विभाग के अधिकारी, निर्णायक एवं खेल कर्मी मौजूद रहे। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में आगामी मुकाबलों को लेकर उत्साह बना हुआ है।

## साधना से दूर होते हैं मनुष्य के भीतर के विकार: पं. चंद्रभान मिश्रा

**अमेठी।** चालीस दिवसीय गायत्री महापुरुश्चरण साधना के 13वें दिन आयोजित पूजन-अनुष्ठान में पं. चंद्रभान मिश्रा ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और ईर्ष्या जैसे विकार मनुष्य की चेतना को बांध देते हैं। इनसे मुक्ति का मार्ग आत्मचिंतन और साधना है। उन्होंने कहा कि साधना केवल मंत्रजप या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को श्रेष्ठ दिशा देने वाली प्रक्रिया है। आत्मसंयम, सेवा, करुणा, सद्भाव और परोपकार को जीवन में अपनाकर व्यक्ति अपने विचारों और आचरण का परिष्कार कर सकता है। उन्होंने साधकों से नियमित उपासना के साथ श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. त्रिवेणी सिंह, चिरौंजी लाल, सुभाष चंद्र द्विवेदी, अनिल पांडे, राम बहादुर पांडे, सुधा गुप्ता, शीला जायसवाल, सावित्री जायसवाल, शकुंतला पांडे, कुसुम शर्मा और अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में साधक उपस्थित रहे।

# सर्पदंश से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

- शादी की खुशियां मातम में बदली दिसंबर में होनी थी शादी

समृद्धि न्यूज,सतांव-रायबरेली।

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के भागीखेड़ा गांव में मंगलवार भोर चारपाई पर सो रहे 24 वर्षीय युवक को काले सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी जतुवा टप्पा ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल और फिर एम्स रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। दिसंबर में उसकी शादी होनी थी। भागीखेड़ा मजरे कोंसा निवासी सोहनलाल पुत्र अनुज कुमार कृष्णपुर



ताला में हेयर सैलून चलाता था। सोमवार रात भोजन करने के बाद वह घर में चारपाई पर सो गया। मंगलवार भोर करीब चार बजे कुछ काटने का एहसास हुआ तो उसकी नींद खुली। तेज दर्द होने पर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी जतुवा टप्पा लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने सर्पदंश की पुष्टि कर उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां भी हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने एम्स भेज दिया, जहां उपचार के दौरान अनुज ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक 25 फरवरी को अनुज का तिलक हुआ था और पांच दिसंबर को शादी होनी थी। शादी की तैयारियों के बीच हुई मौत से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। अनुज पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसके दोनों बड़े भाई अरुण और तरुण तथा तीनों बहनों शांति, शन्नो और सरिता की शादी हो चुकी है। अनुज का तिलक और छोटी बहन सरिता की बारात एक साथ हुई थी।

# इमरजेंसी में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक

- जिला चिकित्सालय: इमरजेंसी के दरवाजे पर लगाई गई नोटिस

समृद्धि न्यूज,रायबरेली।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था को बेहतर बनाने और लगातार सामने आ रहे विवादों पर रोक लगाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने शख्ती बढ़ा दी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देश पर इमरजेंसी वार्ड के बाहर और अस्पताल परिसर में नोटिस चस्पा की गई है। इसके तहत बिना अनुमति के बाहरी आदमियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक पिछले दिनों जिला अस्पताल से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे इनमें मरीजों को बाहर की दवाई लिखे जाने, तिमारदारों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच विवाद तथा अस्पताल की व्यवस्था में हस्तक्षेप के मामले सामने आए थे। इन घटनाओं के वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल की कार्य प्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे थे। सीएमएस डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में अनाधिकृत लोगों की मौजूदगी से चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को मरीजों के उपचार में परेशानी होती है कई बार अनावश्यक भीड़ के कारण व्यवस्थाएं प्रभावित होती है इसी को देखते हुए इमरजेंसी क्षेत्र में केवल मरीजों और आवश्यक तिमारदारों की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति वीडियो बनाने, इमरजेंसी व्यवस्था में बाधा डालने या परिसर में अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। अस्पताल में इलाज की व्यवस्था प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर परिस्थितियों के अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा अस्पताल के डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को भी मरीजों और उनके तिमारदारों की समस्याओं का जल्द समाधान कराने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने कर्मचारियों से कहा है कि किसी जानकारी व सहायता के लिए आने वाले लोगों को समय से सही सूचना उपलब्ध कराई जाए।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत मानिकपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी पंकज कुमार राय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रोहित यादव, कांस्टेबल रामलखन यादव और सूरज कुमार की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चौरही बाईपास कौशांबी रोड से आरोपी छब्बेलाल सोनकर 26 वर्ष निवासी सुल्तानपुरए मानिकपुर को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाने में बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह किशोरी को बहला फुसलाकर परियावां ले गया था और वहां छिपाकर रखा था।

# करंट की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

अंतू थाना क्षेत्र के कपासी गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया जहां घर में स्टेपलाइजर के माध्यम से विद्युत लाइन ठीक कर रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद से ही मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक कपासी गांव निवासी राम मिलन शुक्ला 45 पुत्र यदुनन्दन शुक्ला मंगलवार को अपने घर में रखे स्टेपलाइजर के जरिए बिजली की लाइन ठीक कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक आए तेज करंट की चपेट में आ गए। करंट का जोरदार झटका लगते ही वह बदहवास होकर स्टेपलाइजर पर ही गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन राम मिलन को गंभीर हालत में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख.पुकार मच गई और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना की सूचना पर मेडिकल कॉलेज पहुंची अंतू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# समस्याओं का समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

▸ संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



संयुक्त शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों अनूप मिश्रा अध्यक्ष , सत्येंद्र सिंह यादव मंत्री , शैलेंद्र दुबे यूटा संरक्षक के नेतृत्व में ने बीडीओ दीपांकर आर्य को ज्ञापन सौंपकर प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। मंत्री सत्येंद्र सिंह यादव ने कहा बरसात में विद्यालय तक बच्चों पहुंचना कीचड़ भरे रास्ते के कारण बेहद चुनौती पूर्ण है ।कुछ विद्यालयों में कई फिट पानी भर जाता है। यूटा संरक्षक शैलेन्द्र दुबे ने कहा विद्यालयों में सफाई कर्मी महीनों नहीं जाता है। इनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निश्चित रोस्टर बनाया जाए और प्रधानाध्यपकों से इनकी उपस्थिति प्रमाणित करना सुनिश्चित करवाएं। अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने कहा बिना बाउंड्री के विद्यालयों में छुट्टी के बाद जानवर और अराजक तत्व विद्यालय का परिवेश बिगाड़ देते है जिससे शिक्षकों के सामने समस्या उत्पन्न हो जाती है।

जूनियर शिक्षक संघ के मंत्री श्यामवीर शाक्य ने कई विद्यालयों में पेय जल की समस्या को उठाया। इसके अलावा प्रभात दुबे, विनोद मिश्रा, ज्ञानेंद्र यादव, गौरव यादव, दिवाकर त्रिपाठी, सौरभ कुमार ने भी विचार व्यक्त किए। संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी कि अगस्त माह के अंत तक कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई तो सितंबर के प्रथम सप्ताह से ब्लॉक परिसर में क्रमिक धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा,जिसकी समस्त जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी की होगी। इस दौरान राजेश पाठक, ओमकार यादव, नीलिमा त्रिपाठी, मीना, उर्वशी यादव, सुलेखा गौर,तबस्सुम, निधि चौहान, प्रीति, भावना, वंदना, राघवेंद्र यादव, शिवम चक्रवर्ती, राजेश यादव, ब्रजेश बघेल, असित दुबे, सौरभ माथुर, भारतेंदु, मो. इकबाल, प्रदीप दीक्षित, उपेंद्र कुमार, रवि दुबे, अटल दीक्षित, राजेश कुमार, रोहित यादव, दलविंदर सहित सैकडो शिक्षक उपस्थिति रहे।

## संगठन सृजन अभियान में मांगे जिला और शहर अध्यक्ष पद के आवेदन

**कन्नौज।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पीसीसी उपाध्यक्ष शरद मिश्रा और पीसीसी पर्यवेक्षक इमरान अली ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने नए जिला अध्यक्ष और कन्नौज शहर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन मांगे। बताया कि ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उनकी राय ली जाएगी और उसी आधार पर अध्यक्षों का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ, जिसमें सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।
पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी जिलों में पर्यवेक्षक भेजे गए हैं। वे कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठनात्मक चुनाव की तैयारी और प्रक्रिया की जानकारी जुटा रहे हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इलाहाबाद में राहुल गांधी के छात्रों के संवाद कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ से भाजपा बौखलाई हुई है।

# कृति गुप्ता का आयकर विभाग में चयन

▸ उद्योग व्यापार मंडल ने किया सम्मान

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आयकर विभाग में चयनित कृति गुप्ता को माल्यार्पण कर चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

किराना व्यापारी समीर गुप्ता एवं उमा गुप्ता की पुत्री कृति गुप्ता ने नगर के सेंट मारिया पब्लिक स्कूल से 2020 में इंटरमीडिएट और छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर से 2025 में ग्रेजुएशन पूरा किया। वर्तमान में वे पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं। इसी बीच उन्होंने एसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर आयकर विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट पद पर चयन हासिल किया। प्रशिक्षण के लिए वे मुंबई आयकर कार्यालय जा रही हैं, जहां सितंबर में उनकी जॉइनिंग होगी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता 'लालू' ने कृति को बधाई देते हुए कहा कि छोटी जगह से निकलकर बड़ी सफलता हासिल करना युवाओं के लिए प्रेरणा है। महामंत्री नीरज भाटिया ने कहा कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

कार्यक्रम में नरेश कुमार गुप्ता गोल्डी, अमित भारतीय, राहुल गुप्ता मोंटी, प्रभाकर गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, संजीव कुमार गुप्ता गांधी, सुशांत गुप्ता सोनू, वीर गोयल एवं अजयभान पिंटू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## राजकीय व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने जाने सुरक्षा और संरक्षा के गुर



**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ( एससीईआरटी) लखनऊ द्वारा विकसित कवच मॉड्यूल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परिवर्तन के इस दौर में प्राकृतिक आपदाओं के साथ मानव जनित आपदाओं की घटनाएं बढ़ी है। इनसे बचने के लिए पूर्व तैयारी, घटना के दौरान सामना करने के उपाय व घटना के बाद पुनर्वास व अन्य उपायों आदि की चर्चा आधारित यह प्रशिक्षण वर्तमान में समसामयिक है। प्रशिक्षण प्रभारी शरद यादव ने इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की। मास्टर ट्रेनर अच्युत त्रिपाठी ने विभिन्न अप्रिय स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा एवं संरक्षा संबंधित उपायों की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर सुमित कुमार गुप्ता ने साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकार व उनसे बचने से संबंधित जानकारी दी। एआरपी सुशील कुमार ने यातायात संबंधित सुरक्षा उपाय व दुर्घटना के बाद उसके गोल्डन आवर समयावधि में चिकित्सकीय सहायता प्रदान किए जाने की बात कही। डायट प्राचार्य डॉ अमित कुमार सिंह ने सफल प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागियों व सन्दर्भदाताओं को बधाई दी।

# सवर्णों के लिए बनाया जाए सवर्ण आयोग

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



पुराना सौरिख बस स्टैंड स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में सवर्ण मुखिया विनोद कुमार दुबे ने अल्पसंख्यक होते जा रहे सवर्णों के लिए सवर्ण आयोग के गठन की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की घोषणा की है लेकिन हम लोगों की सवर्ण आयोग के गठन की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया।बढ़ती महंगाई ने सवर्णों की स्थिति को दयनीय बना दिया है। हिंदू जातियों में सवर्ण अब अल्पसंख्यक हो चुके है, इसलिए उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य जातियों और धर्मों के लिए आयोग बने हैं, तो सवर्ण आयोग क्यों नहीं? दुबे ने कहा कि भाजपा को सवर्णों की पार्टी कहा जाता है, लेकिन वह सवर्णों को गुमराह कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से जातिगत जनगणना के साथ-साथ आर्थिक गणना की भी मांग की। उन्होंने बताया कि पहले सवर्णों के पास सौ-डेढ़ सौ बीघा जमीन होती थी, लेकिन पारिवारिक बंटवारे के कारण कई लोग भूमिहीन हो गए या उनके पास बहुत कम जमीन बची है। इससे भरण-पोषण की समस्या बढ़ गई है। आर्थिक गणना से सवर्णों को न्याय मिल सकता है।

इस अवसर पर अजय दुबे, आसाराम, संजीव दीक्षित, रामेंद्र सिंह चौहान, सुरेश सिंह तोमर, राजीव अग्निहोत्री, दिनेश पांडेय, भैया लाल दुबे, राजेश, देवकीनंदन दुबे आदि मौजूद रहे।

## अत्याचार के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा हैं वीरांगना फूलन देवी: जिलाध्यक्ष

**कन्नौज।** मक्कापुर में आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर विशाल सभा हुई। पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि फूलन देवी ने अत्याचार के खिलाफ महिलाओं को संघर्ष करना सिखाया। उन्होंने महिलाओं से अपने ऊपर होने वाले शोषण के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की।
जिला प्रभारी पवन गौतम ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए महिलाओं पर अत्याचार बढ़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सांसद चंद्रशेखर आजाद महिलाओं की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। मंडल उपाध्यक्ष पातीराम बौद्ध ने पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। सभा में गुड्डू कठेरिया, नेम सिंह, राजू भारती, ग्रीसभान, योगेंद्र गौतम समेत पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सामुदायिक शौचालय पर लंबे अरसे से लटका ताला

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



ग्राम पंचायत नगला जोर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया गया सामुदायिक शौचालय लंबे समय से बंद पड़ा है। इसे चालू करने को लेकर ग्रामीणों ने जांच व कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा होने के साथ ही परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। क्योंकि कई वर्षों से इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। उनके अनुसार, अंदर पर्याप्त सीटें नहीं हैं और बिजली व पानी की व्यवस्था भी नहीं है। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि सामुदायिक शौचालय के नाम पर सरकारी धनराशि निकाले जाने की चर्चा है। आरोप है कि कई वर्ष पहले बने शौचालय में दोबारा केवल लेटर डालकर काम दिखाया गया और धनराशि निकाल ली गई। हालांकि आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं ग्राम प्रधान से फोन पर बात की गई तो उन्होंने सचिव की जिम्मेदारी बताकर बात को टाल दिया। ग्रामीण मैदान सिंह, अनार सिंह, प्रमोद कुमार, श्याम बिहारी, जय किशन, सतीश चंद्र और लालजीत ने मामले की जांच कराकर शौचालय चालू कराने की मांग की है।

# खबरें एक नजर में

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नगला बरी में मंगलवार तड़के करंट की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक की छह दिन की मासूम बेटी है। जन्म के कुछ ही दिन बाद पिता की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। एटा जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम अमृतपुर निवासी रोहित उर्फ कल्लू (20) पुत्र रणवीर सिंह काफी समय से अपनी बुआ के घर क्षेत्र के नगला बरी में रह रहा था। ग्रामीणों के अनुसार उसकी बुआ की कोई संतान नहीं थी, इसलिए रोहित लंबे समय से उनके साथ रह रहा था। मंगलवार को रोहित की छह दिन की बेटी के छठी संस्कार का कार्यक्रम चल रहा था। तड़के करीब तीन बजे वह डीजे बंद करने गया था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तत्काल सौ शैया अस्पताल ले गए, यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई जितेंद्र ने बताया कि रोहित की शादी पिछले वर्ष 7 मई को शाहजहांपुर निवासी संध्या से हुई थी। घटना के बाद पत्नी संध्या, मां सावित्री देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बीडीओ तीन-तीन गोशाला केंद्रों का करें निरीक्षण : डीएम



**कन्नौज।** गोवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने सभी बीडीओ को अपने क्षेत्र के कम से कम तीन-तीन आश्रय स्थलों का स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का सत्यापन करने के निर्देश दिए। बारिश से बचाव, हरा चारा, भूसा भंडारण, पेयजल और गोवंश के रखरखाव की स्थिति जांचने को कहा। डीएम ने सभी आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर उन्हें जिला कमांड सेंटर से जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि लाइव निगरानी हो सके। निर्देश पर कन्नौज बीडीओ ने चौराचांदपुर, सहजापुर और नेरा, जबकि छिबरामऊ बीडीओ ने खुबरियापुर, अहिरुआ राजारामपुर और भौराराजपुर आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। डीएम ने कमियां मिलने पर तत्काल सुधार कराने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## बहवलपुर में जल्द प्रारंभ होगी चकबंदी प्रक्रिया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम विशुनपुर हासिलपुर उर्फ बहवलपुर मैं चकबंदी प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होगी। इस गांव में नगर पालिका के भी दो वार्ड शामिल हैं। इस गांव के भू-अभिलेख कई वर्ष पहले दौरान चकबन्दी जलकर नष्ट हो चुके है। इसके नवीन अभिलेख तैयार किये जाने है। इसकी तैयारी के सम्बंध में चकबन्दी समिति का गठन किया जाएगा एवं अभिलेख तैयार करने के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। चकबंदी कानूनगो अजय सिंह ने बताया इसकी बैठक नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे की अध्यक्षता मे 14 अगस्त को रामटीला मंदिर बहवलपुर में होना निश्चित हुआ है जिसमें सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## अक्टूबर तक पूरे होंगे 25 निर्माण कार्य

**कन्नौज।** त्वरित आर्थिक विकास योजनाओं के तहत चल रहे 22 निर्माण कार्यों को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अक्टूबर तक पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि निर्माण में देरी बर्दाश्त नहीं होगी। कन्नौज विधानसभा के सात कार्यों के लिए 504.70 लाख, छिबरामऊ के सात के लिए 496.09 लाख और तिर्वा के आठ कार्यों के लिए 497.47 लाख रुपये स्वीकृत हैं। वहीं लोक निर्माण विभाग के तीन कार्यों के लिए 443.42 लाख रुपये स्वीकृत हैं। डीएम ने 20 कार्य एक ही अवर अभियंता के अधीन होने पर गुणवत्ता जांच के निर्देश दिए।

## तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता के जयकारे, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा कन्नौज

**कन्नौज।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से ठठिया और कन्नौज देहात मंडल में मंगलवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग यात्रा में शामिल हुए। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से माहौल गूंज उठा। यात्रा में समाज कल्याण मंत्री एवं कन्नौज सदर विधायक असीम अरुण और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया प्रमुख रूप से शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता की भावना मजबूत करना है। कार्यकर्ताओं ने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर घरों और प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की अपील की। यात्रा में मंडल अध्यक्ष राजन अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पांडेय समेत भाजपा के जिला व मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# तहसीलदार के तबादले की मांग पर लेखपालों का धरना

▸ खतौनी समेत जरूरी दस्तावेज लेने पहुंचे किसान हुए परेशान

**समृद्धि न्यूज तिर्वा/कन्नौज।**

तहसीलदार के तबादले की मांग को लेकर मंगलवार को लेखपाल संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने तहसील मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। लेखपालों ने भूलेख अनुभाग में तालाबंदी कर सरकारी कामकाज ठप कर दिया और तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी की। इससे खतौनी समेत अन्य दस्तावेज लेने पहुंचे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अभिषेक यादव ने तहसीलदार अश्वनी कुमार पर लेखपालों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। उनका कहना है कि तहसीलदार के कार्य व्यवहार से लेखपालों में नाराजगी है और वे उनके साथ काम नहीं करना चाहते। लेखपालों ने बताया कि चार दिन पहले जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को ज्ञापन देकर 10 अगस्त तक तहसीलदार का तबादला करने की मांग की गई थी। मांग पूरी न होने पर मंगलवार को आंदोलन शुरू किया गया। भूलेख अनुभाग में तालाबंदी के बाद लेखपाल एसडीएम वैशाली के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी होने तक कामकाज ठप रखेंगे। एसडीएम से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन वह मौजूद नहीं थीं।

# भारतीय किसान यूनियन ने किया संगठन का विस्तार

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



भारतीय किसान यूनियन (भानु) के संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को गति देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं जिलाध्यक्ष किसान क्रांति दल अमन यादव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में संगठन का विस्तार किया गया।

इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों में अनुराग पाल तहसील सचिव, मोहित कुमार, तहसील उपाध्यक्ष, शिवा गेहार, नगर सदस्य; अंकित नागर, नितिन नागर, अभिषेक शाक्य, सागर नागर, देवेंद्र यादव, ब्लॉक सचिव, तालग्राम; एवं हिमांशु यादव को तहसील सदस्य मनोनीत किया गया। अपने संबोधन में अमन यादव ने कहा कि संगठन सदैव किसानों, मजदूरों व आमजन के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ता रहेगा। उन्होंने सभी नव नियुक्त सदस्यों से ईमानदारी, निष्ठा और सक्रियता के साथ संगठन को गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि 13 अगस्त को जनपद हरदोई में विशाल किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी। उन्होंने पदाधिकारियों व सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस महापंचायत को सफल बनाएं।

इस मौके पर आकाश कश्यप कानपुर मंडल मीडिया प्रभारी, आलोक यादव जिला मीडिया प्रभारी, मनीष राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष छिबरामऊ, प्रशांत पाल तहसील उपाध्यक्ष, एवं किशन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली यात्रा



**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**

विधायक अर्चना पांडे के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा तेरा जैकेट में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मनीष मिश्रा रहे। यात्रा में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, जिला मंत्री राजीव ठाकुर, ब्लॉक प्रमुख राजीव ठाकुर, जिला मंत्री संजीव कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राहुल रतन पांडे, जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, मंडल संयोजक अनुप कुमार दुबे, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, क्षेत्र संयोजक दीपक दुबे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुलदीप तिवारी, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी एवीएन शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर ज्ञान सिंह उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान पदाधिकारियों ने नागरिकों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर हम स्वतंत्रता दिवस को और अधिक गौरवशाली बना सकते हैं।

कार्यकर्ताओं ने पूरे मार्ग में देशभक्ति गीत गाते हुए तिरंगा लहराया। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं भी शामिल रहीं। माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। तेराजाकेट मंडल की तिरंगा यात्रा उद्धालिक श्रषि आश्रम से शुरू होकर ब्राहिमपुर शहीद स्मारक पर विराम हुई।



## पुलिस ने स्टाल लगाकर कांवड़ियों को बांटा हलुआ व फल

**समृद्धि न्यूज़, समधन।** शासन के निर्देशों के क्रम में रामाश्रम चौकी पुलिस की ओर से कांवड़ियों की सेवा के लिए विशेष पहल की गई। चौकी प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में सड़क किनारे टेंट लगाकर स्टाल बनाया गया, जहां गंगा घाट से अपनी-अपनी कांवड़ में जल लेकर मनौती वाले मंदिरों की ओर जा रहे कांवड़ियों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों को सड़क हादसों से बचने के लिए सावधानीपूर्वक यात्रा करने, सड़क पार करते समय सतर्क रहने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। इसके बाद पुलिस की ओर से कांवड़ियों को हलुआ व फल वितरित कर उनकी सेवा की गई और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाओं के साथ उन्हें रवाना किया गया। इस दौरान हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, सिपाही सूरज कुमार, जाकिर अहमद आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## सीएम डैशबोर्ड की खराब रैंकिंग पर डीएम के सख्त तेवर

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जुलाई की रैंकिंग में विकास कार्यों में 60वीं और राजस्व कार्यों में 62वीं रैंक आने पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कमजोर विभागों को तीन दिन में सुधार के निर्देश दिए।
सीटी स्कैन सेवाओं में 56वीं रैंक पर डीएम ने सीएमओ को जांच रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराने और सेवाओं की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। निराश्रित गोवंश की सुपुर्दगी में 58वीं रैंक पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को अंतिम चेतावनी देने को कहा। स्वच्छ भारत मिशन, नई सड़कें, पोषण अभियान, सामूहिक विवाह, पारिवारिक लाभ और फैमिली आईडी में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।
आईजीआरएस में सीएमओ से जुड़े सात में छह मामलों में असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर स्पष्टीकरण मांगा गया। एडीओ पंचायत छिबरामऊ के सभी सात मामलों में असंतुष्ट फीडबैक पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप हो। ई-ऑफिस पर सख्ती करते हुए उन्होंने कहा कि समय पर लॉगिन नहीं करने वाले अधिकारी का वेतन रोका जाएगा।

# मंडलीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में कन्नौज चैंपियन

पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जसोदा में मंडलीय हैंडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




कार्यक्रम के दौरान छात्राएं व मौजूद अतिथि एवं शिक्षक

ब्लॉक क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में मंगलवार को आयोजित मंडलीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में कन्नौज का दबदबा देखने को मिला। कानपुर मंडल के विभिन्न जनपदों से आए बालक व बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कन्नौज ने कई वर्गों में खिताब जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. प्राची गुप्ता व गीता पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण तिरंगा मानव श्रृंखला रही, जिसमें खिलाड़ियों व विद्यार्थियों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। बालक अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 वर्ग में कन्नौज विजेता रहा। बालिका अंडर-14 में कन्नौज विजेता, अंडर-17 में कन्नौज व इटावा संयुक्त विजेता तथा अंडर-19 में कानपुर नगर विजेता और कन्नौज उपविजेता रहा। प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में विद्यालय के अभिषेक ने जीता स्वर्ण पदक

▸ मंडल स्तर के लिए चयन प्रधानाचार्य ने दी शुभकामनाएं

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



जनपदीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 10 अगस्त 2026 को कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्नौज में किया गया। प्रतियोगिता में नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज कन्नौज के कक्षा 11 के छात्र अभिषेक ने अंडर 19 बालक वर्ग एकल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ अभिषेक ने 12 अगस्त 2026 को बी एन एस डी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुन्नीगंज कानपुर नगर में होने वाली मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश कुमार गुप्ता ने विजेता खिलाड़ी अभिषेक को स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया और अग्रिम स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा कि छात्र अभिषेक की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है कि उसने जनपद स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में खेल और शिक्षा दोनों को बराबर महत्व दिया जाता है। अभिषेक ने साबित कर दिया है कि यदि लगन और परिश्रम हो तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं है। हमें पूरा विश्वास है कि वह मंडलीय स्तर पर भी जनपद का नाम रोशन करेगा। विद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराता रहेगा। कार्यक्रम में शिक्षक बृजेश कुमार गंगवार, सुनील सिंह, करतार सिंह, शिव सिंह यादव, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टर अमीर हम्ज़ा, आनंद राजन, रमेश चंद्र कुशवाहा सहित समस्त विद्यालय परिवार के शिक्षक, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरे पुत्र असवीर एवं पुत्रवधू कोमल का आचरण अच्छा न होने पर उनसे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।

**अन्नपूर्णा पत्नी स्व. रामनाथ निवासी ग्राम कमालपुर पोस्ट बहवलपुर, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा नगर

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

शिवतेरस पर हेल्पेज फाउंडेशन सोसाइटी के तत्वावधान में संस्था प्रमुख मोनिका मिश्रा के नेतृत्व में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ पांचाल घाट पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु कांवड़ लेकर रवाना हुए।


कांवड़ यात्रा निकालते भक्तगण

लाल, भगवा व पीले रंग के परिधानों से सुसज्जित शिवभक्त हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयकारे लगाते हुए डीजे की धुन पर भक्ति भाव में थिरकते नजर आए। यह यात्रा पांचाल घाट से मसेनी चौराहा और फतेहगढ़ चौराहा होते हुए फतेहगढ़ स्थित चित्रगुप्त मंदिर पहुँची, जहाँ सभी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा का रास्ते में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। मसेनी चौराहे पर यश चतुर्वेदी द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं आतिशबाजी चलाकर कांवड़ियों का स्वागत किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि राहुल राजपूत ने भी पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। भोलेपुर मंदिर के महंत हरिशंकर तिवारी एवं मोहन दास महाराज आदि द्वारा माल्यार्पण, पुष्प वर्षा और प्रसाद वितरण किया गया। फतेहगढ़ चौराहे पर हिंदू महासभा के विमलेश मिश्रा, नारायण दत्त एवं आदित्य दीक्षित द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। प्रदीप गुप्ता एवं नन्हे द्वारा फल प्रसादी, लहरी भोज एवं प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अतुल मिश्रा अध्यक्ष, रुचि मिश्रा, रंजना दुबे, सुनीता मिश्रा, राखी चौहान, शीला, सोनल, लवली, प्रभात, रेनू, रुचि, दीपिका, राधा कसौधन, सोनाली, बीना सक्सेना, रीता, रेखा, नैमा, जिया, गुड़िया, अम्बुज, किट्टू, मधु, निधि शुक्ला, नीरू, पंकज प्रकाश, तारन, दक्ष, आशीष मिश्रा, सम्भव, अनिल, अप्पू राठौर, राहुल राजपूत, प्रियांशु शाक्य, मीना मिश्रा, बबीता, हिमांशु, अनिल तिवारी, हर्ष, उत्कर्ष, रुद्र, रामजी आदि उपस्थित रहे।

### जमीन विवाद में लेखपाल ने झोले से कागजात निकालने का लगाया आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव में भाइयों के बीच चल रहे जमीन विवाद के मामले में जांच करने पहुंचे लेखपाल के झोले से कागजात निकाल लिए जाने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर लेखपाल अवनीश शाक्य ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि बलीपुर गांव में दो भाइयों के बीच जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद की जांच के सिलसिले में लेखपाल अवनीश शाक्य मौके पर गए थे। आरोप है कि इसी दौरान किसी व्यक्ति ने उनके झोले से कागजात निकाल लिए। घटना के बाद लेखपाल ने थाने पहुंचकर तहरीर दी और मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि लेखपाल की ओर से तहरीर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सौंपा नियुक्ति पत्र

▸ डॉ. राजीव पाठक राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।


मनोनयन पत्र प्राप्त करते डॉ. राजीव पाठक

राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल अग्रवाल के कैंप कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल अग्रवाल ने डॉ. राजीव पाठक को संगठन का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त करते हुए उनको मनोनयन पत्र सौंपा और उन्हें सम्मानित किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. राजीव पाठक के आने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। वहीं, नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव राजीव पाठक ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। समारोह में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य रूप से संजय अरोड़ा राष्ट्रीय संयोजक, सरिता अरोड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रवीण जैन संगठन मंत्री, प्रमोद बाजपेई प्रदेश अध्यक्ष, मृदुल चतुर्वेदी प्रदेश महामंत्री, कुलदीप भारद्वाज प्रदेश महामंत्री, अंकित कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष, वीरेंद्र गुर्जर पश्चिम प्रभारी, अमित दीक्षित उर्फ मक्खू उपाध्यक्ष गौ रक्षा प्रकोष्ठ मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने डॉ. राजीव पाठक का माल्यार्पण कर स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। बुधवार को नगर में डॉ. राजीव पाठक का भव्य स्वागत होगा।

## अचरा में भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगे कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के अचरा मंडल में राष्ट्रप्रेम और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मण्डल अध्यक्ष कुनेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में क्षेत्र में एक विशाल तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा यात्रा राजाराम इंटर कॉलेज अचरा से प्रारंभ हुई और पूरे जोश-खरोश के साथ रुखैया खलिकदादपुर तक निकाली गई। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा ने शिरकत की। यात्रा के दौरान पूरा इलाका भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हो गया। इस तिरंगा यात्रा में न केवल अचरा मंडल के तमाम भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए सड़क पर उतरे युवाओं और नागरिकों ने क्षेत्र में देशभक्ति का शानदार संदेश दिया। यात्रा के सफल समापन पर मण्डल अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम जनता का इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।


तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता

## माध्यमिक मण्डलीय कराटे प्रतियोगिता में जनपद रहा अव्वल

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

मंगलवार को माध्यमिक मण्डलीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में हुआ। प्रतियोगिता में कानपुर डिस्ट्रिक्ट, कानपुर देहात, इटावा की टीमों ने भाग लिया। कराटे एसोसिएशन ऑफ फर्रुखाबाद के सचिव और माध्यमिक के सचिव अतुल अन्थोनी ने बताया कि जो बच्चे गोल्ड मेडल जीते है वह लखनऊ मे 16 अगस्त से 20 अगस्त होने वाली स्टेट प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार रहे। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रधनाचार्य अमित सिंह, जिला कराटे सचिव पारस भारद्वाज और माध्यमिक के सचिव अतुल दस अन्थोनी ने किया।


मेडल दिखवाते विजेता खिलाड़ी

प्रतियोगिता गोल्ड मेडल पाने वाले छात्र अंडर 14 बालक वर्ग में वीर प्रताप 25 किलो वर्ग, आयुष शाक्य 30 किलो वर्ग, मो0 ओवैस 35 किलो वर्ग कानपुर, दिव्यांश गुप्ता 40 किलो वर्ग कानपुर, अक्ष 45 किलो वर्ग इटावा, अविरल पाठक 50 किलो वर्ग कानपुर रहे।

अंडर 17 बालक वर्ग में शिवेंद्र राजपूत 35 किलो वर्ग कानपुर, अंशु चौरसिया 40 किलो वर्ग कानपुर, कृष्णा 45 किलो वर्ग कानपुर, नैतिक 50 किलो वर्ग रस्तोगी इंटर कॉलेज, यश निगम 58 किलो वर्ग कानपुर, आदित्य कुमार 62 किलो वर्ग राजकीय इंटर कॉलेज, अनिकेत सिंह 78 किलो वर्ग कानपुर रहे। अंडर 19 बालक वर्ग में हिमांशु 45 किलो वर्ग इटावा, उज्जवल कश्यप 50 किलो वर्ग कानपुर, कमल विश्कर्मा 54 किलो वर्ग कानपुर रहे। अंडर 14 बालिका वर्ग में सृष्टि 24 किलो वर्ग कानपुर, वृद्धि द्विवेदी 26 किलो वर्ग कानपुर, साक्षी 30 किलो वर्ग नाआकापा इंटर कॉलेज, लक्ष्मी 34 किलो वर्ग कनोडिया इंटर कॉलेज, श्रद्धा यादव 38 किलो वर्ग कानपुर, विदिशा 42 किलो वर्ग कानपुर, क्रीमी सिंह 50 किलो वर्ग कानपुर रही। अंडर 17 बालिका वर्ग में ओमनी राजपूत 36 किलो वर्ग कानपुर, सान्या अंसारी 40 किलो वर्ग कानपुर, गौरवी द्विवेदी 44 किलो वर्ग कानपुर, अनन्या भारद्वाज 48 किलो वर्ग नाआकापा इंटर कॉलेज, दीपाली वर्मा 52 किलो वर्ग कानपुर, विनिशका सिंह 56 किलो वर्ग कानपुर, पाखी सक्सेना 60 किलो वर्ग नाआकापा इंटर कॉलेज आदि रहे। निर्णयक मण्डल में पारस भारद्वाज, सेंसई आशीष गौतम, सेंसई पुष्कर भारद्वाज, विशाल, विष्णु सक्सेना, अभ्या मिश्रा रहे।

## पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर किया शांतिभंग में चालान

▸ चबूतरा बनाकर महापुरुष की फोटो रखने पर हुआ था विवाद

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के सिरमौरा बांगर गांव में बिजली घर के पास जमीन को लेकर विवाद का मामला सामने आया। आरोप है कि कुछ लोगों ने विवादित जमीन पर चबूतरा बनाकर उसमें किसी महापुरुष की फोटो रख दी। इसके बाद वहां पूजा-पाठ शुरू कर दिया गया। मामले की जानकारी होने पर लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी। पीआरबी ने मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान बलिस्टर सिंह पाल पुत्र रामदीन निवासी हमीरपुर थाना नवाबगंज तथा सरवनलाल पुत्र रामजीत निवासी सिरमौरा बांगर थाना नवाबगंज के रूप में हुई।

पुलिस ने मंगलवार को दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। थाना निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पीआरबी की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे थे। मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया गया था जिनका शांतिभंग में चालान किया गया है।


## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा की टक्कर से साइकिल सवार छात्र घायल


अस्पताल में भर्ती छात्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के मेहंदियावली-जौंरा रोड पर मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने साइकिल सवार एक छात्र को टक्कर मार दी। हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत कायमगंज सीएचसी ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। कदरदादपुर सराय गांव निवासी सुदामा का 13 वर्षीय बेटा प्रशांत कायमगंज के नेहरू इंटर कॉलेज में कक्षा 8 का छात्र है। मंगलवार को करीब 2 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद वह साइकिल से अपने घर वापस जा रहा था। मेहंदियावली से जौंरा की तरफआ रहे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने सामने से प्रशांत की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही प्रशांत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सीएचसी के डॉक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि छात्र को भर्ती कर प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंदिर में रखे दानपात्र को तोड़कर हजारों की चोरी


चोरों द्वारा तोड़ा गया दानपात्र

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** मंदिर में लगे सीसी कैमरों को मोड़कर दान पात्र तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए चोरी कर लिए। सुबह मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला चौधरियान में सिद्ध मढ़ी शिव मंदिर स्थित है। सोमवार देर शाम श्रद्धालु मंदिर परिसर में ताला डालकर घर चले गए। देर रात चोरों ने मंदिर परिसर में लगे एक कैमरे को घुमाकर व अन्य पर कपड़ा डाल दिया। जिसके बाद चोरों ने मंदिर परिसर का ताला तोड़कर दानपात्र में रखे हजारों रुपए चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने ताला टूटा व रुपए गायब देखे। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। श्रद्धालुओं ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सीसी खंगाले, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस मामले की खोजबीन का आश्वासन देकर वापस चली गई। श्रद्धालुओं के अनुसार इससे पूर्व में भी लगभग चार बार लाखों रुपए की चोरी हो चुकी है। जिससे पुलिस की सुस्त कार्य प्रणाली से लोगों में रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कुबेरपुर में मनाया गया सेवन बाले बाबा का उर्स

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के निकटवर्ती गांव कुबेरपुर में सेवन बाले बाबा का वार्षिक उर्स मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं का दरगाह पर आना शुरू हो गया। लोगों ने दरगाह पर चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगी और अमन चैन की दुआ की। उमर खुर्शीद, समर खुर्शीद, जुनैद मम्मा ने दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी कर देश की खुशहाली की दुआ मांगी। मेले में खाने-पीने, खिलौने और झूलों की दुकानें लगीं। हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग एक साथ शामिल होकर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते दिखे।

### झोलाछाप डॉक्टरों व अवैध लैबों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र में बिना आवश्यक मानकों एवं पंजीकरण के संचालित हो रहे झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध पैथोलॉजी लैब के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को अभियान चलाकर कार्रवाई की। एसीएमओ राजेश माथुर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नवाबगंज क्षेत्र में कई स्थानों पर पहुंचकर जांच की। अचानक हुई कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों और लैब संचालकों में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के दौरान चिकित्सा कार्य कर रहे लोगों के क्लीनिकों पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज, पंजीकरण और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी जुटाई। टीम ने मौके पर व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान मानकों के विपरीत संचालित पाए गए चार झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिकों और दो अवैध रूप से संचालित लैबों के खिलाफकार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि बिना आवश्यक योग्यता, पंजीकरण और मानकों के चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। एसीएमओ राजेश माथुर ने बताया कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध रूप से संचालित जांच केंद्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना मानकों के चिकित्सा सेवाएं संचालित करने वालों को किसी भी स्थिति में मनमानी नहीं करने दी जाएगी।

### नवाबगंज में निकली हर घर तिरंगा यात्रा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मंडल नवाबगंज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक विशाल और भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित यह यात्रा नवाबगंज के मुख्य चौराहे से प्रारंभ होकर तिराहे तक निकाली गई, जिसमें पूरा नगर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। भव्य तिरंगा यात्रा में अमृतपुर के विधायक सुशील शाक्य ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। तिरंगे की शान में निकली इस यात्रा में कार्यकर्ताओं एवं राष्ट्रभक्त नागरिकों का उत्साह और उमंग देखते ही बन रहा था। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए रखने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथियों और पदाधिकारियों ने हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आवाहन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता संदीप शाक्य, अतुल सिंह गंगवार, मनोज गंगवार, आदेश राठौर, कमल भारद्वाज, विनीत भारद्वाज, अमन अवस्थी, हेम सिंह लोधी, देशराज शाक्य, रजनीश अवस्थी, अमन शुक्ला, अभिनेंद्र मिश्रा, विवेक चतुर्वेदी, दिलीप शाक्य और गिरन्द राजपूत उपस्थित रहे।

## कायमगंज में निकली संत रविदास की कलश यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में चल रहे सामाजिक समरसता संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में कायमगंज नगर के मुख्य मार्गो से कलश यात्रा निकली। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, अमरदीप दीक्षित, सुनील कुमार चक, देवेंद्र दुबे, रिशिपाल सिसोदिया, कृष्ण मुरारी राजपूत ने मुख्य मार्गों पर कलश यात्रा निकाली और भव्य स्वागत हुआ। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कलश यात्रा के पूजन के साथ ही यात्रा को रवाना किया। बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने कहा कि संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में पर मनाया जा रहा है। यात्रा में वीरेंद्र कठेरिया, अशोक राजपूत, शिवांश तिवारी, अमर गुप्ता, अखिलेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## खोखे से दस हजार की चोरी, बाइक छोड़कर भागे चोर

▸ पुलिस ने जांच पड़ताल कर बाइक को लिया कब्जे

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के कलौली महबुल्लापुर गांव में एक खोखे से करीब 10 हजार रुपये का सामान चोरी हो गया। अज्ञात चोर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके पर अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने सूचना मिलने पर बाइक को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी जैनपाल पुत्र रामस्नेही ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि ब्रजरानी देवी विद्यालय के पास उनका लकड़ी का खोखा रखा हुआ है। सोमवार रात अज्ञात चोर मोटरसाइकिल से पहुंचे और खोखे को पीछे की तरफसे तोड़कर उसमें रखा सामान चुरा लिया। रात के समय विद्यालय की रखवाली कर रहे नेत्रपाल को आहट सुनाई दी। उन्होंने बाहर निकलकर देखा और टॉर्च की रोशनी डाली। रोशनी देखकर चोर मौके से मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गए। नेत्रपाल ने पास जाकर देखा तो खोखा टूटा हुआ था और एक बाइक खड़ी थी। नेत्रपाल ने तुरंत घटना की जानकारी जैनपाल को दी। सूचना मिलने पर जैनपाल मौके पर पहुंचे और डायल 112 के साथ ही स्थानीय पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस ने मौके पर मिली मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। पीड़ित जैनपाल ने बताया कि इससे पहले भी उनके खोखे में आग लगाने और चोरी की घटना हो चुकी है। उन्होंने पुलिस से मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## साले ने जीजा पर चाकू से हमला कर किया घायल

▸ पुराना बस स्टैंड पर दिनदहाड़े खूनी संग्राम
▸ दोनों पक्षों में मारपीट खून से लाल हुए कपड़े

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड के पास मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जीजा और साले के बीच विवाद ने खूनी रूप ले लिया।

बात करने के लिए बुलाए गए जीजा पर साले ने कथित रूप से जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकू लगने से जीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार सैनिक कॉलोनी निवासी अजय पुत्र रामनरेश चौहान को उसके साले भोला सिंह राठौर निवासी गुजराती वाली गली ने बातचीत के लिए पुराना बस स्टैंड के पास बुलाया था। आरोप है कि बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और भोला सिंह ने जेब से चाकू निकालकर अजय पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते मौके पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों पक्षों के कपड़े खून से लथपथ हो गए। खास बात यह रही कि मौके पर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद दोनों पक्षों के बीच मारपीट होती रही। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों पक्षों को पकड़कर कोतवाली फतेहगढ़ पहुंचाया। घायल अजय को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना के पीछे विवाद के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।


मारपीट करते जीजा व साले

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

▸ विजेता मंडलीय स्तर पर दिखाएंगे अपना दम

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालयों के बच्चों की जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के पांच कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालयों की छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के समापन पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इस जनपदीय प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले खिलाड़ी अब आगामी मण्डलीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायक की भूमिका जितेन्द्र सिंह, संजीव कटियार, अरुण यादव, कुलदीप यादव, अभिषेक कुमार, विमलेश, अभिषेक शाक्य और अतुल कटियार ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर पीयूष सक्सेनर, सचिन, अरुणा राठौर आदि लोग भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 100 मी0 दौड़ रेंचो राजेपुर, सिम्मी शमसाबाद द्वितीय, बेबी नवाबगंज तृतीय स्थान पर रही। 200 मी0 दौड़ में भावना कायमगंज प्रथम, रागिनी कमालगंज द्वितीय दिव्या राजेपुर तृतीय स्थान पर रहे। 400 मी0 दौड़ प्रियंका राजेपुर प्रथम, लवी शमसाबाद द्वितीय, रागिनी कमालगंज तृतीय रही। गोला फेंक रेंचो राजेपुर प्रथम, राशि द्वितीय रही। कार्यक्रम का संयोजन जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कुमार कटियार की देखरेख में हुआ।


प्रतियोगिता में मौजूद बीएसए व छात्रायें

## नोडल अफसर बनकर ठग ने आंगनबाड़ी को लगाया चूना

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

कोतवाली क्षेत्र में नोडल अधिकारी बनकर आए एक ठग ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अपने झांसे में लेकर करीब 10 हजार की नकदी, 2 सोने की अंगूठियां और मोबाइल सहित जरूरी कागजात पार कर दिए। घटना की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के बरतल निवासी सुमन श्रीवास्तव बराविकू में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर तैनात हैं। मंगलवार सुबह वह केंद्र जाने के लिए अलीगंज रोड बस स्टैंड पर खड़ी थीं, तभी बाइक पर सवार एक युवक पहुंचा और बराविकू का रास्ता पूछने लगा। खुद को विकास खंड का नोडल अधिकारी बताते हुए उसने कहा कि उसे भी केंद्र का निरीक्षण करने जाना है। बातों में आकर सुमन उसके साथ बाइक पर बैठ गईं। रूटोल गांव से कुछ पहले आरोपी ने बाइक रोक दी। उसने कहा कि खंड अधिकारी प्रधान के घर नाश्ता कर रहे हैं। भरोसा जीतने के लिए उसने अपना बैग सुमन को थमाते हुए कहा कि इसमें 25 हजार रुपये हैं। इसके बदले सुमन से उसका पर्स और हाथ की 2 सोने की अंगूठियां ले लीं। पर्स में नाती के शगुन के 10 हजार रुपये, मोबाइल और आंगनबाड़ी केंद्र के दस्तावेज रखे थे। सामान लेते ही आरोपी वहां से फरार हो गया। इंतजार के बाद जब आरोपी नहीं लौटा तो सुमन को ठगी का पता चला। सूचना पर परिजन और ग्रामीण उन्हें लेकर कोतवाली पहुंचे।

## एडीएम ने राहत कार्यों का किया निरीक्षण


ग्रामीणों से जानकारी लेते एडीएम

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह ने सदर तहसील स्थित विकासखण्ड बढ़पुर के ग्राम दिलीप की मड़ैया एवं धौली की मड़ैया में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्रामों में लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनकी सुरक्षा एवं राहत के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति सामान्य होने तक सभी प्रभावित परिवारों को शासन की मंशा के अनुरूप समुचित राहत एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन सदैव उपलब्ध रहें। उन्होंने राहत कार्यों की सतत निगरानी करते हुए सभी व्यवस्थाएं प्रभावी एवं व्यवस्थित रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ के पानी के कारण जिन ग्रामवासियों के मकान का कटाव हुआ है, उनका सूचिकरण कर शासन के निर्देशानुसार तत्काल सहायता राशि मुहैया कराई जाए, इसके साथ ही संबंधित ग्रामीणों को आवासीय पट्टे के भूमि आवंटन हेतु प्रस्ताव तैयार करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, तहसीलदार सदर विक्रम सिंह चौहान, नायब तहसीलदार मनीष वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जहानगंज पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, मां ने एसपी से लगाई गुहार

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

जहानगंज थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर एक पीड़ित माँ ने पुलिस अधीक्षक के दरबार में गुहार लगाई है। मां का आरोप है कि पुलिस ने अपहरण के मामले में उनकी नाबालिग बेटी को बरामद तो कर लिया है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उसके न्यायालय में बयान (धारा-183 बीएनएसएस) दर्ज नहीं कराए गए हैं और उसे अभी तक पुलिस कस्टडी में रखा गया है।

ग्राम महमूदपुर थाना जहानगंज की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि 27 जुलाई 2026 की सुबह करीब 10 बजे उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को फहीम पुत्र अच्छन नाम का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था।

आरोपी फहीम शाहजहांपुर जिले के कलान स्थित ग्राम गिउड़ी का निवासी है। इस मामले में माँ की तहरीर पर थाना जहानगंज में आरोपी के खिलाफ धारा-137(2) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 8 अगस्त को अपहृत पुत्री को बरामद कर लिया। साथ ही, आरोपी फहीम को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। शिकायतकर्ता माँ का मुख्य आरोप यह है कि पुत्री की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद, जहानगंज पुलिस ने अभी तक पीड़िता के धारा-183 बीएनएसएस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत बयान दर्ज नहीं कराए हैं। किशोरी को जहानगंज पुलिस ने अभी भी अपनी कस्टडी में रखा हुआ है, जो कि न्यायहित में उचित नहीं है। अपनी बेटी को पुलिस कस्टडी से मुक्त कराकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उद्देश्य से माँ ने एसपी को पत्र सौंपा है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेते हुए थाना जहानगंज पुलिस को जल्द से जल्द अपहृता के धारा-183 बीएनएसएस में बयान दर्ज कराने के सख्त आदेश दिए जाएं, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।


रैली में भाग लेते कै. गिरिजा शंकर व छात्र

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के तत्वावधान में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई।

एनसीसी कैडेट्स ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर नगरवासियों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। आयोजन 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के निर्देशन में किया गया। एमआईसी के प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर तथा जीआईसी फतेहगढ़ के लेफ्टिनेंट राजू अहिरवार के संयुक्त नेतृत्व में दोनों विद्यालयों के लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक रैली में सहभागिता की। एनसीसी कैडेट्स ने आम नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य से अवगत कराते हुए स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। कैडेट्स ने लोगों से राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान बनाए रखने तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को स्मरण करने का आवाह्न भी किया। प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने कहा कि एनसीसी केवल युवाओं में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम ही नहीं है, बल्कि उनमें राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्व की भावना पैदा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

लेफ्टिनेंट राजू अहिरवार ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल रैली निकालना नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## फतेहगढ़ में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भाजपा फतेहगढ़ मंडल द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा भाजपा फतेहगढ़ मंडल अध्यक्ष रमला राठौर के नेतृत्व में निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ फतेहगढ़ स्थित हनुमान मंदिर से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर तिराहा पर जाकर संपन्न हुई। रमला राठौर ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर घर तिरंगा फहराया जाए, ताकि राष्ट्र के प्रति हमारा सम्मान और एकजुटता प्रदर्शित हो सके। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अनिल प्रताप सिंह, बिटाना चौहान, दिनेश प्रताप सिंह, अश्वनी दिवाकर, धर्मपाल सिंह, अमन गुप्ता, नीरज कटियार, शिवम चतुर्वेदी, अंकुर वर्मा, आशू ठाकुर, पिंटू वर्मा, महेंद्र सिंह, राजीव सोमवंशी, महेंद्र सिंह सोमवंशी, राजीव राठौर, मीना, कौशल देवी, सरिता राठौर, रेनू सिंह और उमा देवी उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ ने आयोजित किया स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम

### छात्रों को सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।


प्रशिक्षण देती एनडीआरएफ टीम

नगला खैरबन्द स्थित महावीर इंटर कॉलेज में मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के नेतृत्व में एक विशेष स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और विद्यालय के स्टाफ को विभिन्न प्रकार की आपातकालीन स्थितियों से सुरक्षित बचने और बचाव कार्य करने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व एनडीआरएफ के रमाकान्त यादव और उनकी टीम द्वारा किया गया। टीम ने प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप और बाढ़ के साथ-साथ अचानक हृदय गति रुकने जैसी मेडिकल इमरजेंसी में बचाव के तरीकों को विस्तार से समझाया। छात्र-छात्राओं ने सुरक्षा के इन नियमों को बेहद ध्यान से समझा। टीम ने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सम्मानजनक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे। प्रबंधक नरेन्द्र शाक्य व प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह कुशवाहा के अलावा सहायक अध्यापक अनिल कुमार, पवन कुमार, पुष्पेंद्र, प्रमिला, मयंक, कौशल, प्रवेश, मंजू, मोहन सिंह, मोहित कटियार, फूल सिंह, विपिन, दीपू कुमार और कर्मचारी विजयभान, आदित्य आदि मौजूद रहे।

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ आयोजन


दवाई खाते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से स्थानीय गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवा की निर्धारित खुराक खिलाई। अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 से 12वीं तक के लगभग 300 से 350 छात्र-छात्राओं को कृमिनाशक दवा दी गई। पहल का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को कृमि पेट के कीड़ों के संक्रमण से बचाना, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार लाना तथा उन्हें साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का पूर्ण सहयोग किया। बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ0 लकी चावला ने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए की गई इस सकारात्मक पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्टेम-रोबोटिक्स कार्यशाला में नवाचार पर जोर


स्टेम-रोबोटिक्स का प्रशिक्षण लेती छात्रायें

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

पीएम श्री रा.बा.इ. कॉलेज को परिसर में विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से विकास वर्टेक्स ऑफ़ आईओटी, कोडिंग, एआई-स्टेम रोबोटिक्स कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष स्टेम-रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सेंटर फॉर डेवलपिंग इंटेलीजेंट सिस्टम्स, आईआईटी कानपुर के सहयोग तथा विज्ञान भारती, ब्रह्मावर्त प्रान्त के साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्टेम लैब फाउंडेशन नॉलेज पार्टनर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक शिवा पटेल, निखिल वर्मा ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, कोडिंग, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, आईओटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने ब्रेडबोर्ड पर सर्किट बिल्डिंग, सेंसर्स की असेंबलिंग, बेसिक प्रोग्रामिंग तथा रोबोटिक्स से जुड़ी विभिन्न हैं। ऑन एक्टिविटीज में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गतिविधि-आधारित शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि किस प्रकार विज्ञान एवं तकनीक का प्रयोग वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए किया जा सकता है। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी जिज्ञासाओं को प्रशिक्षकों के साथ साझा किया और रोबोटिक्स एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज के बारे में नई जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस अवसर पर विज्ञान भारती के कोषाध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा, शिक्षिका ज्योति, अर्चना गुप्ता, निर्मला सिंह एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।


राहत सामग्री वितरित करते नदीम फारुकी

## नदीम अहमद फारुकी ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने फर्रुखाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बीसलपुर तराई में पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। बीते 15 दिनों से ब्लाक बढ़पुर के तराई क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप जारी है। ग्रामीण स्कूलों व शरणार्थी स्थलों पर रहने को मजबूर है। खाने-पीने की व्यवस्था न होने के कारण परेशान है। ऐसे में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों का दौरा कर राहत सामग्री बांटी। मंगलवार को ग्राम बीसलपुर तराई में पहुंचकर खाद्यान्न सामग्री बांटकर ग्रामीणों के हाल-चाल लिये और कहा कि आगे भी खाद्यान्न सामग्री पहुंचाऊंगा। इस मौके पर अरविन्द कश्यप, शशांक सक्सेना, शिवशंकर शर्मा, राजपाल यादव, हर्ष गंगवार, आदेश यादव, दीपक श्रीवास्तव सहित लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, हालत गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव। जनपद हरदोई के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पर्मी फुलई निवासी राजपाल 55 वर्ष पुत्र प्रभु ने सोमवार देर शाम अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। तभी कुछ लोगों की निगाह पड़ गई और उसे फंदे से उतार लिया। उसके बाद वहीं उसका इलाज कराते रहे। लेकिन कोई सुधार नही होने पर परिजन उसे इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर देर रात भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को

उन्नाव। अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम उन्नाव ने बताया कि दिनांक 12.09.2026 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसमें अधिक से अधिक वादों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाएगा नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने वाद निस्तारित कराए।

### अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला 13 व 14 अगस्त को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 13 व 14 अगस्त को अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला आउटसोर्सिंग के माध्यम से अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा। रिक्त पदों हेतु नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 13 व 14 अगस्त को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक चयनित किया जायेगा। जिसमें चीनी मिल कायमगंज में अभियंत्रण विभाग में 55 रिक्तियां है। जिनके विभिन्न विभागों हेतु अभ्यार्थियों का चयन किया जायेगा। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 अगस्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने सूचना जारी की है कि 2026 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण करने वाले अभ्यार्थी एससीवीटी पोर्टल पर अपने ऑनलाइन आवेदन कर संस्थानों एवं व्यवसायों के विकल्प इच्छुक अभ्यार्थी भर सकते है। एससीवीटी पोर्टल पर उपलब्ध सीट मैट्रिक के अनुसार संस्थान व व्यवसाय परिवर्तित कर सकते है। जिसकी सूचना अभ्यार्थियों को मोबाइल पर मैसेज द्वारा भेजी जा रही है। ऑनलाइन आवेदन का पोर्टल 15 अगस्त खुला रहेगा। विकल्प के रुप में पंजीकरण अभ्यार्थी कर सकते है।

### तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन-बान और शान का प्रतीक : श्रीकांत कटियार

बांगरमऊ, उन्नाव। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मण्डलों में युवा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई । जिसका नेतृत्व भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने किया स हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। तिरंगा यात्रा में भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार भी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है विधायक श्रीकान्त कटियार बांगरमऊ ग्रामीण प्रथम मंडल में अतरधनी , बांगरमऊ ग्रामीण द्वितीय मंडल में माढ़ापुर एवं फतेहपुर चौरासी मंडल में फतेहपुर चौरासी नगर में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए स इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हम लोग एक यात्रा में शामिल होने के लिए नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और राष्ट्रगौरव की भावना को मजबूत करने के लिए एकत्रित हुए हैं। हमारे हाथों में लहराता यह तिरंगा केवल तीन रंगों का ध्वज नहीं हैय यह हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह तिरंगा हमें याद दिलाता है कि हमारी पहचान अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं से हो सकती है, लेकिन हमारी सबसे बड़ी पहचान हैकृहम भारतीय हैं।

## पहले नाबालिग से की शादी दहेज के लिए घर से निकाला

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव त्यौरी इस्माइलपुर निवासी पीड़ित ने थाने में तहरीर में दर्शाया कि लगभग 8 माह पूर्व जनपद मैनपुर के थाना वेवर के गांव बाजपुर निवासी एक युवक उनकी नाबालिक पुत्री उम्र 16 वर्ष को उनकी बीमार स्थिति में बहला फुसलाकर भगा ले गया था। युवक ने पुत्री को दिल्ली जाकर अपने परिजनों को सहमति से एक मंदिर में विवाह कर लिया। वह काफी बीमार था जिसके इलाज के लिए जमीन बिक्री के घर में रखे 19 लाख रुपए भी पुत्री युवक के बहकावे में अपने साथ ले गई। लगभग 25 दिन पूर्व पुत्री से युवक व उसके परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग कर गाली-गलौज कर मारपीट की और घर से बाहर निकल दिया। पुत्री अपने मायके पिता के साथ रह रही है। मौजूदा स्थिति में युवक कोतवाली मोहम्मदाबाद कस्बे में स्थित बैंक ऑफइंडिया में कार्यरत है। पुलिस ने हर संभव मदद का भरोसा दिया और युवक के खिलाफजांच कर कार्यवाही करने का भी भरोसा दिया।

## भरावन से आस्तिक आश्रम तक निकाली तिरंगा यात्रा



समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई। भाजपा भरावन मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मंगलवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए और देशभक्ति के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। हर घर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भरावन स्थित भाजपा मंडल कार्यालय से हुआ। भरावन भाजपा मंडल अध्यक्ष लालता अर्कवंशी के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा भरावन चौराहा होते हुए आस्तिक मुनि आश्रम खसरौल पहुंची। तिरंगा रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। कार्यकर्ता राष्ट्रभक्ति के गीतों पर जमकर झूमे। चारों ओर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार अग्रवाल राजिया, शिल्पा अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, जीतू दीक्षित, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष व भरावन मंडल प्रभारी विश्वराज सिंह, जिला मंत्री किसान मोर्चा मानवेन्द्र सिंह मानू, मंडल प्रवासी धीरेन्द्र सिंह तोमर, मंडल महामंत्री शोभित शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महेश मिश्रा, उमेश अर्कवंशी, आशीष दीक्षित, विनीत पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, आदित्य तिवारी, पूर्व प्रधान राहुल सिंह, सरवन सैनी, केशन यादव, सुगंधित चौहान रहे।

# राजस्व वसूली में पिछड़े अधिकारियों पर जताई नाराजगी

समृद्धि न्यूज, उन्नाव।



जिलाधिकारी घनश्याम द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में ऑनलाइन सीएम डैशबोर्ड में विभागीय कार्यों, आईजीआरए में शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की स्थिति, फैमिली आईडी सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा की गई। जिला अधिकारी ने आइजीआरएस के संबंध में फरियादियों को शिकायतों का संतुष्टि लेवल बहुत कम होने पर पर खंड विकास अधिकारी गंज मुरादाबाद सिकंदरपुर करण सिकंदरपुर सिरोसी सफीपुर नवाबगंज फतेहपुर 84 पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर फटकार लगाई। कहा 2 दिन के अंदर स्थिति ठीक न हुई तो बड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण का असंतुष्टि लेवल बढ़ रहा है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है ।जिला अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों से एक एक करके धारा,34 24, 116, से संबंधित लंबित वादों, फैमेली आईडी स्वामित्व योजना कृषक दुर्घटना योजना के लंबित प्रकरणों की जानकारी तहसील वार ली और अभियान चला कर संबंधित लंबित वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के निर्देश जिला अधिकारी ने दिया उप जिलाधिकारियों को दिया। कहा फैमेली आईडी अंश निर्धारण का कार्य ध्यान देकर कराया जाए। साथ ही स्वामित्व योजना कृषक दुर्घटना योजना के लंबित प्रकरणों का प्राथमिता के साथ निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में जनपद की रैंकिंग गिरी तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आईरा प्रेस क्लब के नाम का गलत इस्तेमाल

समृद्धि न्यूज, कानपुर।



किदवई नगर में आयोजित आईरा एवं आईरा प्रेस क्लब के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह के बाद प्रकाशित एक खबर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

एक व्यक्ति से संबंधित प्रकाशित खबर में संगठन के कार्यक्रम का नाम इस्तेमाल किए जाने पर आईरा प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूरज वर्मा ने आपत्ति जताते हुए डीसीपी को ज्ञापन दिया है स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का उल्लेख करने वाली प्रकाशित खबर पर संगठन ने जताई आपत्ति, जांच और कार्रवाई की मांग।

जानकारी के अनुसार, 9 अगस्त 2026 को किदवई नगर क्षेत्र में बगाही चौकी के समीप स्थित रॉयल रेसिडेंसी मे आईरा प्रेस क्लब का स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पत्रकारिता, राजनीति, समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी भी रही इस कार्यक्रम के बाद उमेश यादव नामक व्यक्ति द्वारा अपने अखबार में प्रकाशित बताई जा रही एक खबर को लेकर आईरा प्रेस क्लब ने आपत्ति दर्ज कराई। संगठन का कहना है कि संबंधित व्यक्ति से जुड़ी खबर में आईरा प्रेस क्लब के स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का नाम भी सार्वजनिक रूप से इस्तेमाल किया गया आईरा प्रेस क्लब की ओर से सवाल उठाया गया कि यदि खबर किसी व्यक्ति विशेष से संबंधित थी तो उसमें संगठन के कार्यक्रम का नाम किस आधार पर इस्तेमाल किया गया और क्या इसके लिए संगठन की अनुमति या पुष्टि ली गई थी मामले को लेकर आईरा प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडलसाउथ कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष राधारमन तिवारी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूरज वर्मा, जिला वरिष्ठ मंत्री तल्हा हाशमी और सदस्य दुर्गेश अवस्थी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी देते हुए लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा।

## हर घर सोलर सिस्टम लगाओ अपना सरकारी अनुदान पाओ

उन्नाव। पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप योजना के संबंध में आज पन्नालाल सभागार, कलेक्ट्रेट, उन्नाव में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी के अतिरिक्त परियोजना प्रभारी, यूपीनेडा, समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-जनपद उन्नाव, अग्रणी जिला प्रबन्धक व अन्य बैंक के जनपदीय कोआर्डिनेटर्स तथा पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत जनपद की पंजीकृत फर्मों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में प्रभारी परियोजना, यूपीनेडा द्वारा जनपद में पी.एम. सूर्यघर गुफ्त बिजली योजना के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए संयंत्रों की स्थापना में शासन द्वारा प्रदान की जा रही अनुदान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

# सात मंडलों में धूमधाम से निकली हर घर तिरंगा यात्रा

समृद्धि न्यूज,उन्नाव।

भाजपा द्वारा संचालित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज जिले के कई मंडलों में भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। इन यात्राओं में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के जयघोषों के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की।संपूर्ण यात्रा मार्ग भारत माता की जय और श्वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान रहा तथा यात्राओं का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ किया गया। बदरका मण्डल में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने किया। ग्राम कोरारी कलां स्थित गांधी चबूतरा से प्रारंभ होकर यह यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए शहीद स्मारक सुशील गौतम (पंचायत घर, कोरारी कलां) पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर यात्रा संयोजक अशोक सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके उपरांत अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे श्प्रतिमा स्वच्छता अभियानश् के क्रम में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बदरका स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा की स्वयं साफ-सफाई कर स्वच्छता की तथा तत्पश्चात भावपूर्ण माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

# डीएम व एसपी ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखा किया रवाना


समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।



राष्ट्रप्रेम, सामाजिक एकता और राष्ट्रीय भावना का संदेश देते हुए आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में आदर्श व्यापार मंडल के जिले भर के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी, युवा, समाजसेवी एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े आदर्श व्यापार मंडल के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिलाध्यक्ष अभिनव यादव महिला जिलाध्यक्ष शालिनी गुप्ता एवं युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान के नेतृत्व में सैकड़ों बाइक सवार तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से शहर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। ऐसी यात्राएं समाज में राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और देशप्रेम की भावना को मजबूत करने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित के कार्यों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी विपिन पांडे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, एसडीएम न्यायिक अनामिका श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा तथा नगर पालिका ईओ रविंद्र कुमार सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई तिरंगा यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, शांतिनगर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में व्यापारियों और युवाओं ने अनुशासन के साथ तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अभिनव यादव एवं महामंत्री अमित शरण बॉबी जिला उपाध्यक्ष अभय गुप्ता ने किया। राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद बाबू टाटा, राष्ट्रीय महामंत्री काली शंकर श्रीवास्तव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अनिल सिंह गौतम, प्रदेश महिला अध्यक्ष संगीता तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष माधुरी साहू एवं जिला पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# कांग्रेस की बैठक में जिलाध्यक्ष ने दिखाए सख्त तेवर

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।



आज कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में जिला व शहर कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ मासिक बैठक का आयोजन किया। मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने सभी पदाधिकारियों को आगाह किया कि अगर कोई पदाधिकारी संगठन द्वारा दिए गए कार्य को करने में अपने को अक्षम समझता है तो वह पद मुक्त हो सकता है क्योंकि जिस प्रकार से हमारे नेता राहुल गांधी जी ने पूरे देश में अकेले दम भाजपा को निर्वस्त किया है वह उनकी मेहनत और लगन का प्रतिफल है। उन्होंने आगे कहा कि प्रयागराज में लाखों की भीड़ ने जिस प्रकार उनका स्वागत किया उससे जनता का उनके ऊपर भरोसा सिद्ध होता है जिसे अब हमे आगे लेकर बढ़ना है। शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा ने कहा कि आज जिस प्रकार से राहुल गांधी ने अपने आप को भारत के भविष्य के रूप में खड़ा किया है उससे पूरा देश स्तब्ध है एवं भारत की जनता के लिए उनके दिल में भरा अतुलनीय प्यार भी कबीले तारीफ है। बैठक में कलीम उल्ला सिद्दीकी, देवी प्रकाश दुबे, प्रशांत शुक्ला, साजिया बानो आदि ने भी संगठन की मजबूती पर बल दिया। बैठक में आए राम शंकर शुक्ला, जेपी पासवान, फजलुर्रहमान असलम, चौधरी मोइन राइन, कल्लू कोरी, सादाब सभासद, नीलम मौर्य, अतुल पासवान, राम नरेश महराज, निजामुद्दीन, सैयद सहाब अली, आरिफ खान, आफ्ताब अहमद, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, नौसाद अहमद, वकील खान, राजीव श्रीवास्तव, अकरम काले, हम्माद हुसैन, अब्दुल रज्जाक, ,धर्मेंद्र सिंह आदि लोगो ने भी अपने विचार रखे।

## खबरें एक नजर में

### ई लॉटरी के माध्यम से तीन महिला व तीन पुरुष चयनित

**महाराजगंज।** मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत आवेदन किये 142 पात्र आवेदन कर्ताओं की ई लॉटरी निकाली गई जिसमें 6 लाभार्थियों का चयन हुआ है जिनमें तीन पुरुष एवं तीन महिला लाभार्थी वर्ष 2026 -27 में मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के लिए चयनित किए गए है। मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन परिसर में आयोजित ई लॉटरी के दौरान उप दुग्धशाला विकास अधिकारी,डीडीएम नाबार्ड, लीड बैंक ऑफिसर एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर एजाज अहमद उपस्थित रहे। ई लाटरी द्वारा अजय कुमार चतुर्वेदी बरहरा लाला,चतुरानंद चौहान बिशनपुर कुर्तियां, नीतीश कुमार पटेल भैंसी तथा मीरा पुरैना, नीतू पांडे बेनीगंज एवं सुशीला देवी बागापार का मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में चयन हुआ है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज हलिया मार्ग के कोटा घाट में मंगलवार को सुबह दस बजे के करीब हलिया की तरफजा रही बाइक में पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक चालक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से घायल बाइक चालक सहित सवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। प्रयागराज जनपद के मांडा थाना क्षेत्र के कुदर गांव निवासी जय सिंह (26) अपने पिता गुलाब सिंह (55)को बैठाकर हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव रिश्तेदार के यहां जा रहे थे जैसे ही लालगंज थाना क्षेत्र के कोटा घाट पहुंचे की पीछे से आ रही अज्ञात कार ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया बाइक चालक सहित सवार गिरकर घायल हो गए। चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद पैर की गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

### स्वतंत्रता दिवस पर 5 किमी की तिरंगा दौड़ का होगा आयोजन

**गाजीपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा–2026 अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय गाजीपुर द्वारा दिनांक–15 अगस्त 2026 को महिला/पुरुषो की 05 किमी0 क्रासकंट्री रेस (तिरंगा दौड़) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, यह दौड़ प्रातः 6.00 बजे नेहरु स्टेडियम गोराबाजार से प्रारम्भ होकर पी0जी0 कालेज चौराहा पुलिस लाईन गेट होते हुए आर्दश बौद्ध इण्टर कालेज से चमड़ा गोदाम तक जाना है, तथा पुनः वापस उसी रास्ते होते हुए नेहरु स्टेडियम गेट पर समाप्त होगी। इच्छुक महिला/पुरुष खिलाड़ी प्रतियोगिता होने से पूर्व प्रातः– 5.30 बजे उपस्थित होकर कार्यालय से चेस्ट नम्बर प्राप्त कर निःशुल्क प्रविष्टि कर सकते है, विजेता 06 महिला एवं 06 पुरुष खिलाड़ियो को आकर्षण पुरस्कार दिया जायेगा।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा



**कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म के आरोपी को कुबेरस्थान पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की तहरीर पर बीते 8 अगस्त को छः वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोप पर गांव के ही एक 22 वर्षीय युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 159/26 की धारा 76/333 , बीएनएस की धारा 9/10 पास्को के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी थी इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर मंगलवार को आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय हेतु भेज दिया है।

# हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ हलिया में निकली तिरंगा यात्रा

**गूंजे भारत माता के जय कारे**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

स्वतंत्रता दिवस से पहले देशभक्ति का माहौल बनाने के लिए मंगलवार को हलिया नहर से डीजे के साथ भाजपा हलिया मंडल द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए तिरंगा यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे बाजार में



रैली निकाली तिरंगा यात्रा रैली ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर समापन किया गया मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने कहा की यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर घर में तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देना है। पूरे रास्ते वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्तिमय रहा। कार्यक्रम में पंकज सिंह चंदेल, ताराचंद अग्रहरी, काशी प्रसाद मिश्रा, रविशंकर सिंह, अवधेश पाल, मंतोष अग्रहरी, शिव कुमारी राय, विभूति नारायण सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह,जगदीश विश्वकर्मा सहित स्थानीय लोग भी शामिल हुए और तिरंगा यात्रा को सफल बनाया।

## अधिशासी अभियंता ने तटबंधों के रेनकट भरने एवं रेन सूट बनाने का दिया निर्देश

**महराजगंज।** जनपद सीमा से होकर बहने वाली छोटी गंडक, रोहिन, राप्ती, चंदन, प्यास घोघी आदि नदियों से बाढ़ बचाव के लिए निर्मित 168.396 किलोमीटर लंबाई के तटबंधों की सतत निगरानी का अधिशासी अभियंता राजीव कपिल द्वारा निर्देश दिया गया है। वही तटबंधों के निरीक्षण एवं निगरानी के लिए एविशयन श्री कपिल द्वारा 4 सहायक अभियंता 20 जूनियर इंजीनियर मेट व बेलदारों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा जनपद के सभी 21 तटबंधों की सतत निगरानी जारी है। साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारीगण से समन्वय बनाते हुए यथोचित कार्रवाई जारी है। एवं बाढ़ सुरक्षा समिति को क्रियाशील कर दिया गया है और बाढ़ संबंधी सूचना के तत्काल आदान प्रदान करने के लिए लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अति वृष्टि के दौरान पड़ोसी मूल के के पहाड़ों पर होने वाली बारिश का पानी जनपद सीमा से होकर गुजरता है साथ में जनपद में हो रही बारिश एवं पड़ोसी मुल्क के बारिश के पानी के चलते जिले के निचलौल, नौतनवा, फरेंदा एवं सदर तहसील क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बन जाती है। जनपद से होकर गुजरने वाली नदियों के बाढ़ के पानी से बचाव के लिए नदियों के किनारे तटबंध बनाए गए हैं वर्तमान में रुक–रुक कर हो रही बारिश के चलते जनपद में बाढ़ की स्थिति अभी नहीं है।जबकि अब तक 519.50 मिमी बारिश हो चुकी है। बीते दिनों हुई बारिश के चलते तटबंधों पर जगह–जगह रेनकट हो गए हैं जिन्हें लगातार भरने का कार्य जारी है वही रेनसूट बनाने का कार्य किया जा रहा है।बाढ़ से राहत के बावजूद अधिशासी अभियंता श्री कपिल द्वारा स्वयं तटबंधों की सुरक्षा को लेकर मॉनिटरिंग जारी है जिसके क्रम में सिंचाई विभाग के अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा लगातार निरीक्षण एवं निगरानी जारी है।

## तिरंगा महोत्सव का आयोजन आज

**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।**

जनपद में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले तिरंगा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देशभक्ति एवं राष्ट्र गौरव की भावना से ओत-प्रोत यह भव्य आयोजन कल 12 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा सेल्फी प्वाइंट सहित अनेक आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव में वंदे मातरम् की 150वीं जयंती के अवसर पर वंदे मातरम् गान पर आधारित विशेष चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके माध्यम से वंदे मातरम् के गौरवशाली इतिहास, राष्ट्रीय चेतना में इसके योगदान और स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका को प्रदर्शित किया जाएगा।खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा विशेष तिरंगा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वरोजगार, ग्रामीण आजीविका, स्थानीय उत्पादों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी।महोत्सव स्थल पर आमजन के लिए आकर्षक तिरंगा सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं स्वतंत्रता दिवस, वंदे मातरम् एवं राष्ट्रभक्ति सहित विभिन्न थीम पर आकर्षक रंगोलियां बनाकर देशभक्ति का संदेश देंगी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कलाकारों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सफाई कर्मियों, चिकित्सकों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिकों का भी सम्मान कर उनके योगदान एवं राष्ट्रसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी। महोत्सव में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार तिरंगा महोत्सव को भव्य एवं गरिमापूर्ण तरीके से आयोजित किए जाने की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। आयोजन का उद्देश्य आमजन में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त करना है।

# युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

**पुलिस को करना पड़ा विरोध का सामना**

लालगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवक का शव खेत में मिला। मृतक के सिर में चोट के निशान और कान से खून बह रहा था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शव सौंपने से इनकार कर दिया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है। शव की पहचान दुबार कला गांव के वैसान बस्ती निवासी स्वर्गीय राम गोविंद कोरी के 37 वर्षीय पुत्र कमलेश उर्फ छोटे कोरी के रूप में हुई है। कमलेश मुंबई में गाड़ी चलाता था और अपने बेटे के मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए छह दिन पहले घर आया था। मुंडन शुक्रवार को होना था। सोमवार शाम कमलेश अपने पट्टीदार राम सजीवन को मुंडन का निमंत्रण देने गया था। वह रात में घर वापस नहीं लौटा। मंगलवार सुबह उसका शव गांव के पास खेत में मिला।घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मीणा, सीओ अमर बहादुर, इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय और चौकी प्रभारी कुंवर मनोज सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद हैं। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड भी जांच पड़ताल में जुटी है। एसडीएम अजीत कुमार सीओ अमर बहादुर व एसएचओ वेदप्रकाश पांडेय ने परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे।परिजन आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। कमलेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। करीब एक साल पहले उसके 5 वर्षीय पुत्र शिवम का शव भी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था, लेकिन तब पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था।यह घटना दुबार कला की वैसान बस्ती के पास हुई है, जहां आईएएस पुष्पराज सिंह और एक सैन्य अधिकारी का भी घर है। गांव के लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, इस घटना से गांव में तनाव का माहौल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि युवक का शव मिला है जिसकी जांच की जा रही है मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। सीओ अमर बहादुर ने बताया कि स्वजन द्वारा युवक की हत्या का आरोप लगाया गया है जिसकी जांच कराई जा रही है पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट पता चल पाएगा। स्वजन द्वारा तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## देश के गौरव और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है तिरंगाः सपना सिंह

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी देवकली मण्डल की तिरंगा यात्रा मण्डल अध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा के संयोजकत्व मे ब्रहम स्थल देवकली परिसर से निकाली गयी जिसका नेतृत्व जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने किया। जलूस ब्लाक मुख्यालय देवकली, माऊपारा, मुस्लिमपुर, पहाड़पुर, बासूचक होते हुए धन ईपुर ग्राम मे स्थित अमर शहीद संजय यादव की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने के पश्चात समाप्त हुई। रास्ते मे बाइक सवार कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से वातावरण देशभक्ति से सराबोर रहा। यात्रा में



युवाओं की विशेष भागीदारी रही और मार्ग में लोगों ने उत्साह के साथ इसका स्वागत किया। संबोधित करती हुई जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि तिरंगा देश के गौरव पर राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। तिरंगा भारत की पहचान के साथ-साथ देश की एकता, अखंडता, स्वाभिमान और वीरता का प्रतीक है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले वीर शहीदों का त्याग सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा लोगों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराती है। मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब प्रत्येक नागरिक राष्ट्र की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखते हुए देश के विकास में अपनी भूमिका का निर्बाह करे। अमर शहीद संजय यादव की प्रतिमा पर अमर शहीद की पत्नी राधिका देवी, पुत्र गौरव यादव,भाई अजय यादव, जिला पंचायत सदस्य अभयप्रकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर पाण्डेय, नरेन्द्र कुमार मौर्य, तेरसू यादव, दीलीप गुप्ता पुनवासी राम, ललिता कुशवाहा, श्रीकांत सिंह, मुजीबरहमान, गुरूप्रसाद गुप्ता, सतेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण त्रिपाठी, राजेश जायसवाल ने माल्यापर्ण कर श्रदांसुमन अर्पित किया। मौके पर काफी संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इंजीनियरिंग की छात्रा ने प्रोफेसर पर लगाया रेप का आरोप

**मुकदमा दर्ज, आरोपी प्रोफेसर गिरफ्तार**

**प्रयागराज (समृद्धिन्यूज़)।** बीटेक की छात्रा ने प्रोफेसर पर रेप का मुकदमा शिवकुटी थाने में दर्ज कराया है। छात्रा का कहना है कि प्रोफेसर ने कमरे में पढ़ने के लिए बुलाया। पढ़ाने के दौरान प्रोफेसर ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर धमकाया अगर शोर मचाया या किसी को कुछ बताया तो फेल कर दूंगा। डिग्री रुकवा दूंगा। करियर खराब कर दूंगा। वारदात मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ( एमएलएनआईटी) की है। पीड़ित छात्रा ने बताया कि जैसे-तैसे वह अपने कमरे पहुंची। डरी-सहमी रही। अगले दिन वह शिवकुटी थाने पहुंची। पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पीड़ित छात्रा की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करके आरोपी प्रोफेसर सौगातो राय को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित का मेडिकल कराया जा रहा है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस डिजिटल सबूत और अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

**रेप का आरोपी प्रोफेसर संस्थान से निलंबितः** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रशासन ने रेप के आरोपी प्रोफेसर पर त्वरित कार्रवाई की है। आरोपी प्रोफेसर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह जानकारी संस्थान के कुलसचिव डाक्टर अंबक कुमार राय ने दी।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**परिजनों में आक्रोश, किया हंगामा**

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**



एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भगवतपुर इलाके में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर परिजनों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। हादसे से आक्रोशित परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। मौके पर पुलिस ने पहुँचकर लोगों को शांत कराया।

जानकारी के मुताबिक मृतक एक निर्माणाधीन भवन में काम कर रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने भगवतपुर मोड़ पर सड़क जाम कर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया। परिजनों ने ठेकेदार और मकान मालिक की कथित लापरवाही को हादसे का कारण बताते हुए कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने तथा मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग उठाई। सड़क पर प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट थाना पुलिस और संबंधित थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाकर शांत कराया।

# जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीण सरकारी समिति का किया औचक निरीक्षण, किसानों से की वार्ता

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद संयुक्त रूप से ग्रामीण सरकारी समिति, फिरोजपुर, मुहम्मदाबाद, जनपद गाजीपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा समिति पर संचालित उर्वरक बिक्री व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गहनता से जांच की गई। जिलाधिकारी ने समिति में उर्वरक बिक्री रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए उर्वरक के स्टॉक, बिक्री एवं वितरण से संबंधित अभिलेखों की जांच की। उन्होंने उर्वरक लेने के लिए समिति पर आए किसानों के खतौनी एवं आधार कार्ड आदि अभिलेखों का भी सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित की जाए तथा पात्र किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उर्वरक लेने आए किसानों से सीधे वार्ता की और उनसे उर्वरक की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था एवं निर्धारित मूल्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों से पूछा कि उन्हें उर्वरक निर्धारित एवं उचित मूल्य पर मिल रहा है अथवा नहीं। किसानों द्वारा उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं समिति के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि किसानों को उर्वरक निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध कराया जाए तथा उर्वरक की कालाबाजारी, ओवररेटिंग अथवा किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा एवं उनकी आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# जिलाधिकारी ने महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं मुख्य विकास जिलाधिकारी आलोक प्रसाद अध्यक्षता में विकासखंड बाराचवर में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए कार्यशाला एवं उत्पाद प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं से उनके द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों, उत्पादन की प्रक्रिया, लागत, गुणवत्ता एवं बाजार में बिक्री की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह



ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करते हुए विभिन्न विभागों से मिलने वाली सुविधाओं एवं योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि बीज, ऋण, उपकरण, प्रशिक्षण अथवा अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विभागीय स्तर पर कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं।

## चौरी चौरा में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं डायग्नोस्टिक सेंटर

**चौरी चौरा, गोरखपुर (समृद्धि न्यूज)।** नगर पंचायत चौरी चौरा में बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जा रहे डायग्नोस्टिक सेंटरों की भरमार हो गई है। इनमे भोंपा बाजार चौराहे से नई बाजार रोड पर पिछले साल से संचालित हो रहे पूजा डायग्नोस्टिक सेंटर पर तो भारी भरकम रकम लेकर धड़ल्ले से जच्चा बच्चा की जाँच की जा रही है। इस पूजा डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालक पहले देवरिया जिले के गौरी बाजार चौराहे पर एक साल पहले डायग्नोस्टिक सेंटर खोल कर जच्चा बच्चा की जाँच करते हुए पकड़ा गया था। वह सेंटर सील होने के बाद वहां से यह कार्य बंद कर वह चौरी चौरा में पुनः पूजा डायग्नोस्टिक सेंटर के नाम से जाँच केंद्र खोलकर अब वही कार्य यहां भी सुरु कर दिया है। बताया जा रहा है कि इसमें एक महिला डाक्टर जो पहले मुख्य चौराहे पर अपना क्लिनिक खोलकर उसी में जच्चा बच्चा कि जाँच करती थी। जो स्वास्थ्य विभाग गोरखपुर टीम की जाँच में पकड़ी गयी और जाँच मशीन सहित पुरा क्लिनिक स्वास्थ्य बिभाग द्वारा सीज कर दिया गया. उसके बाद महिला ने दूसरे जगह अपना क्लिनिक खोलकर पुनः अपना पुराना धंधा सुरु कर दिया है. उसके द्वारा कमीशन पर भेजे गए महिलाओ के जच्चा बच्चा की जाँच स्वास्थ्य बिभाग की कृपा से अब भोपा बाजार के नई बाजार रोड पर स्थित पूजा डायग्नोस्टिक सेंटर पर धड़ल्ले से चल रहा है। स्वाश्य विभाग मौन साधे हुए है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर ने किया जागरूक

**नशा मुक्ति, महिला सशक्तीकरण, को लेकर जागरूक किया गया**

**कुशीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर नगरपालिका परिषद कुशीनगर स्थित जीवन दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल (सिसवा - महंथ) में शिक्षकों और बच्चों को विधिक जानकारी दी गई। नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार को लेकर जागरूक किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के अध्यक्ष/ जिला जज संजीव कुमार त्यागी के आदेश से और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन के निर्देश पर



मंगलवार को पीएलवी जय प्रकाश, पीएलवी अनिल चौहान, पीएलवी दिनेश यादव द्वारा आयोजित शिविर के माध्यम में ड्रग, बाल संरक्षण, बेटी बचाओ और एसिड अटैक आदि के बारे में जानकारी दी। शिक्षा और स्वच्छता तथा बाल अपराध को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक जेपी यादव, सतेंद्र मिश्रा, गणेश सिंह आदि सहित छात्र और छात्रा मौजूद रहे।

# रात में घर में सोने गए युवक का सुबह सड़क के किनारे मिला शव

**परिजनों ने शव रख कर पांच घंटे तक कर रखा था कसया-रामकोला मार्ग जाम**

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

कसया थाना क्षेत्र के डुमरी चुरामन छपरा गांव में आज सबेरे घर के सामने सड़क के किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक बीती रात गांव के बाहर स्थित अपने मकान में सोने के लिए गया था और सबेरे शव मिला । इसकी जानकसरी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंके जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार डुमरी चुरामन छपरा निवासी कोटेदार योगेंद्र मद्धेशिया का 22 वर्षीय पुत्र मोहित मद्धेशिया बीती रात



हेतिमपुर-गोबरही मार्ग पर स्थित अपने मकान में सोने गया था। आज सुबह करीब सात बजे स्थानीय लोगों ने मकान के सामने सड़क किनारे उसका शव पड़ा देखा। सूचना पाकर परिजन और पुलिस वाले मौके पर पहुंचे । परिजनों का आरोप है कि मोहित की हत्या मकान के अंदर की गई और उसके बाद शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग की भी चर्चा है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने पहले घर के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। इसके बाद शव को गोबरही-हेतिमपुर मार्ग पर रखकर विरोध जताया। कुछ देर बाद परिजन शव लेकर घर से करीब एक किलोमीटर दूर गोबरही चौराहे पर पहुंच गए और कसया-रामकोला मार्ग को जाम कर दिये । करीब पांच घंटे तक हंगामे के कारण आवागमन प्रभावित रहा। मृतक के पिता योगेंद्र मद्धेशिया ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस को एक मोबाइल मिला है। मोबाइल के आधार पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने मांग की कि हिरासत में लिए गए दोनों लोगों को उनके सामने लाकर पूछताछ की जाए और मामले का खुलासा किया जाए। घटना की सूचना मिलते ही कसया के पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह, तहसीलदार धर्मवीर सिंह और थाने के पुलिस वाले मौके पर पहुंच गये । अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों एवं ग्रामीणों से जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे परिजनों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने करीब दोपहर 12 बजे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हत युवक मोहित चार भाइयों में सबसे छोटा था। वह धनकुटी मशीन चलाकर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। उसके तीन बड़े भाइयों का विवाह हो चुका है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

